सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 26 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 81, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1205 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। } 10

## सभी हाईस्कूल में लगेगा ब्राडबैंड इंटरनेट कनेक्शन

राज्यसभा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत के सभी हाई स्कूल में अगले 2-3 वर्ष के भीतर ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध होगा। } 10



### अष्टम-महागौरी



श्वेते वृषसमारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥

मां दुर्गा जी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनका वर्ण पूर्णतया गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से की गयी है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मिली अग्रिम जमानत

जिला संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यौन शोषण के मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को बुधवार को अग्रिम जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद की जमानत याचिका पर यह फैसला सुनाया। हालांकि अदालत ने शिकायतकर्ता और याचिकाकर्ताओं दोनों को इस संबंध में मीडिया के समक्ष कोई बयान नहीं देने का निर्देश दिया। इससे पूर्व, अदालत ने 27 फरवरी को अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी और कहा था कि नाबालिगों के कथित यौन



उत्पीड़न मामले और प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज मामले में अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अग्रिम जमानत देते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं पर कई शर्तें लगाईं जैसे कि वे साक्ष्य से छेड़छाड़ नहीं करेंगे और सुनवाई की तिथि पर संबंधित अदालत के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान को अमेरिका से मिला युद्धविराम प्रस्ताव, किया खारिज

### ट्रंप की 15 शर्तें - प्रतिबंधों में राहत, असैन्य परमाणु सहयोग, परमाणु कार्यक्रम रोका जाना, होर्मुज से पोतों का आवागमन

एजेंसी

दुबई। ईरान को युद्धविराम के संबंध में अमेरिका की ओर से पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए भेजा गया 15-सूत्री प्रस्ताव मिल गया है। पाकिस्तान के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह प्रस्ताव ऐसे समय भेजा गया जब अमेरिका ने पश्चिम एशिया में पहले से ही तैनात मरीन की एक टुकड़ी की सहायता के लिए पैराटूपर को भेजना शुरू कर दिया था।

ईरान की सेना ने अमेरिका के कूटनीतिक प्रयासों का मजाक उड़ाया और इजराइल और फारस की खाड़ी क्षेत्र में बुधवार को और हमले किए। इनमें से एक हमले के कारण कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। पाकिस्तान के अधिकारियों ने बताया कि ईरान को युद्धविराम के संबंध में अमेरिका का 15-सूत्री प्रस्ताव मिल गया है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने



इस प्रस्ताव को व्यापक रूप से, प्रतिबंधों में राहत, असैन्य परमाणु सहयोग, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोके जाने, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी द्वारा निगरानी और फारस की खाड़ी के संकरे मुहाने होर्मुज जलडमरूमध्य से पोतों के आवागमन से संबंधित बताया। इन विवरणों को सार्वजनिक करने के लिए अधिकृत नहीं होने के कारण अधिकारियों ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को यह जानकारी अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर दी। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अंतरराष्ट्रीय नौवहन को बाधित कर दिया है जिसके कारण ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा पैदा हो गया है। इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में युद्ध में जीत का दावा करते हुए कहा कि ईरान परमाणु हथियार कभी नहीं रखने पर सहमत हो गया है और उसने होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सौगात भेजी है। ट्रंप ने मंगलवार को ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि ईरान समझौता करने का इच्छुक है। राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व में पहले ही बड़े बदलाव हो चुके हैं। ट्रंप ने नए गृह मंत्री के रूप में मार्कवेन मुलिन के शपथ ग्रहण ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### यूपी : रामनवमी पर दो दिन का अवकाश

लखनऊ। रामनवमी के अवसर पर प्रदेश सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए अवकाश को एक दिन और बढ़ा दिया है। अब 26 मार्च के साथ-साथ 27 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा, लेकिन बैंक 27 मार्च को खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह फैसला प्रदेशभर के मंदिरों में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया है। लगातार दो दिन की छुट्टी से श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना और दर्शन में सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यवस्थाओं को भी बेहतर ढंग से संभाला जा सकेगा। प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर रामनवमी के दौरान हर साल बड़ी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सड़क दुर्घटना में दंपति समेत तीन लोगों की मौत

सोनभद्र। जिले में हुई सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना मंगलवार देर रात करमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिर्जापुर-रॉबर्ट्सगंज मार्ग पर केकराही गांव के पास हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि जौनपुर के निवासी जय सिंह (49) और उनकी पत्नी सरिता सिंह (48) मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। दंपति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार कर्मा के निवासी चंदू (20) ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के पास से विदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियारों और कारतूसों का जखीरा बरामद किया है जिसमें सब-मशीन गन, ऑटोमैटिक पिस्तौल और 200 कारतूस शामिल हैं।

## सुरक्षित माहौल से हुआ यूपी में विकास

### पीडीए की बात करने वालों को क्यों याद नहीं आए भरथापुर के यादव, मौर्य, कुशवाहा : योगी

एसपी मिश्रा

बहराइच/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातियों में बांटकर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली पिछली सरकारों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आज जिन परिवारों का पुनर्वास किया जा रहा है, उनमें दलित, पिछड़े, यादव, मौर्य, कुशवाहा व थारू जनजाति आदि से जुड़े लोग भी हैं। हमने उन्हें जातीय चश्मे से नहीं देखा, क्योंकि वे हमारे लिए परिवार का हिस्सा हैं। उन्हें सुरक्षा के साथ ही शासन की सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए, ताकि वे भी उज्ज्वल भविष्य के सपने बुन सकें और विकास की उड़ान का हिस्सा बन सकें।

प्रदेश में सुरक्षित माहौल से ही विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है, लेकिन जो लोग सत्ता में आने पर केवल परिवार तक सीमित रह जाते हैं, उन्हें भरथापुर के मौर्य, यादव, दलित व पिछड़ी जातियों के लोग याद नहीं आ रहे थे। इस अवसरपर कृषि मंत्री सूर्य प्रतापशाही, विधायक पयागपुर सुभाष



त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, बलहा विधायक श्रीमती सरोज सोनकर, बहराइच सदर की विधायक अनुपमा जायसवाल, नानपारा विधायक रामनिवास शर्मा, एमएलसी पद्मसेन चौधरी व श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को बहराइच जनपद की ग्राम पंचायत सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में भरथापुर गांव के 118 लाभार्थियों को 15 लाख रुपये प्रति हितग्राही की दर से पुनर्वास धनराशि एवं कृषि भूमि आदि परिसंपत्तियों के समतुल्य 21.55 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया। इसके साथ ही उन्होंने 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के ...शेष पृष्ठ 10 पर

### 26 इंजीनियरों पर कार्रवाई, 12 निलंबित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ने जल जीवन मिशन योजना के 26 इंजीनियरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। 12 को निलंबित किया गया है जबकि कई के खिलाफ विभागीय जांच, कारण बताओ नोटिस और तबादला जैसी कार्रवाई की है। प्रशासन ने चेतावनी दी कि सुधार न होने पर बर्खास्तगी भी हो सकती है, पारदर्शिता पर जोर दिया गया। प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रहे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने परियोजना के कार्यों में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पीएम मोदी ने युद्ध जल्द खत्म करने पर दिया जोर

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम एशिया में युद्ध जल्द खत्म होना चाहिए क्योंकि इससे सभी को नुकसान हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष में कथित मध्यस्थता के संदर्भ में पाकिस्तान को दलाल राष्ट्र करार दिया।



सरकार ने की सर्वदलीय बैठक

सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में कहा कि इस मामले में पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों में कुछ भी नया नहीं है क्योंकि उस देश का 1981 से अमेरिका द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है। यह जानकारी मिली है कि जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा के लिए संसद परिसर में बुलाई गई बैठक में उपस्थित नेताओं से कहा, हम दलाल राष्ट्र नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने विपक्ष के इस आरोप का खंडन किया कि भारत सरकार इस मामले पर चुप है और कहा कि हम टिप्पणी कर रहे हैं और जवाब दे रहे हैं। सरकार का पक्ष था कि जब ईरान दूतावास खोला गया, तो विदेश सचिव ने तुरंत वहां दौरा किया और शोक पुस्तिका... शेष पृष्ठ 10 पर

## धामी कैबिनेट : 15 प्रस्तावों पर मुहर

### ❍ मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पहली बैठक ❍ शीघ्र लागू करें प्राथमिकता वाली योजनाएं

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में जनहित से जुड़े 15 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की शुरूआत में हाल ही में शामिल हुए नए मंत्रियों का स्वागत करते हुए उनसे सरकार की प्राथमिकताओं को तेजी से लागू करने का आह्वान किया गया।

बैठक में सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भेजे गए संदेश को मंत्रिमंडल के समक्ष रखा गया। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने संदेश का पाठ किया, जिस पर कैबिनेट ने आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक बताया। कैबिनेट ने राज्य



में आधारभूत संरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग की एडीबी समर्थित पुल सुधार परियोजना के तहत एक करोड़ रुपये से अधिक की कंसल्टेंसी को स्वीकृति प्रदान की। इस निर्णय से राज्य में पुलों की गुणवत्ता और आवागमन की सुरक्षा में सुधार की उम्मीद है। न्यायिक अधिकारियों को राहत देते हुए वाहन खरीद के लिए 10 लाख रुपये तक का सॉफ्ट लोन उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 4 प्रतिशत और अन्य वाहनों के लिए 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर तय की गई है, जिससे पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। ऊर्जा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 31 मार्च 2025 तक लगाए गए सौर संयंत्रों को राज्य सब्सिडी देने की मंजूरी दी गई है। इससे प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ ही उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलेगी। रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देने के लिए उत्तराखंड वीर उद्यमी योजना ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पीएनजी नहीं लेने वालों की एलपीजी आपूर्ति होगी बंद

### गैस नेटवर्क के विस्तार को तेज करने व एक ही ईंधन पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से उठाया कदम

एजेंसी

नयी दिल्ली। पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध होने पर भी इसकी सेवा नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं की घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। सरकार ने आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी है।

यह कदम गैस नेटवर्क के विस्तार को तेज करने और एक ही ईंधन पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण प्रमुख स्रोतों से आपूर्ति प्रभावित होने से भारत में एलपीजी की कमी की स्थिति के बीच सरकार घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पीएनजी अधिक सुविधाजनक



विकल्प है और इसकी आपूर्ति घरेलू उत्पादन तथा विविध स्रोतों से की जाती है। पीएनजी पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस बर्नर तक लगातार पहुंचाई जाती है, जिससे सिलेंडर की बुकिंग की आवश्यकता नहीं रहती। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने प्राकृतिक गैस तथा पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन व विस्तार तथा अन्य सुविधाएं) आदेश, 2026 अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

### देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल, डीजल या रसोई गैस (एलपीजी) की कोई कमी नहीं है। सरकार ने नागरिकों से सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों पर विश्वास न करने और घबराहट में गैस बुकिंग न करने का आग्रह किया है। खाड़ी क्षेत्र के होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव के कारण रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि सभी तेल रिफाइनरी कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** केन्द्र ने आव्रजन और वीजा सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए योजना की अवधि पांच साल बढ़ायी

## संशोधित उड़ान योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के संशोधित प्रारूप को मंजूरी दे दी। अगले 10 साल के लिए 28,840 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना के तहत हवाई अड्डों के विकास, उनके रखरखाव और भारत में निर्मित विमानों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। वहीं एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं ट्रैकिंग योजना की अवधि को पांच साल के लिए बढ़ाने की बुधवार को मंजूरी दे दी।

इस योजना का उद्देश्य भारत में आव्रजन, वीजा जारी करने और विदेशियों के पंजीकरण से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ना एवं उन्हें सुव्यवस्थित करना है। वहीं एक अन्य निर्णय में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने महाराष्ट्र में हाइब्रिड एन्यूइटी मॉडल (एचएएम) के तहत संचालित सड़क परियोजनाओं में 297.97 करोड़ रुपये के अनावश्यक खर्च पर सवाल उठाए हैं। बुधवार को राज्य विधानसभा में पेश की गई कैग की रिपोर्ट में वर्ष



2018-19 से 2022-23 के बीच सड़कों के सुधार कार्य का ऑडिट किया गया है। एयरलाइन कंपनियों को इन मार्गों पर उड़ानों के परिचालन को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने (वीजीएफ) के लिए वित्त वर्ष 2026-27 से शुरू होने वाली 10 साल की अवधि में 10,043 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि संशोधित योजना के तहत राज्यों के सहयोग से मौजूदा 100 हवाई पट्टियों को हवाई अड्डों के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए अगले आठ वर्षों में 12,159 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, योजना का लक्ष्य अगले आठ वर्षों में 3,661 करोड़ रुपये की लागत से 200 आधुनिक हेलीपैड बनाना है। इनका विकास मुख्य रूप से पिछड़े जिलों में अंतिम छोर तक पहुंच और आपातकालीन सेवाओं के लिए होगा। विमानों और हेलीपोर्ट के रखरखाव के लिए तीन साल तक वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके तहत प्रति हवाई अड्डा अधिकतम 3.06 करोड़ रुपये सालाना और प्रति हेलीपोर्ट या जल विमान केंद्र के लिए 90 लाख रुपये सालाना की मदद मिलेगी। करीब 441 ऐसे केंद्रों के लिए कुल 2,577 करोड़ रुपये का प्रावधान है। दुर्गम और कठिन क्षेत्रों में छोटे विमानों और हेलिकॉप्टर की कमी को दूर करने तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विश्व के शीर्ष 50 संस्थानों में चार आईआईटी व जेएनयू

### भारत की प्रगति गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में गति को दर्शाती : टर्नर

एजेंसी

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटीएस), पिलानी विभिन्न विषयों के मामले में विश्व के शीर्ष 50 संस्थानों में शामिल हैं। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने बुधवार को यह घोषणा की।

विश्वविद्यालय रैंकिंग के लिए प्रसिद्ध लंदन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट का 16वां वार्षिक संस्करण प्रकाशित किया है। यह रैंकिंग 100 से अधिक देशों के 1900 विश्वविद्यालयों में 21000 से अधिक




शैक्षणिक कार्यक्रमों का मूल्यांकन करती है, जिसमें 55 विषय और पांच व्यापक संकाय क्षेत्र शामिल हैं। रैंकिंग के अनुसार, भारत ने विभिन्न विषयों और व्यापक संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 स्थानों में 27 स्थान हासिल किए हैं, जो 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। ये स्थान 12 संस्थानों द्वारा प्राप्त किए गए हैं। इसके मुताबिक, धनबाद स्थित भारतीय खनन विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने खनिज एवं खनन अभियांत्रिकी अध्ययन में वैश्विक स्तर पर 21वां स्थान ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पुनर्वासित परिवारों के लिए बनेगी बेहतरीन कॉलोनी, नाम होगा भरतपुर

## जो वन्य गांव बचे हैं, उन्हें राजस्व गांव में बदल शासन की सुविधाएं देंगे, 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि पट्टों का आवंटन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/बहराइच।** भरथापुर में विकट परिस्थितियों में रह रहे 136 परिवारों को 1.20 लाख रुपये प्रति परिवार की दर से मुख्यमंत्री आवास की धनराशि अंतरित की गई। चैत्र नवरात्रि में मुख्यमंत्री ने 1.63 करोड़ से अधिक की धनराशि लाभार्थियों के खाते में सीधे अंतरित की। सीएम योगी ने कहा कि आज 21.55 करोड़ से अधिक धनराशि भरथापुर के परिवारों के पुनर्वास व अन्य सुविधाओं के लिए अंतरित की जा रही है। इन परिवारों के लिए सेमरहना में ग्राम पंचायत की जमीन अधिग्रहीत की गई।

अब मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास के लिए धनराशि दे दी गई है। डीएम को आदेश दिया है कि इनके लिए बेहतरीन कॉलोनी बने। नई कॉलोनी का नाम भरतपुर रखा जाए, क्योंकि भगवान राम के जन्मदिन के एक दिन पहले यह सौगात मिल रही है। सेमरहना व भरतपुर के बीच भगवान राम व भरत जी जैसा ही स्नेह व संबंध रहना चाहिए। पुनर्वासित प्रत्येक परिवार के लिए 748 वर्ग फुट जमीन का पट्टा और मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत किया गया है। सीएम ने कहा कि इन लोगों के लिए अन्नपूर्णा भवन (राशन की दुकान), विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र भी समीप होगा। बिजली, पानी, पार्क, सीसी रोड, एलईडी स्ट्रीट लाइट भी होगी। सीसी रोड के लिए 3.88 करोड़, बिजली पोल शिफ्टिंग के लिए 57 लाख रुपये दिए जा रहे हैं। पाइप लाइन बिछाने, इंटरलॉकिंग, टाइल्स, पार्क निर्माण कार्य भी हो रहा है। 12 लाख रुपये से आंगनबाड़ी केंद्र की स्वीकृति दी गई। विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष बनाने के लिए 11.51 लाख रुपये व 12 लाख रुपये अन्नपूर्णा भवन के लिए सेमरहना ग्राम पंचायत को उपलब्ध करा दिए गए हैं। सीएम ने कहा कि डीएम की जिम्मेदारी है कि सभी कार्य समयसीमा के अंदर हों। नोडल अधिकारी नामित करें और शारदीय नवरात्रि से पहले गृह प्रवेश किया जाए। पैसे की कमी नहीं है, डबल इंजन सरकार ने सभी के हित के लिए कार्य किया है।

सीएम योगी ने कहा कि 54 ऐसे वन्य गांव थे, जो भरथापुर की तरह बदहाल थे। उनके पास भी कुछ नहीं था। बहराइच के मिहिरपुरवा के छह वन्यगांव टेडिया, ढकिया, गोकुलपुर, बिछिया, भवानीपुर, महबूबनगर को राजस्व गांव के रूप में परिवर्तित कर दिया है। गोरखपुर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी के गांवों में भी यह सुविधा बढ़ाई गई है। प्रशासन सुनिश्चित करे कि जो भी वन्य गांव बचे हैं, उन्हें राजस्व गांव में बदलकर सभी सुविधाओं का लाभ मिले।

**बहराइच से लखनऊ की सड़क होने जा रही फोरलेन :** सीएम योगी ने कहा कि बहराइच की दूरी को नजदीक कर दिया गया है। 12 साल पहले एक बार बहराइच आया था, तब लखनऊ से यहां आने में दो घंटे लगे थे। अब टू लेन की कनेक्टिविटी है तो सवा घंटे लगते हैं। बहराइच से बाराबंकी व लखनऊ की सड़क फोरलेन होने जा रही है। सड़क बनने पर महज 45 मिनट से एक घंटे में यात्रा पूरी कर सकेंगे।

**पूरी हुई मन की मुराद, मुख्यमंत्री के हाथों मिला सुविधाओं का लाभ :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लाभार्थियों को विभिन्न सुविधाओं से युक्त स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इसके अलावा सीएम ने लाभार्थियों को हितग्राही धनराशि, परिसंपत्तियों, मुआवजा, शौचालय, मुख्यमंत्री आवास राशि समेत अनेक सुविधाओं का लाभ और उपहार भी प्रदान किए। इसके तहत संगीता को 16.98 लाख, आरती को 19.60 लाख, निर्मला देवी को 30.99 लाख, रानी देवी को 18.91 लाख, रेखा देवी को 21.73 लाख, किशोरी देवी को 37.44 लाख, अन्ना देवी को 26.49 लाख, सुनीता देवी को 18.53 लाख, प्रेमा देवी को 30.56 लाख, मंजू देवी को 26.84 लाख से अधिक की राशि का संस्तुति पत्र समेत अनेक सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद भरथापुर निवासी मुन्ना लाल मौर्य ने सीएम योगी का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारा गांव तीन तरफ से नदियों व एक तरफ जंगल से घिरा हुआ है। वहां कोई सुविधा नहीं है।

तहसील जाने के लिए नाव से नदी पारकर जाते हैं और इसके लिए कुल 60 किमी. की दूरी तय करनी होती है। हमारे गांव में शौचालय, विद्यालय, शिक्षा-स्वास्थ्य आदि की सुविधाएं नहीं थीं। मुख्यमंत्री जी आज हमारी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, इसके लिए उनका हृदय से आभार। गांव में जो जमीन थी, वह नदी के कटान से चली गई। हम भूमि विहीन हैं। रोजगार भी नहीं है। 29 अक्टूबर को नाव हादसे में हमारे गांव के 9 लोगों की मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री जी ने इसका तुरंत संज्ञान लिया। गांव का भ्रमण कर पीड़ित परिवारों से मिले और ढांढस बंधाया। उन्होंने जिलाधिकारी से सेमरहना में जगह निश्चित करने और हम लोगों को बसाने, शिक्षा, रोजगार के लिए कहा। यह भी निर्देश दिया कि सभी आराम से रहें और बच्चे पढ़ें।

# एमपीआईटी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन 15 अप्रैल को, आयेंगे टाटा संस के अध्यक्ष

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि गोरखपुर में एक सेंटर आफ एक्सीलेंस टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर प्रारंभ किया जा रहा है। महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) उसको आगे बढ़ा रहा है। इसमें एआई लैब, ड्रोन, साइबर क्राइम, स्पेस टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, थ्रीडी प्रिंटिंग से जुड़ी हुई वर्ल्ड क्लास लैब बन चुकी है। यह सेंटर आफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों की स्केलिंग का एक बेहतरीन केंद्र बनेगा। सेंटर आफ एक्सीलेंस का उद्घाटन 15 अप्रैल को प्रस्तावित किया गया है। उद्घाटन अवसर पर टाटा संस के अध्यक्ष को बुलाया गया है। यहां के युवाओं के साथ उनके संवाद का कार्यक्रम भी रखा जा रहा है। यहां के नौजवानों की प्रतिभा को देखने का अवसर भारत के सबसे प्रतिष्ठित औद्योगिक समूह को गोरखपुर के अंदर देखने को प्राप्त होगा।

एमएमएमयूटी में साइबर फोरेंसिक रिसर्च लैब का उद्घाटन करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लैब का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं, सुविधाओं और जांच व अनुसंधान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी भी ली। पॉवरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से एमएमएमयूटी परिसर में निर्मित होने वाले गर्ल्स हॉस्टल के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए निर्माण की पहली व पूजित ईंट नींव में रखी। पूजन के उपरांत उन्होंने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीएम योगी ने बनने वाले हॉस्टल के ड्राइंग मैप का अवलोकन कर इसमें उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्थाओं और सुविधाओं की भी जानकारी ली। मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एमएमएमयूटी परिसर में छात्रों की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। स्टालों पर जाकर उन्होंने छात्रों की तरफ से बनाए गए मॉडलों और उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में शिक्षक प्रो. राजेश कुमार यादव, डॉ. अजय कुमार बरनवाल, डॉ. धीरेंद्र सिंह, शोध छात्रा कंचन शर्मा और स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र राज्यवर्धन राठौर। सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि माफियाराज और पिछड़ेपन के चलते यूपी को बदलना असंभव लगता था, लेकिन सीएम योगी ने असंभव को संभव कर दिखाया। उन्होंने यूपी की शिक्षा और अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है। वह निस्वार्थ संत हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य है और सीएम योगी इस पर खास जोर देते हैं।

# मुख्यमंत्री ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन



विशेष संवाददाता (vol)

- मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा श्रद्धालुओं का किया अभिवादन
- गोरक्षपीठाधीश्वर मार्च में दूसरी बार पहुंचे मां पाटेश्वरी मंदिर

**लखनऊ/बलरामपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्रि में बुधवार को तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया।

सीएम योगी बुधवार को बहराइच में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत बलरामपुर पहुंचे। यहां दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने गोरखपुर के लिए प्रस्थान किया। सीएम ने मंदिर में आये श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। सीएम ने रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का भी निर्देश दिया। गौरतलब है कि इसके पूर्व मुख्यमंत्री 11 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे थे। उन्होंने 12 मार्च की सुबह मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन किया था। बुधवार को दर्शन-पूजन के दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

# जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारियां अंतिम चरण में

## सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग और निगरानी व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

विशेष संवाददाता (vol)



- 28 मार्च को पीएम मोदी करेंगे जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण

**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 28 मार्च को होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पीएम मोदी द्वारा सम्पन्न होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से व्यवस्था को अमली जामा पहनने में जुट गया है। सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों पर तेजी से काम पूरा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रिय भूमिका और लगातार प्रयासों से यह महत्वाकांक्षी परियोजना मूर्त रूप लेने जा रही है। सीएम योगी के विजन के चलते यह प्रोजेक्ट प्रदेश के विकास का बड़ा प्रतीक बनकर उभर रहा है।

जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में की गई समीक्षा के बाद सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, मार्ग संचालन, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, पेयजल, बैरिकेडिंग, साइनेज और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम सहित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग और आगमन-प्रस्थान मार्गों को पूरी तरह व्यवस्थित किया जा चुका है, वहीं ट्रैफिक सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाई गई है और कंट्रोल रूम से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। वीवीआईपी, जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, अधिकारियों और आमजन की संभावित बड़ी संख्या को देखते हुए साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। प्रदेश सरकार के इस प्रोजेक्ट को निवेश, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देगा। प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी के साथ यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यह ऐतिहासिक लोकार्पण कार्यक्रम पूरी तरह सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं पल-पल का अपडेट ले रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एयरपोर्ट का निरीक्षण कर सभी तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी प्रदान किए।

# बायोगैस प्लांट स्थापित कर तैयार की जायेगी बायो सीएनजी

- 'पंचगव्य' से यूपी में खड़ा होगा विशाल ऑर्गेनिक बाजार
- आईआईटी के छात्र की हाईटेक टेक्नोलॉजी का होगा गोशालाओं में इस्तेमाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जल्द ही देश का बड़ा आधुनिक 'टेक्नोलॉजी बेस्ड गोसंरक्षण मॉडल स्टेट' बनकर उभरने वाला है। प्रदेश की गोशालाओं को अब सिर्फ पशुओं के आश्रय तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार का बड़ा केंद्र बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गो सेवा आयोग ने 'पंचगव्य वैल्यू चेन' (गोमूत्र, गोबर, दूध, दही और घी) पर काम करते हुए 100 से ज्यादा उत्पाद तैयार कर एक विशाल ऑर्गेनिक मार्केट तैयार करने का खाका खींच लिया है। इसमें आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर और आईआईटी खड़गपुर पासआउट छात्र की हाईटेक टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसी से बायोगैस प्लांट स्थापित कर बायो-सीएनजी तैयार की जाएगी। योगी सरकार के इस बड़े कदम का लाभ प्रदेश के छोटे पशुपालकों को भी होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोसंरक्षण के विजन को जमीन पर उतारने के लिए देश के शीर्ष आईआईटी संस्थानों के विशेषज्ञ भी सहयोग कर रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना का पहला प्रयोग जालौन जिले की गोशालाओं से शुरू किया जा रहा है। यहां बायोगैस प्लांट स्थापित कर जैविक खाद, बायो-सीएनजी और अन्य पंचगव्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। जालौन का यह पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर इस हाईटेक मॉडल को पूरे प्रदेश की गोशालाओं में लागू किया जाएगा। गोशालाओं को पूरी तरह स्वावलंबी और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने के लिए आईआईटी दिल्ली के प्रो. वीके विजय विशेष सहयोग कर रहे हैं।

# 297 विकास कार्यों से बदला सरोजनीनगर का स्वरूप

विशेष संवाददाता (vol)



- विकास की नई पहचान, आधुनिक, हरित और आत्मनिर्भर बनता सरोजनीनगर

**लखनऊ।** विकसित सरोजनीनगर अभियान के अंतर्गत एलडीए की ओर से आयोजित संवाद, शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह में सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। विगत 4 वर्षों में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्यों ने नई दिशा और गति प्रदान की है। कुल 297 विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाते हुए 124 कार्यों का लोकार्पण एवं 171 कार्यों का शिलान्यास किया गया है। इन परियोजनाओं पर कुल 1991.11 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं, जो सरोजनीनगर को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं आत्मनिर्भर मॉडल क्षेत्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

प्रमुख रूप से 6.44 करोड़ से 143 ओपन एयर जिम, 28 झूले, 1631 करोड़ से प्रधानमंत्री आवास परिसर में कार्य, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, सिंचाई व अन्य कार्य, झील विकास, विद्युतीकरण, पर्यटन, कम्युनिटी सोलर पार्क (नेट-जीरो), सौंदर्यीकरण, 0.15 करोड़, सड़कें, नाले, ग्रीन बेल्ट, सामुदायिक केंद्र, विद्यालय कायाकल्प, पार्क, फ्लावर वैली, फूड कोर्ट, योगा शेड, सीवेज/जॉगिंग टैंक, वाटर हार्वेस्टिंग, एआई चार्जिंग स्टेशन, आवासीय योजनाएं शामिल हैं। इन सभी कार्यों के माध्यम से सरोजनीनगर में मजबूत आधारभूत संरचना के साथ-साथ हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और स्मार्ट सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है। सोलर पार्क, ईवी चार्जिंग स्टेशन और ग्रीन बेल्ट जैसी पहलें क्षेत्र को भविष्य के अनुरूप विकसित कर रही हैं, वहीं सड़क, नाले, पार्क और सामुदायिक केंद्र जैसी परियोजनाएं जनजीवन को सुगम और सुविधाजनक बना रही हैं। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, सरोजनीनगर का विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का एक सतत प्रयास है। हमारा लक्ष्य इसे एक आदर्श मॉडल क्षेत्र के रूप में स्थापित करना है, जहां आधुनिक सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और मजबूत आधारभूत संरचना का संतुलित विकास हो। उन्होंने कहा जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है, और उसी विश्वास के साथ सेवा, संवाद और समाधान की यह विकास यात्रा निरंतर जारी रहेगी। कहा कि सरोजनीनगर का यह विकास लखनऊ को नए उत्तर प्रदेश के एक सशक्त विकास मॉडल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# अखिलेश ने फूलन की बहन रुक्मणी को बनाया महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को मिजार्पुर से दो बार की सांसद रहीं स्व. फूलन देवी की बहन रुक्मणी देवी निषाद को पार्टी की महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। रुक्मणी देवी फूलन देवी की बड़ी बहन हैं और उनके संघर्ष के दिनों में उनकी अहम साथी रही हैं।

अखिलेश यादव के इस कदम को विधानसभा चुनाव-2027 के मद्देनजर निषाद समाज के साथ ही अन्य पिछड़ी जातियों को पाले में लाने का बड़ा सियासी दांव माना जा रहा है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने रुक्मणी देवी निषाद को महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सहमति से महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा है।

रुक्मणी देवी छह अक्तूबर 2019 को सपा में शामिल हुई थीं। सपा में आने से पहले वह प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की नेता थीं। उन्होंने अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी ज्वाइन की थी और इसे अपनी घर वापसी करार दिया था। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्हें प्रदेश सचिव बनाया गया था। डिंपल यादव के लिए किया था प्रचाररुक्मणी देवी ने वर्ष 2022 के चुनाव के दौरान पूर्वांचल और बुंदेलखंड के निषाद बहुल इलाकों में प्रचार किया था। साथ ही मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर वर्ष 2022 में हुए उपचुनाव में भी रुक्मणी ने डिंपल यादव के पक्ष में प्रचार किया था। उन्हें खासतौर पर निषाद व अन्य पिछड़ी जातियों के वोटों को पाले में लाने के लिए प्रचार में लगाया गया था। रुक्मणी देवी निषाद अपना चुनावी भाग्य भी आजमा चुकी हैं। उन्होंने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर सीट से प्रगतिशील निषाद समाज पार्टी से चुनाव लड़ा था लेकिन वह जीत नहीं सकी थीं। इसके पहले उन्होंने विधानसभा चुनाव 2012 में अपनी पार्टी के प्रत्याशी के लिए कालपी सीट पर प्रचार किया था।

# उत्तर प्रदेश इस साल पौधरोपण में फिर रचेगा इतिहास

**लखनऊ।** योगी सरकार के प्रयास से 9 वर्ष में 242 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। उत्तर प्रदेश 2026 में फिर नया इतिहास रचेगा। राज्य को हरित प्रदेश बनाने वाले योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 9 वर्ष में 242.13 करोड़ से अधिक पौधे रोपे गए, जबकि इसके पहले 2008 से 2016 तक (9 वर्ष में) महज 65.27 करोड़ पौधरोपण ही किया जा सका। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वन विभाग इस वषार्काल (2026) में भी 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाएगा। इस तरह उत्तर प्रदेश 2026 तक 277 करोड़ से अधिक पौधरोपण करने वाला प्रदेश बन जाएगा। हरीतिमा वृद्धि के प्रयासों से उत्तर प्रदेश का वनाच्छादन भी 559.19 वर्ग किमी. बढ़ा है। 2025 में एक दिन (9 जुलाई) में 37.21 करोड़ पौधे लगाने वाले उत्तर प्रदेश ने 2026 पौधरोपण महाभियान को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। हाल में वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधरोपण कार्यक्रम' में मात्र एक घंटे में काशीवासियों ने 2,51,446 पौधे रोपे थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषिनाथ ने इसका प्रमाणपत्र भी सौंपा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन 5 जून को है। इसी दिन पर्यावरण दिवस भी मनाया जाता है। मुख्यमंत्री अपने जन्मदिन की शुरूआत पौधरोपण से करते हैं। इसके बाद वषार्काल में करोड़ों पौधरोपण करने के साथ ही योगी आदित्यनाथ इसे जनांदोलन बनाते हैं। भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के मुताबिक उत्तर प्रदेश का वनाच्छादन भी 559.19 वर्ग किमी. बढ़ा है। योगी सरकार ने 1 से 7 जुलाई 2025 के बीच जन्मे 18,348 बच्चों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट दिया है।

# 9 वर्षों में यूपी बना सुशासन, सुरक्षा और विकास का मॉडल : मंत्री योगेंद्र उपाध्याय

## कानून व्यवस्था से लेकर शिक्षा और निवेश तक हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री कानपुर नगर योगेंद्र उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट, कानपुर नगर के नवीन सभागार में ह्यउत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में सुशासन, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास का नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह कालखंड प्रदेश के लिए उत्कर्ष के वर्ष सिद्ध हुआ है, जिसमें गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आया है। मंत्री उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश में लागू शून्य सहनशीलता नीति के परिणामस्वरूप कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। वर्ष 2017 की तुलना में डकैती, लूट, हत्या एवं अपहरण जैसे अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। संगठित अपराध और माफिया तंत्र पर कठोर कार्रवाई करते हुए अवैध संपत्तियों की जब्ती और अपराधियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की गई है, जिससे प्रदेश में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग व्यवस्था को तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया गया है। साइबर अपराध थानों की स्थापना, विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं का विस्तार तथा बड़े पैमाने पर पुलिस भर्ती से व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाया गया है। महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति, हेल्पलाइन सेवाएं एवं महिला बीट पुलिसिंग जैसे कदमों से महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिला है। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्र बन चुका है। प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, हवाई अड्डों का विस्तार, रक्षा औद्योगिक गलियारा एवं डिजिटल कनेक्टिविटी ने प्रदेश को निवेश और औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बना दिया है।

कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान सुनिश्चित किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से करोड़ों किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। कानपुर नगर के विकास पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक जनपद में लगभग 1503.89 करोड़ रुपये की लागत से 252 विकास परियोजनाएं पूर्ण की गई हैं। आवास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में आवास निर्मित किए गए हैं, जबकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता को नई दिशा दी गई है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाखों लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की गई है। जनधन, उज्ज्वला एवं स्वनिधि जैसी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन को मजबूत किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

# भाजपा लोकतंत्र विरोधी है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकतंत्र विरोधी है। नकारात्मक सोच की पार्टी है। सत्ता का दुरूपयोग करती है। विपक्ष के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार करती है। भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी कार्यकताओं पर फर्जी और झूठे मुकदमे लगाती है। धमकी और अवैध कार्रवाई करती है। अखिलेश यादव बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आये कार्यकताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे 2027 का विधानसभा चुनाव निकट आता जा रहा है, वैसे-वैसे भाजपा नेतृत्व बौखला रहा है। विपक्ष को बदनाम कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रयोग खेती, किसानी और अन्य सकारात्मक कार्यों के लिए करना चाहिए था लेकिन भाजपा इसका प्रयोग विपक्ष के खिलाफ करती है। भाजपा सरकार के पास विकास का कोई रोड मैप नहीं है। नौजवानों के लिए नौकरी नहीं है। मंहगाई बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार झूठे प्रचार और दिखावे के लिए नकली एमओयू करती है। इस सरकार ने जितने एमओयू किए हैं, उसमें ज्यादातर फर्जी हैं। एआई की एक कम्पनी 2025 में बनी, उसकी वेबसाइट 2025 की है, 2026 में उससे 25 हजार करोड़ का एमओयू हो गया। इसके डायरेक्टर्स की कोई वैल्यू नहीं है, कोई वेल्थ नहीं है। कहां से आकर इतना बड़ा एमओयू कर लिया। श्री यादव ने कहा कि यूपी में इसके पहले भी ऐसे कई एमओयू पकड़े गये थे, जिन कम्पनियों के पास कुछ भी नहीं था लेकिन उन्होंने हजारों करोड़ का एमओयू कर लिया। मुख्यमंत्री और भाजपाई निवेश का हवा-हवाई दावा करते हैं। जमीन पर कोई निवेश नहीं दिख रहा है। कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। बिना कमीशन के कोई काम नहीं हो रहा है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की छवि को धूमिल कर दिया है। इस सरकार में हुए भ्रष्टकांडो के उजागर होने से अच्छे-सच्चे और ईमानदार निवेशक हतोत्साहित भी होते हैं और प्रदेश में निवेश करने से विमुख होते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया है।

संक्षेप

## शार्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी राख



प्रतापगढ़। शार्टसर्किट से लगी आग से गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे नेवली रेहुआ गांव निवासी शिवराम सिंह के घर में बुधवार की भोर में करीब चार बजे शार्टसर्किट से आग लग गयी। घटना के समय परिवार के सदस्य सो रहे थे। अचानक ग्रामीणों का शोरगुल सुनकर परिवार के सदस्यों की नींद टूटी तो घर में आग लगी देख अवाक रह गये। लोगों ने बाहर भागकर जान बचाई। आग की लपटों को देख ग्रामीण वहां पहुंचे और आग बुझाने मे जुट गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पीड़ित के गृहस्थी के सामान व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गये थे। वहीं आगजनी से घर की दीवारे भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

## जमीन विवाद में हुई मारपीट में तीन पर एससीएसटी का केस

**प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद में हुई मारपीट व गालीगलौज व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय रायजू गांव निवासी कल्लू कोरी पुत्र दुखी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्कीस मार्च को दोपहर करीब दो बजे वह अपनी जमीन पर बाउण्ड्रीवाल बना रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के तौफीक अहमद, तौहीद पुत्रगण शफीक अहमद तथा अतीक अहमद पुत्र शफीक एकराय होकर वहां पहुंचे और निर्माण कार्य करने से मना करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देते हुए मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रंजिश में हुई मारपीट, छः पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट गालीगलौज व धमकी की घटना में पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के लच्छी का पुरवा डांडी गांव निवासी विक्रम प्रताप सरोज पुत्र बृजलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस मार्च की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के विशाल, मोनू पुत्रगण रामसेवक तथा रामपियारी पत्नी रामसेवक, माला देवी समेत आधा दर्जन लोग उसके दरवाजे पर पहुंचे और हमलावर हो उठे। आरोपियों ने पीडित व उसकी मां सीमा सरोज को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ वैकुण्ठनाथ पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## शिव महापुराण कथा श्रवण से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार



प्रतापगढ़। नगर के घुइसरनाथ मार्ग पर स्थित राधामोहन मंदिर परिसर में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में कथाव्यास स्वामी सम्पूणानंद महराज ने भगवान शिव की महिमा का बखान किया। कथा व्यास ने माता सती व प्रजापति दक्ष कथा प्रसंग में कहा कि बिना बुलाए यज्ञ में शामिल होने और पिता दक्ष द्वारा भगवान शिव को अपमानित करने का परिणाम यह हुआ कि माता सती ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उन्होने कहा कि यह कथा हमें ये बताती है कि अपने जीवन साथी व गुरू के प्रति विश्वास व श्रद्धाभाव होना चाहिए। कथाव्यास स्वामी सम्पूणानंद ने कहा कि शिवमहापुराण की कथा सच्चे मन से श्रवण करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होने बताया कि भगवान की कथाएं मनुष्य को सदाचार व धर्म मार्ग पर चलने को प्रेरित करती हैं। मुख्य आयोजक रामलखन जायसवाल व मीरा जायसवाल ने व्यासपीठ का रोली चंदन अक्षत से पूजन किया।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार

एस.पी.सिंह परिहार



श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में अपराध के खिलाफ जारी सख्त अभियान के बीच पुलिस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अपराध चाहे कितना भी शातिर तरीके से क्यों न किया जाए, कानून की पकड़ से बचना नामुमकिन है। अपराधियों का असली घर जेल है –यह महज एक कहावत नहीं, बल्कि श्रावस्ती पुलिस की कार्यशैली का सजीव उदाहरण बनता जा रहा है। एक तरफ अपराध की दुनिया में सक्रिय वे लोग हैं, जो न जाने किस मानसिकता से इज्जत की रोटी खाना पसंद नहीं हैं, तो दूसरी ओर श्रावस्ती पुलिस है, जो चूहे-बिल्ली के इस खेल में हर बार बाजी अपने नाम कर रही है।

खासकर जब कमान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी जैसे सख्त, रणनीतिक और कर्मठ अधिकारी के हाथों में हो, तो परिणाम तय हो जाता है। उनके नेतृत्व में कार्य कर रही पुलिस टीम–चाहे अधिकारी हों, निरीक्षक हों या सिपाही–हर स्तर पर साहस, सूझबूझ और दृढ़ता का परिचय दे रही है।

इसी क्रम में थाना नवीन मॉडर्न क्षेत्र के खरगौरा गणेश गांव में 22 मार्च 2026 को हुई महिला लूट की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया। इस घटना में तीन शातिर अंतरजनपदीय अपराधियों ने एक अकेली महिला को निशाना बनाते हुए उसके सिर पर लकड़ी के डंडे से हमला किया और उसे घायल कर उसके कान की बाली तथा नाक की नथ लूट ली थी। जिले के एसपी राहुल भाटी ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि घटना के बाद क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कप्तान राहुल भाटी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सख्त निर्देश दिए। उनके निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज के नेतृत्व में थाना नवीन मॉडर्न पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को सक्रिय किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र का सहारा लेते हुए तेजी से कार्रवाई शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 24 मार्च 2026 को पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जब मुखबिर की सूचना पर परशुरामपुर मोड़ (कटरा वीरपुर मार्ग) के पास घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही दो आरोपी भागने लगे और स्थिति मुठभेड़ में बदल गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में दोनों आरोपियों के दाहिने पैर में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए और मौके पर ही गिरफ्तार कर लिए गए। तीसरे आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम की सतर्कता के चलते उसे भी घेराबंदी कर दबोच लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रिजवान पुत्र समीउल्लाह, राहुल पुत्र मालिकराम और विशाल सोनी पुत्र रघुवर सोनी के रूप में हुई है, जो जनपद बलरामपुर के निवासी हैं। मुठभेड़ के दौरान घायल आरोपियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। इस दौरान पुलिस टीम के आरक्षी कृष्ण मोहन चौहान भी घायल हुए, जिनका उपचार जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए जेवरात, नकद रुपये और अन्य सामान बरामद किया है। बरामदगी में सोने-चांदी के आभूषण (कान की बाली और नाक की नथ), 2000 रुपये नकद, दो देसी तमंचे 315 बोर, कारतूस, तीन मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा, एक मोटरसाइकिल और एक बैटरी ई-रिक्शा शामिल हैं। यह बरामदगी पुलिस की सटीक रणनीति और तेज कार्रवाई का परिणाम है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे सुनसान क्षेत्रों में ई-रिक्शा से घूमकर अकेली महिलाओं को निशाना बनाते थे। मौका मिलते ही वे अचानक हमला कर उन्हें असहाय बना देते और उनके आभूषण लूटकर फरार हो जाते थे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस तरह की कई घटनाओं को वे पहले भी अंजाम दे चुके हैं। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी रिजवान के खिलाफ हत्या और लूट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अन्य आरोपियों का भी आपराधिक इतिहास रहा है। यह गिरोह संगठित रूप से अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना नवीन मॉडर्न में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे ऑपरेशन में थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम का समन्वय और कप्तान राहुल भाटी की रणनीतिक नेतृत्व क्षमता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह संदेश दे दिया है कि श्रावस्ती में अपराध करने वालों की खैर नहीं कानून का शिकंजा कस चुका है–अब अपराधियों का अंजाम सिर्फ जेल की सलाखें हैं।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक



प्रतापगढ़। मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने परिषदीय विद्यालय की छात्राओं को महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। कंपोजिट विद्यालय पूरे रामचंद्र की शिक्षिका रेनू सिंह की अगुवाई में विद्यालय की छात्राएं संध्या पटेल आरती सरोज, मानसी सरोज, आराध्या, प्रीति, स्वाती, इच्छा, पल्लवी, महक, स्नेहा, इन्दु, नंदिनी आदि बुधवार की सुबह मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत लालगंज कोतवाली पहुंची। यहां प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार व महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को कोतवाली का भ्रमण कराकर कानून व्यवस्था से जुड़ी जानकारियां साझा की। वहीं पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, स्वास्थ्य सेवा 102/108 आदि के बारे में जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति भी जागरूक किया। प्रधानाध्यापक निसार अहमद ने बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान करने को लेकर प्रभारी निरीक्षक का आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक देव प्रताप मिश्र, अनुराग त्रिपाठी समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## नियमों पर मतभेद के चलते हंगामेदार बैठक में चुनाव समिति ने दिया सामूहिक त्याग पत्र

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर नियमो पर मतभेद के चलते बुधवार को हंगामेदार बैठक में चुनाव समिति ने सदन को अपना सामूहिक त्याग पत्र सौंप दिया। संघ की अगले सप्ताह सोमवार को होने वाली आम सभा में नई चुनाव समिति के गठन व चुनाव कार्यक्रमों पर निर्णय का ऐलान भी हुआ है। एल्डर कमेटी द्वारा बुलाई गई आम सभा में चुनाव प्रक्रिया में विभिन्न पदों पर बनाए गए नियमो को लेकर आपसी मतभेद खुलकर सामने दिखा। संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश ने एल्डर कमेटी द्वारा बिना कार्यकारिणी व आमसभा को विश्वास मे लिए कार्यक्रमों की घोषणा का आरोप लगाया। इस पर पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह की अध्यक्षता में एल्डर कमेटी द्वारा गठित चुनाव समिति के पदाधिकारियों ने आमसदन को अपना सामूहिक त्याग पत्र सौंप दिया। आम सभा में यह निर्णय लिया गया कि अगले सप्ताह सोमवार को सर्वसम्मत से चुनाव समिति का गठन किया जाएगा। इसके चलते संघ के वर्तमान चुनाव कार्यक्रमों पर भी रोक लग गयी। बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। आमसभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, कालिका प्रसाद पाण्डेय, रामलगन यादव, शिवाकांत उपाध्याय, राव वीरेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, विकास मिश्र, अनूप पाण्डेय, बाबा नरेन्द्र ओझा, नीरज सिंह, सिंटू मिश्र, पंकज मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, केके शुक्ला ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर अपने अपने विचार रखे।

## नव निर्माण के 9 वर्ष कार्यक्रम संपन्न



बांसी सिद्धार्थनगर। प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ह्नव निर्माण के 9 वर्ष विषयक कार्यक्रम का आयोजन रानी लक्ष्मी विवाह वाटिका, बांसी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बांसी जय प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता में जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले 9 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए कई योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गई हैं, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है और उत्तर प्रदेश निवेश व रोजगार का केंद्र बन रहा है। जनपद में मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय और पासपोर्ट कार्यालय जैसी सुविधाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वयं सहायता समूह, वृद्धापेंशन, आयुष्मान योजना, पीएम सूर्यघर योजना और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र व स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को बैग वितरित किए गए तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी जनप्रतिनिधियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण बैठक में सहयोग पर जोर

**श्रावस्ती।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें, ताकि जिले में त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। साथ ही उन्होंने राजनीतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंट को भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश देने को कहा।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेशों का पालन करते हुए हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना बेहद जरूरी है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव, भाजपा के अरुण पाण्डेय, बसपा के दिनेश गौतम, कांग्रेस के यशोदानन्दन शर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चरण आर्य सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण भी किया। उन्होंने वहां रखी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था लगातार मजबूत रखी जाए और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही डीवीआर की नियमित रिकॉर्डिंग और संचालन भी ठीक से होता रहे, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इस प्रकार बैठक और निरीक्षण के माध्यम से प्रशासन ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## गोवध निवारण अधिनियम में आरोपी को 5 साल की सजा

सिद्धार्थनगर- गोवध निवारण अधिनियम के तहत एक आरोपी को अदालत ने दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 3,02,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद रफी की अदालत ने असगर उर्फ किनकिन पुत्र कतीबन बंजारा, निवासी गोपीजोत थाना मोहाना को दोषी पाया। मामला थाना चिल्हिया क्षेत्र से जुड़ा है, जिसमें पुलिस की प्रभावी विवेचना और न्यायालय में सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इन्हीं के आधार पर अदालत ने आरोपी को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से चन्द्र प्रकाश पाण्डेय ने मजबूती से पैरवी की, जबकि न्यायालय पैरोकार आरक्षी अंकित ने भी सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अदालत के इस फैसले को गंभीर अपराधों में सख्ती से कार्रवाई का संकेत माना जा रहा है।

## नव निर्माण कार्यक्रम में लाभ वितरण




श्रावस्ती। नव निर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित मेले के आठवें दिन विभिन्न कार्यक्रम हुए। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 35 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 35 लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित की गई। कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अधिकारियों व आमजन ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव सहित अन्य अधिकारी व नागरिक उपस्थित रहे।

# शहर में पेट्रोल-डीजल का संकट

## जिलापूर्ति अधिकारी बोले, पेट्रोल डीजल की कमी नहीं




**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। जहां एक तरफ सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सिद्धार्थ नगर व बढ़नी 730 राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अंसारी पेट्रोल पंप, अग्रवाल पेट्रोल पंप व शोहरतगढ खुनुवा बाईपास मार्ग पर स्थित श्रीराम फीलिंग पेट्रोल पर महादेव चौराहा पर पेट्रोल और डीजल उपलब्ध नहीं हैह्व के बोर्ड साफ तौर पर टंगे हुए दिखाई दे रहे हैं। यह नजारा सरकार के दावों पर सीधे सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें रोजमर्रा के कामों के लिए भी ईंधन के लिए भटकना पड़ रहा है।किसानों, व्यापारियों और आम यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। यह स्थिति केवल असुविधा नहीं, बल्कि एक गंभीर प्रशासनिक विफलता की ओर इशारा करती है। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह संकट और गहरा सकता है और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर भी असर डाल सकता है।अब बड़ा सवाल यह है जब सरकार व प्रशासन कह रही है कि कमी नहीं है तो फिर जमीनी स्तर पर यह संकट क्यों? क्या आपूर्ति में गड़बड़ी है या कहीं और कोई बड़ी लापरवाही छिपी हुई है?

प्रशासन को चाहिए कि वह तुरंत इस मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाए और आम जनता को राहत दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए। इस संबंध में जिलापूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पेट्रोल डीजल की कमी नहीं होने पाएगी रात-विरात पेट्रोल पंप पर तेल उपलब्ध करा दिया जाएगा

## मोदी सरकार की विदेश नीति में भटकाव से देश की छवि हो रही धूमिल : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर देश की स्थापित परम्परागत विदेश नीति पर लगातार कुठाराघात को लेकर तीखा हमला किया है। उन्होने कहा कि दबाव महसूस कर रहे प्रधानमंत्री भारत की परम्परागत विदेश नीति की जगह भाजपा व खुद की विदेश नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होने कहा कि इससे वैश्विक क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि संसद में पश्चिम एशिया के हालात पर प्रधानमंत्री का दिया गया वक्तव्य पूरी तरीके से देश की दृढ़ विदेश नीति को लेकर निराशाजनक रहा। उन्होने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व को मार दिया गया पर प्रधानमंत्री संवेदना का एक शब्द नही बोल सके। उन्होने कहा कि अमेरिका की इस कार्रवाई की निंदा भी पीएम नही कर सके। उन्होने कहा कि इजराइल लेबनान को तबाह कर रहा है। वहां वह खुलेआम नरसंहार कर रहा है। इस मुददे पर भी पीएम की खामोशी हैरान करने वाली है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ईरान ने भी कई अन्य देशों पर मिसाइल से हमले किये। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री इन हमलों पर भी न जाने क्यूं प्रतिक्रिया नही दे सके। उन्होने कहा कि पं0 नेहरू और इन्दिरा गांधी तथा अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत की विदेश नीति को दृढ़ता से आगे बढ़ाया। सांसद प्रमोद तिवारी ने पीएम को लेकर सवाल दागा कि वह आखिर किस डर व भय से देश की निष्पक्ष भूमिका को लेकर अपनी आवाज नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होने प्रधानमंत्री के द्वारा इजराइल को फादरलैण्ड बताने को भारत माता का अपमान भी करार दिया। उन्होने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि पीएम की कमजोरी से साबित हो रहा है कि वह समझौतावादी प्रधानमंत्री बन गये हैं। उन्होने कहा कि सरकार संसद सत्र में पश्चिम एशिया संकट पर विपक्ष को चर्चा नही करने दे रही है। उन्होने कहा कि विपक्ष और कांग्रेस देशहित पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है।

## चौधरी राम बिहारी कॉलेज में भाजपा नेता स्वागत समारोह




श्रावस्ती। कटरा स्थित चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सुनील कुमार चौधरी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि शासन के नियमों का पालन करते हुए यह कदम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी समाज और धर्म के लोगों को जोड़ना जरूरी है। वहीं सुनील कुमार चौधरी ने संगठन के उच्च नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे और संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ सरकार की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में संतोष कुमार यादव, अश्वनी कुमार तिवारी, शशि भूषण शुक्ला, चंद्रिका प्रसाद वर्मा, पंकज कुमार द्विवेदी, रमन चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं बालिकाओं को जागरूक कर रहे सीओ मयंक द्विवेदी

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। सीओ सर्किल शोहरतगढ़ के क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने शो0गढ़ थाना परिसर में नारी सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया।मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत शोहरतगढ़ थाना परिसर में महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृ शक्ति और स्कूली बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति कार्यालय में संचालित विभिन्न रजिस्टरों और उनमें की जाने वाली प्रविष्टियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को बताया गया कि शासन स्तर पर अनेक लाभकारी योजनाएं संचालित हैं लेकिन जानकारी के अभाव में लोग उनका पूरा लाभ नहीं उठा पाते हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी



शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।पुलिस टीम द्वारा दहेज उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, काउंसलिंग प्रक्रिया एवं अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां महिलाएं अपनी समस्याएं दर्ज करा सकती हैं। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा किया गया, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन आदि नम्बरों की दी जानकारी, इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी,इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर सुभाष यादव, उपनिरीक्षक राजकुमार यादव,हेड कांस्टेबल अविनाश सिंह, महिला कांस्टेबल रूबी दूबे, सुजाता राव, शोभा भारती, साक्षी सिंह, कांस्टेबल दिनेश यादव एवं प्रभाकर यादव सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल–फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "www.ldalucknow.in"

**–ः सार्वजनिक सूचना ः–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट–ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर/खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व0 श्रीमती महेंदर कौर | भूखण्ड संख्या– E-34 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना फेज़– II | 08.11.2015 | 1. श्री कुलदीप सिंह 2. श्रीमती गुरमीत कौर 3. श्री इशदीप सिंह, 4. नमन छाबड़ा | ––– | पुत्र–52 पुत्रवधू–47 पौत्र–26, पौत्र–24 |
| 2. | श्रीमती सुधा श्रीवास्तव | भवन सं.–एम.एम. आई.जी.–247 | राम नगर योजना | 05.06.2014 | 1. श्री पीयूष राज श्रीवास्तव | 1. श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव (पुत्री) 2. श्रीमती मधुरिका श्रीवास्तव (पुत्री) | पुत्र |
| 3. | स्व0 करूणेन्द्र कुमार | भवन सं.–C-4 सेक्टर–डी | सीतापुर रोड योजना | 27.04.2021 | श्रीमती रश्मि श्री अनुभव | ––– | पत्नी/पुत्र |
| 4. | स्व0 रजी अहमद सिद्दीकी | भूखण्ड संख्या– बी–3/100 | विशाल खण्ड, गोमती नगर योजना | 12.08.2025 | श्रीमती राना सिद्दीकी | वसीयतनामा के आधार पर | पत्नी |
| 5. | स्व0 पुष्पा त्रिपाठी | भूखण्ड संख्या– बी–1/56 | विकल्प खण्ड गोमती नगर | 27.10.2022 | श्री धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी (पति) | 1. श्रीमती सुष्मिता त्रिपाठी 2. कु0 शुभ्रा त्रिपाठी 3. श्री प्रखर त्रिपाठी | पुत्री पुत्री पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# नौ साल में यूपी में तीन गुना बढ़ी महिला श्रम शक्ति : सीएम

- एमएमएमयूटी में 13.67 करोड़ से बनेगा गर्ल्स हॉस्टल, सीएम ने किया भूमि पूजन व शिलान्यास
- 2017 के पहले महिलाओं की सुरक्षा बड़ी चुनौती थी
- बिना भय महिला का कामकाजी होना समाज में सुरक्षा का मानक: सीएम
- साइबर फोरेंसिक रिसर्च लैब का भी उद्घाटन किया, रिसर्च एक्सीलेंस पुरस्कार प्रदान किये

जिला संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2017 के बाद बेटियों की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए सरकार की तरफ से किए गए प्रयासों से बीते नौ सालों में महिला श्रम शक्ति तीन गुना बढ़ी है। वुमेन वर्क फोर्स का आंकड़ा 12 से बढ़कर 36 प्रतिशत को पार कर चुका है। वर्ष 2017 से पहले महिला सुरक्षा जहां एक बड़ी चुनौती थी, वहीं अब बिना भय के महिलाओं का तेजी से कामकाजी होना समाज में सुरक्षा का एक मानक बना है।

सीएम योगी बुधवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 144 बेडेड गर्ल्स हॉस्टल के भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह गर्ल्स हॉस्टल, पॉवरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सीएसआर फंड से बनवाया जाएगा। इसके निर्माण पर 13.67 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने एमएमएमयूटी में 4.67 करोड़ रुपये की लागत से बनी साइबर फोरेंसिक रिसर्च लैब का उद्घाटन भी किया और रिसर्च एक्सीलेंस पुरस्कार प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक पुस्तिका का अनावरण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी सुरक्षित हो, उसका सम्मान हो और वह स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर होकर नए भारत के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन प्रभावी ढंग से कर सके, इस दृष्टि से उसी प्रकार की सुविधाएं देना आज की आवश्यकता है। इसे ही ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार हर बड़े महानगर में कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी महिला छात्रावास का निर्माण कर रही है। किसी भी समाज में सुरक्षा का मानक यही है कि महिलाएं बिना भय घर से बाहर निकल सकें। 2017 के बाद सरकार की तरफ से इस दिशा में किए गए प्रयासों के परिणाम सबके सामने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले यूपी में महिला सुरक्षा चुनौती थी। मध्य व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुत सारे परिवार ऐसे थे, जिन्होंने बेटियों को पढ़ने के लिए यूपी के बाहर कहीं छात्रावास में या फिर कहीं रिश्तेदारों के यहां भेज दिया था। आज यूपी के हर जनपद में बेटी बिना डर के पढ़ने जाती है, अन्य शहरों में कार्य करने जाती है। नौ वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में कामकाजी महिलाओं की संख्या 12 फीसदी से कम थी, वह आज बढ़कर 36 फीसदी से ज्यादा हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि सदन में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए संसद से पास नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा है कि 2029 के चुनाव में यह लागू हो जाए। जब समाज में महिला-पुरुष का भेद समाप्त होता है तो सुखद अनुभूति होती है। अभिभावक जब बेटी-बेटे में भेद करना बंद करेंगे तभी विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ पाएगी और तभी स्टेबिलिटी (स्थायित्व) आएगी।

वर्तमान दौर में फोरेंसिक साइंस लैब की आवश्यकता को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पुलिस के पास ग्रेड-1 की सिर्फ 02 फोरेंसिक साइंस लैब थीं। आज यूपी में ग्रेड-1 की 12 फोरेंसिक साइंस लैब हैं, जबकि छह निर्माणाधीन हैं। लखनऊ में पुलिस के लिए विश्वस्तरीय फोरेंसिक साइंस इंस्टीट्यूट स्थापित हो चुका है। वहां फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए पाठ्यक्रमों की शुरूआत भी हो चुकी है। तीन नए कानून लागू होने के बाद सात वर्ष से ऊपर की सजा के लिए किसी भी आपराधिक मामले में फोरेंसिक साक्ष्य को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए प्रदेश ने सभी 75 जनपदों में दो-दो मोबाइल फोरेंसिक लैब उपलब्ध कराई हैं। अपराधी को सजा कराने में फोरेंसिक साक्ष्य सहयोग करता है। अपराधी सजा पाता है तो पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में प्रदेश में सिर्फ दो साइबर थाने थे। आज 75 जनपदों में साइबर थाने हैं। प्रदेश के 1681 थानों में साइबर हेल्प डेस्क भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। वर्ष 2017 के पहले यह राज्य पहचान का मोहताज था। लोग हमें शक की निगाहों से देखते थे। तब हमने कहा, हमारी जो आबादी है वह भारत का सबसे अच्छा डेमोग्राफिक डिविडेंड है, यह हमारी पूंजी है। यह भारत का स्किल्ड वर्कफोर्स है। मानव संसाधन की इस पूंजी को आगे बढ़ाने का दायित्व सरकार ने लिया और अलग-अलग क्षेत्रों में इसे विकसित करने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के युवाओं को टेक्नोलॉजी से जोड़कर उन्हें मार्केट व इंडस्ट्री रेडी वर्कफोर्स में बदलने का काम किया है। जाति के नाम पर बांटने वाले लोग कहां इस ताकत को समझते। नकारात्मकता जिनके मन में हो, समाज के प्रति जिनके मन में नफरत का भाव हो, वह कहां उस ताकत को समझेंगे। सीएम ने कहा कि 96 लाख एमएसएमई यूनिट यूपी में कार्यरत हैं।

## डीएम ने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की समीक्षा की



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को पंचायत भवनों में बुलाकर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विभाग का कार्य नहीं है, बल्कि सभी संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में लगभग 46,000 अंत्योदय कार्डधारक हैं, जिनमें से 45,000 सक्रिय हैं तथा 33,000 बच्चों को भी योजना से जोड़ा जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि कोटेदारों की दुकानों पर पंचायत सहायकों की उपस्थिति में आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि लाभार्थी राशन लेने अवश्य आते हैं, ऐसे में उसी समय उनका आयुष्मान कार्ड बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर तिथियों का निर्धारण करें तथा ऑनलाइन बैठक के माध्यम से नियमित समीक्षा करें। जिन परिवारों में 6 से अधिक यूनिट हैं तथा अंत्योदय कार्डधारक हैं उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, एडीपीआरओ रोहित कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंक्चर साइकिल नहीं कर पायेगी बुलेट ट्रेन की स्पीड वाली सरकार का मुकाबला : योगी

- हक के लिए तरसाने वालों को सत्ता के लिए तरसा दिया है जनता ने : सीएम योगी
- दोबारा धमाकेदार विजय हासिल करने वाली प्रदेश की पहली सरकार : सीएम योगी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकताओं में जोश भरने के साथ बिना नाम लिए समाजवादी पार्टी पर हमलावर होते हुए कहा कि वर्तमान सरकार बुलेट ट्रेन की स्पीड से चलने वाली है। पंचर साइकिल इसका मुकाबला नहीं कर पाएगी। आज डबल इंजन की सरकार है। जब हम डबल स्पीड से चलेंगे तो साइकिल का पंचर तो पंचर ही रहेगा। वह हमेशा के लिए धराशायी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को उसके हक के लिए तरसाने वालों को आज प्रदेश की जनता ने ही सत्ता के लिए तरसा दिया है। सीएम योगी बुधवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। ह्यउत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्षह्न विषयक इस कार्यक्रम का आयोजन योगी सरकार के नौ वर्षों के सतत विकासपरक कार्यकाल के उपलक्ष्य में किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह पहली सरकार है जिसने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल को पूरा करने के बाद, सफलतापूर्वक दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर धमाकेदार विजय प्राप्त की है। यह तब हुआ जब कार्यकताओं ने जमीनी धरातल पर कार्य किया मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गोरखपुर और उत्तर प्रदेश के नाम पर देश में कोई पूछता नही था। अगर आपने बता दिया तो सामने वाला व्यक्ति पांच कदम पीछे हो जाता था। उन्होंने सवाल उठाया, कौन लोग थे जो पहचान का संकट खड़ा कर रहे थे? कौन लोग थे जिन्होंने आपकी पीढ़ी को विकास से वंचित रखा था? कौन लोग थे जिनकी संवेदना इंसेफेलाइटिस से तड़प रहे मासूमों पर नहीं पिघलती थी। उन्होंने कहा कि यह वही राज्य है जहां पहले बिजली नहीं मिलती थी। आज भरपूर मिल रही है। यहां के लोग आप एम्स के लिए संघर्ष कर रहे थे, आज एम्स बन गया। डबल इंजन की सरकार ने पीएम मोदी के नेतृत्व में इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह समाप्त कर दिया है।

सीएम योगी ने कहा कि जिस अयोध्या में जाने पर पुलिस की लाठियां-गोलियां मिलती थीं, सरकार की प्रताड़ना मिलती थी, दुर्व्यवस्था मिलती थी, आज वह अयोध्या दुनिया की सुंदरतम नगरियों में से एक नगरी बन गई है। वहां भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है। इस सरकार में मां विंध्यवासिनी मंदिर भी भव्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 1500 मंदिरों को हमने धनराशि देकर सुंदरीकरण कार्य को सम्पन्न कियाम हर एक जगह कुछ न कुछ नया करने का प्रयास किया। जबकि पहले ऐसा नहीं था। पहले मंदिरों को सुविधा नहीं मिलती थी, पैसा कब्रिस्तान को दिया जाता था। सीएम ने कहा कि हमें मंदिर प्यारे हैं इसलिए हम मंदिर को पैसा दे रहे हैं, । जिसको जो प्यारा होता है, वह वही करता है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नौ वर्षों में हुए सकारात्मक बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश में उपद्रव नहीं बल्कि उत्सव है। उन्होंने कार्यकताओं को नसीहत भी दी और सावधान रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने प्रदेश को तबाह किया था, दंगों की आग में झोंका था। पहचान को मोहताज कर दिया था, उनके पाप से उन्हें मुक्ति न मिले, इसके लिए कोई भी ऐसा कार्य नहीं होना चाहिए, जिससे उनको मुद्दा बनाने का अवसर मिल सके। कहा कि विरोधियों का मोहरा नहीं बनना है। जो लोग मोहरा बनना चाहते हैं उनसे आप सावधान रहिएगा।

सीएम योगी ने कहा कि जो लोग गोरखपुर को बिजली, पानी से वंचित करते थे। यहां के बीमारों, बीमार बच्चों को उपचार से वंचित करते थे, प्रदेश की जनता ने उनको सत्ता से तरसा दिया है। ये लोग केवल आप ही के साथ अन्याय नहीं करते थे, पूरे प्रदेश के साथ अन्याय करते थे। शोषण करते थे, गुंडागर्दी करते थे, माफियाओं को प्रश्रय देते थे। माफियाओं के माध्यम से प्रदेश को नोचवाते थे। बहन-बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा पर खतरा मंडराते थे। चिकित्सकों, व्यापारियों से फिरौती वसूला जाता था। आज ये कुछ नहीं हो सकता। क्योंकि, सबको मालूम है कि कोई करेगा तो आगे क्या हाल क्या होने जा रहा है, ये भी वह जानता है। कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय व जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट के.एम. मंझवार सहित महानगर के सभी पदाधिकारी, मंडलों के पदाधिकारियों, बूथों के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सघन चेकिंग अभियान में ढाई लाख के चालान, दो डीसीएम सीज



जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस ने बड़े स्तर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में पुलिस की सख्ती साफ देखने को मिली। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ढाई लाख रुपये से अधिक के चालान काटे गए, जबकि गलत दिशा में चल रही दो डीसीएम वाहनों को सीज कर दिया गया। मुख्य चैराहों, व्यस्त मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने नाकेबंदी कर वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म लगी गाड़ियों और गलत नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने मौके पर ही चालान करने के साथ-साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया। भीषण गर्मी और भारी ट्रैफिक के बावजूद पुलिसकर्मियों ने पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाई। उनकी सक्रियता से आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है और यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी ने बताया कि यह अभियान उच्च अधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को शून्य स्तर तक लाना है। उन्होंने कहा कि सख्ती के साथ-साथ जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। पुलिस ने वाहन चालकों को चेतावनी दी है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और यातायात नियमों का पालन करें, अन्यथा आगे भी इसी तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तकनीकी सहायकों ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन



मझगांवा, गोरखपुर। विकसित भारत गारंटी के तहत संचालित आजीविका मिशन में कार्यरत तकनीकी सहायकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय तक आवाज पहुंचाई है। वर्षों से सेवा दे रहे तकनीकी सहायकों ने अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई है। तकनीकी सहायकों के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने बताया कि तकनीकी सहायक पिछले करीब 20 वर्षों से विभागीय जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर रहे हैं, बावजूद इसके उनकी कई महत्वपूर्ण मांगें अब तक लंबित हैं। ज्ञापन के माध्यम से प्रमुख 5 सूत्रीय मांगें रखी गईं, जिनमें मानदेय में बढ़ोतरी, एचआर पॉलिसी का शीघ्र लागू किया जाना, मानदेय भुगतान के लिए अलग बजट मद का गठन, हर माह की 5 तारीख तक नियमित भुगतान सुनिश्चित करना तथा सभी तकनीकी सहायकों के यूएएन खातों में ईपीएफ जमा कराना शामिल है। इसके अलावा 15 वर्षों के कार्य अनुभव का लाभ दिए जाने की भी मांग उठाई गई। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाता है तो इससे न केवल तकनीकी सहायकों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में भी और अधिक तेजी आएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद तकनीकी सहायकों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही उचित निर्णय लेगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र अनमोल गुप्ता के स्कूली अभिलेखों में त्रुटिवश माता का नाम बबिता गुप्ता (Babita Gupta) दर्ज है जबकि उनके आधार कार्ड में उनका सही नाम विनय कुमारी (Vinay Kumari) दर्ज है। मेरे पुत्र के स्कूली अभिलेखों में भी माता का सही नाम ही दर्ज किया जाये। **गोपाल गुप्ता पुत्र स्व. महेश चन्द्र गुप्ता नि.- 133/231/82 गनेशगंज, अमीनाबाद रोड, लखनऊ।**

### सिलेंडर न मिलने पर परेशान

इटावा। शहर के मुहाल मोहल्ला शाहगंज निवासी इकबाल की पुत्री गुलसुम की शादी 28 मार्च को है। जिसका प्रोग्राम इटावा गार्डन पक्काबाग में रखा गया है। गैस की किल्लत के चलते पिता परेशान व हैरान है कि शादी बिना गैस सिलेंडर शादी का प्रोग्राम कैसे होगा परेशान पिता डीएम कार्यालय गया वहां से वहां उन्होंने डीएसओ आफिस जाने के लिए कहा गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत-सेउर चमुरखा, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-25.03.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा, विकासखंड कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर में मनरेगा/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक- 26.03.2026 से दिनांक- 04.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 04.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चौबे का पुरवा से अशोक तिवारी के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | मनरेगा | 15 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 1.5 लाख रुपये। | |

नोट- समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- सेउर चमुरखा, वि.ख.- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

## जहरीली गैस की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

कानपुर। कल्याणपुर में एक सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय कथित तौर पर जहरीली गैस की चपेट में आने से पिता और पुत्र की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह घटना मंगलवार देर रात गोवा गार्डन में एक आवासीय अपार्टमेंट परिसर में हुई, जहां तीन कर्मचारी- जावेद (45), उसका बेटा आकिब (25) और दामाद इरफान आधी रात के आसपास सफाई के काम के लिए सेप्टिक टैंक में उतरे थे। पुलिस के अनुसार, तीनों ने सफाई का एक दौर पूरा कर लिया था और सुरक्षित रूप से टैंक से बाहर निकल गए। हालांकि, देर रात करीब दो बजे दूसरे प्रयास के दौरान, जावेद और आकिब काफी अंदर चले गए और जहरीली गैस की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि इस दौरान इरफ़ान को चक्कर आने लगा, वह बाहर निकलने में कामयाब रहा और उसने तुरंत आपातकालीन हेल्पलाइन पर फोन करके अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे तक बचाव अभियान संचालित किया। उन्हें बुधवार तड़के बाहर निकाला गया और लाला लाजपत राय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जावेद और आकिब को मृत घोषित कर दिया। ये लोग कर्नलगंज इलाके के रहने वाले थे। सहायक पुलिस आयुक्त (कल्याणपुर) आशुतोष कुमार और पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) एसएम कासिम आबिदी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। सहायक पुलिस आयुक्त कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि मौत जहरीली गैसों के कारण हुई। जांच की जा रही है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था या नहीं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों की बैठक, आंदोलन को मिला समर्थन



उन्नाव। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक हसनगंज में आयोजित की गई, जिसमें टेट अनिवार्यता के विरोध में व्यापक चर्चा हुई। बैठक में जिला इकाई, ब्लॉक इकाई एवं बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने सेवा में कार्यरत शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता लागू किए जाने के निर्णय का पुरजोर विरोध किया तथा इसे अवैधानिक बताते हुए आंदोलन को पूर्ण समर्थन प्रदान किया। बैठक में वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि सेवाकालीन शिक्षकों को पुनः टेट परीक्षा के लिए बाध्य करना न तो नियम संगत है और न ही वैधानिक, और यदि इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक इकाई हसनगंज में संगठनात्मक विस्तार करते हुए मोहम्मद कादिर को ब्लॉक अध्यक्ष, विनोद रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रंजीत चैधरी को महामंत्री तथा रॉबिंसन गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन गोपाल, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, महामंत्री नवाबगंज अमित शर्मा सहित रवींद्र, एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## आर्थिक तंगी से जूझ रही बहन को इलाज में दी सहायता



पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर में समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने सुमेरपुर ब्लॉक के अकवारा गाँव पोस्ट भगवन्तनगर निवासी प्रज्ञा सिंह पत्नी बालेन्द्र सिंह ऊर्फ चेतन की तबियत विगत कुछ महीनो से खराब थी आर्थिक स्थिति कमजोर थी विषम परिस्थिति में परिजनों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह से मदद का अनुरोध किया। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने तत्काल अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह को आर्थिक मदद करने हेतु घर भेजा, घर पहुंचकर मानवेन्द्र सिंह ने बालेन्द्र ऊर्फ चेतन को आर्थिक मदद देकर बहन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की व भविष्य में भी साथ रहने का भरोसा दिया। इस अवसर पर सधन सिह, प्रखर सिंह अकवारा, रामजी यादव, सुनील सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रॉली पलटने से दबकर युवक की मौत

पुरवा, उन्नाव। मौरावां क्षेत्र के गांव पांडेयपुर जेरा निवासी अयोध्या का 22 वर्षीय बेटा पंकज बुधवार सुबह अपने भाई फूलचंद्र के साथ ट्रैक्टर ट्राली से ईटा उतारने देवी जगदीशपुर गया था। जहां से वापस घर आ रहा था। तभी बछौरा के पास अचानक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। जिससे ट्रैक्टर में बैठा पंकज ट्राली के नीचे गिरकर दब गया। ग्रामीणों की मदद से उसे एंबुलेंस से पुरवा सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव घर लेकर चले गए। पंकज की मौत से पिता अयोध्या, मां शिवकुमारी, भाई फूलचंद्र, वेदप्रकाश बहन शशि बेहाल रहे। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## गैस की किल्लत का असर इससे जुड़े व्यापारियों में साफ दिख रहा

फतेहपुर चैरासी। क्षेत्र में इन दिनों चल रही गैस की किल्लत का असर पूरी तरह दिखाई दे रहा है। गैस के सहारे धंधा करने वालों के सामने रोजी रोटी की समस्या बनती जा रही है। लोगों को जीवन यापन के लिए अन्य साधनों पर निर्भर होने पर मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र के कस्बा ऊगू निवासी शिवम चैरसिया बताते हैं कि वह लगभग एक वर्ष से फास्ट फूड का ठेला लगा कर मोमोज, फिंगर चिप्स आदि बेचकर परिवार का भरण पोषण करता था। लेकिन इधर लगभग एक पखवारे से चल रही गैस की समस्या से धंधा चैपट हो गया है। जलाने के लिए लकड़ी और कोयला भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे उसे अपना ठेला बन्द करना पड़ा है। उसने कहा कि यदि यही स्थिति रही तो परिवार को भोजन देना भी कठिन हो जाएगा। उसके पिता दूसरे राज्य में मजदूरी करते हैं जिससे परिवार की जिम्मेदारी उस पर ही है।

## एसएमसी प्रशिक्षण में खाने की जगह नाश्ते से निभाई औपचारिकता

उन्नाव। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों में प्रतिभागियों के लिए प्रति व्यक्ति 200 रुपए खानपान मद में खर्च का प्रावधान किया गया था। धरातल पर इसकी तस्वीर अलग ही दिखाई दी। सूत्रों के मुताबिक, कई प्रशिक्षण स्थलों पर प्रतिभागियों को मानक के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने के बजाय केवल समोसा और गुझिया देकर खानपान की औपचारिकता पूरी कर दी गई। इस व्यवस्था को लेकर प्रतिभागियों में असंतोष देखा जा रहा है और मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रतिभागियों का कहना है कि जब शासन स्तर से स्पष्ट बजट निर्धारित किया गया है, तो उसके अनुरूप गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं, इस पूरे प्रकरण में संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि इस प्रकार की लापरवाही न केवल सरकारी धन के सही उपयोग पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी प्रभावित करती है। बीघापुर ब्लाक सहित कई जगह इस तरह के मामले सामने आए है। खाने की जगह नाश्ता मिलने से प्रशिक्षणार्थियों में रोष है।

## डिग्री कॉलेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला



इटावा। केके. कॉलेज में एक दिवसीय साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कुलपति प्रो.विनय पाठक के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में छत्रपति शाहू महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं आई.आई.टी. के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं साइबर सिक्योरिटी वोकेशनल कोर्स के समन्वयकों हेतु आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. आर.के. द्विवेदी, निदेशक, कॉलेज विकास परिषद, सी.एस.जे. एम. वि. वि. कानपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कानपुर विश्वविद्यालय ने पहल करते हुए साइबर सिक्योरिटी वोकेशनल कोर्स सभी महाविद्यालयों में लागू किया है। आज के डिजिटल युग में सभी इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस पर अपना डेटा सुरक्षित रखना महत्त्व पूर्ण हो गया है। साइबर फ्रॉड के समाचार अक्सर हम लोगों को अखबारों, टीवी चैनलों तथा सोशल मीडिया पर मिल जाते हैं। प्रायः ये देखा जाता है कि कम पढ़े लिखे लोगों से ज्यादा पढ़े लिखे लोग साइबर फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं और कई बार डिजिटल अरेस्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर डाटा सुरक्षा की आवश्यकता है।

## मृतक शिवपाल कश्यप के घर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल



इटावा। विगत दिनों भरथना तहसील के मोहल्ला महावीर नगर निवासी 55 वर्षीय शिवपाल सिंह कश्यप की स्मार्ट मीटर में आये भारी भरकम बिजली बिल 1 लाख 60000 के चलते गहरा सदमा लगने से हृदयाघात के कारण मृत्यु हो गई थी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री को जब इस हृदय विदारक घटना की जानकारी जिला पदाधिकारीयों द्वारा दी गई। जब मामले की गंभीरता को समझते हुए उसे संज्ञान में लेकर उन्होंने पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अनिल यादव एवं जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मृतक शिवपाल सिंह कश्यप के आवास पर रवाना किया। प्रतिनिधि मंडल जब मृतक के परिवार वालों से मिला तो उसकी बेटी सोनम ने संपूर्ण घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मेरे पिता स्व. शिवपाल सिंह कश्यप के पास बिजली विभाग द्वारा जब यह 1,60,000 रुपए का बिल आया तो उनके होश उड़ गए। मेरे पिता चाय का ठेला लगाते थे इतनी बड़ी रकम का बिल देखकर वह तत्काल सारा काम बंद करके बिजली विभाग के चक्कर काटने लगे। बेटी ने बताया कि पहले 10 फरवरी को 1,25,659 का बिल आया था मेरे पिता उसको लेकर विद्युत उपखंड के अधिकारियों से जाकर मिले। अधिकारियों ने किसी बात का कोई संज्ञान नहीं लिया बल्कि बिजली विभाग द्वारा 22 मार्च को दूसरा बिल 43,000 रुपए फिर थमा दिया गया गया। जिसको देखकर मेरे पिता को एक गहरा सदमा लगा और उन्हें दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। परिवार की अन्य महिलाओं ने भी रोते हुए अपनी आप बीती प्रतिनिधिमंडल को सुनाई उन्होंने बताया कि वह हमारे परिवार में इकलौते कमाने वाले थे उनकी जाने से आज खाने के भी लाले पड़ गए हैं। प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, सुखीराम सिंधी, कोमल सिंह कुशवाहा, प्रशांत तिवारी, करन सिंह राजपूत, अरुण यादव, बृजेश शर्मा, सतीश पोरवाल आदि रहे।

संक्षेप

## बाजार सामान खरीदने गयी किशोरी लापता

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के एक गांव से बाजार में सामान खरीदने आई किशोरी अचानक लापता हो गई देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश कर पुलिस को सूचना दी मामले में किस दर्ज कर लिया है। अपहर्ता के पिता ने बताया उसकी पुत्री मंगलवार को कस्बा में घर का सामान खरीदने गई थी देर शाम तक वापस न आने पर तलाश शुरू की गई जानकारी न मिलने पर बुधवार को घटना की शिकायत पुलिस को दी पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर तलाश शुरू की है।

## विवाह से पहले युवती लापता, मचा हड़कंप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती का अगले माह विवाह तय होने के कारण परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी लगभग 24 वर्षीय पुत्री 23 मार्च 2026 की सुबह करीब छह बजे घर से लापता हो गई। सुबह परिजनों के जागने पर युवती घर में नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की और रिश्तेदारों व परिचितों से संपर्क किया, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों के अनुसार युवती का विवाह अगले माह निर्धारित था, जिससे परिवार के लोग काफी परेशान और चिंतित हैं। मामले को लेकर परिवार ने कोतवाली गोला में तहरीर देकर युवती की शीघ्र बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नहीं पहुंचा पदोन्नति का आदेश

परसेण्डी (सीतापुर)। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी पदोन्नति का आदेश नहीं पहुंचा। महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय कार्यालय 17 मार्च को निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार लखनऊ उत्तर प्रदेश के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्य सेविका बनाए जाने का आदेश जारी हुआ था। जिसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं को सभी अभिलेख ऑनलाइन एफएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन करने थे। लेकिन आज जनपद के किसी भी बाल विकास परियोजना कार्यालय में बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं ब्लॉक में कार्यरत लिपिक मुख्य सेविका किसी को के द्वारा आंगनबाड़ी को पदोन्नति में ऑनलाइन करने के संबंध में सूचना नहीं दी गई है। जिससे वह की स्थिति है सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शीघ्र ऑनलाइन कराकर पदोन्नति कराए जाने की मांग की है।

## शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

सिधौली (सीतापुर)। नगर पंचायत सभागार में बुधवार को नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी राखी वर्मा ने नव-नामित सभासद देवी दयाल राठौर, अमर सिंह एवं निशा रावत को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सभासदों ने नगर विकास और जनहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत ने नव-नामित सभासदों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# विधायक अमन गिरि ने सुनीं जनता की समस्याएं



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विधानसभा क्षेत्र बिजुआ के अंतर्गत विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर विधायक अमन गिरि ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों को तेज करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

विधायक ने ग्राम राजगढ़ में प्रधान सूरज मौर्य, ग्राम पलनापुर में पूर्व प्रधान चुन्नी लाल और ग्राम रामालक्षना में पूर्व प्रधान अजय राठौर के यहां पहुंचकर चैपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास, लंबित कार्यों को पूरा कराने और नई योजनाओं को लागू करने पर चर्चा की गई। विधायक अमन गिरि ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कहते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर शिव प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत सदस्य डॉ बच्चू सिंह, प्रधान अखिलेश बाजपेई, प्रेम अवस्थी, वीरेंद्र दीक्षित, अवधेश मिश्रा, अशोक सिंह, गुरुचरण सिंह, सुधीश बाजपेई, राजेंद्र सिंह, मुख्तयार सिंह, भूपेंद्र सिंह, सदावती, विजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## वकीलों के दबाव के बाद जागा प्रशासन, सुधरने लगीं व्यवस्थाएं



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील परिसर में लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा उठाई गई आवाज के बाद अब प्रशासन हरकत में नजर आ रहा है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद बुधवार से परिसर में सुधार कार्य शुरू करा दिए गए हैं, जिससे व्यवस्थाएं धीरे-धीरे पटरी पर लौटती दिख रही हैं।

सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में तहसील की जर्जर हालत पर नाराजगी जताते हुए त्वरित सुधार की मांग की गई थी। अध्यक्ष राम कुमार गौतम के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने खतौनी काउंटर पर टूटी टीन शेड, अधिवक्ताओं के बैठने के स्थान की खराब स्थिति सहित कई समस्याएं प्रमुखता से उठाई थीं। ज्ञापन का असर यह हुआ कि प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए खतौनी काउंटर पर नई टीन शेड लगाने का कार्य शुरू करा दिया। इसके साथ ही शौचालय के बाहर फर्श और बैठने के लिए बेंच बनाने का काम भी प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है। अधिवक्ताओं ने पेयजल समस्या को भी गंभीर मुद्दा बताया था। हैंडपंप का पानी पीने योग्य न होने के कारण उसकी रीबोरिंग और आरओ सिस्टम को दुरुस्त कराने की मांग की गई थी, ताकि गर्मी में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके अलावा परिसर की खराब सड़कों और शौचालयों की बदहाल स्थिति को लेकर भी सुधार की आवश्यकता जताई गई थी। एसोसिएशन के महामंत्री संदीप अवस्थी ने कहा कि अधिवक्ताओं और आमजन की समस्याओं को लेकर उठाई गई आवाज पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरू किया जाना सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यदि शेष समस्याओं का भी शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी। अधिवक्ताओं का मानना है कि सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान होने पर तहसील परिसर में आने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और व्यवस्था बेहतर हो सकेगी।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

सिंगाही-खीरी। सिंगाही-बेलरायां पनवारी स्टेट मार्ग पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास बुधवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से निघासन सीएचसी भिजवाया। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तकियापुरवा निवासी प्रहलाद (31) पुत्र सीताराम अपनी पत्नी के ननिहाल लालापुर में मुण्डन कार्यक्रम में शामिल होने आया हुआ था जहां लालापुर निवासी सचिन (22) पुत्र शिवभगवान के साथ सिलेंडर लेने सिंगाही गया। सिंगाही से वापस लौटते समय बेलरायां की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को तत्काल निघासन सीएचसी भेजा, जहां चिकित्सकों ने प्रहलाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सचिन की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि म्रतक का पोस्टमार्टम कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा गया और पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## दहेज के लिए विवाहिता को जहर का इंजेक्शन देकर हत्या करने का आरोप



धौरहरा। कस्बे के मोहल्ला इज्जत नगर निवासी एक यासमिन बानो पुत्री इमाम अली का निकाह 22 माह पहले श्रावस्ती जनपद के जमुनहाबजार निवासी झोलाछाप डाक्टर अकरम पुत्र नूर मोहम्मद से हुई थी। मृतका के भाई फुरकान सिद्दीकी का आरोप है कि उसकी बहन की जहर का इंजेक्शन लगाकर उसके पति ने दहेज में पांच लाख न देने की वजह से की है। जबकि निकाह में पांच तोला सोना और करीब दस लाख का सामन और नकदी दी थी। आरोप है जब बहन की मृत्यु हो गई तो बीमारी की सूचना दी, और बहराइच अस्पताल लाने की बात कही। इसके बाद वह लखीमपुर ला रहे थे। जब सिसैया पहुंचे तो खबर दी की उसकी बहन की मौत हो गई। भाई फुरकान की सूचना पर धौरहरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और आरोपी पति को हिरासत में लिया है।

## रासलीला देख श्रद्धालु भावविभोर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रोशन नगर गांव स्थित दुर्गा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित नव दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य पंडित अशोक कुमार तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों से हवन कुंड में सामूहिक आहुतियां डलवाकर सुख-समृद्धि एवं विश्व शांति की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर की परिक्रमा कर यज्ञ का पुण्य अर्जित किया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। वहीं वृंदावन से आए रासलीला मंडली के कलाकारों ने श्री राधा-कृष्ण की सजीव झांकी प्रस्तुत की। कलाकारों द्वारा बाल लीला एवं गोवर्धन लीला का मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कार्यक्रम के दौरान देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। इस अवसर पर पुजारी जय जय राम कुशवाहा, चैधरी बिजेंद्र सिंह, अनिल गुप्ता, रजनीश वर्मा, विमला देवी, चंद्रकांत त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## किसान की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत

### परिजन बोले—बैंक कर्ज से परेशान थे , पी लिया जहर

जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के कफारा गांव में एक छोटे किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। परिजनों का आरोप है कि बैंक कर्ज के दबाव में आकर किसान ने विषाक्त पदार्थ पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

गांव निवासी श्यामू कश्यप (45) पुत्र शम्भू कश्यप पर एलडीबी बैंक शाखा धौरहरा का 2 लाख 97 हजार रुपए कर्ज था। परिजनों के अनुसार, बैंक अधिकारी कर्ज जमा कराने के लिए दबाव बना रहे थे, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे। आरोप है कि इसी तनाव के चलते रविवार को उन्होंने विषाक्त पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें पहले सीएचसी रमियाबेहड़ ले गए, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ भेजा गया, जहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को घर ले आए और मंगलवार शांम अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के पुत्र अमित कश्यप, भाई रामू कश्यप का कहना है कि श्यामू कश्यप कर्ज के बोझ से टूट चुके थे और इसी कारण यह कदम उठाया।

घटना की सूचना पर पूर्व मंत्री यशपाल चौधरी के पुत्र सपा नेता वरुण यशपाल चौधरी मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही किसान का कज माफ करने की बात उठाई।

> खातेदार श्यामू कश्यप पर 2 लाख 97 हजार का कर्ज करीब पांच साल से अधिक पुराना है। इसके लिए उस पर कोई मेरी तरफ से दबाव नहीं बनाया गया। उसकी मौत की खबर सुनकर दुख हुआ–
> विजय कुमार वर्मा
> शाखा प्रबंधक
> एलडीबी बैक धौरहरा।

> मृत्यु का क्या कारण रहा, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होता, पर परिजनों ने पोस्टमार्टम भी नहीं कराया, कर्ज और आरोपों की जांच की जाएगी
> शशिकांत मणि
> एसडीएम धौरहरा

## देवी माता मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

तंबौर/सीतापुर। कस्बे के देवी माता मंदिर प्रांगण में नव युवक मां दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर विधि-विधान से मां



दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। वैदिक मंत्रोच्चार और घंटों की मधुर ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने आरती कर मां की प्राण प्रतिष्ठा की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन 9 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन सुबह-शाम आरती वंदना, बच्चों द्वारा आकर्षक झांकियां और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 26 मार्च की रात्रि 8 बजे ह्यमां भवानीह्न का विशाल जागरण होगा, जबकि 28 मार्च को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जयकुमार वर्मा, सभासद सुयस श्रीवास्तव, अजय पटेल, संयोग सिंह, नीरज मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, रवि वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे माहौल को भक्तिमय हुआ।

## डीएम ने वीएचएसएनडी सत्र का किया औचक निरीक्षण



मछरेहटा (सीतापुर)। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 द्वारा बुधवार को प्राथमिक विद्यालय, ग्राम बघौना विकासखण्ड मछरेहटा जनपद सीतापुर में वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ए०एन०एम० पूनम वर्मा, आशा नीलम वर्मा एवं आगनबाड़ी साक्षी कार्यकत्री उपस्थित थी। निरीक्षण के समय अभिलेखों गहनतापूर्वक जिलाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। जिसमें प्रसव पूर्व पंजिका अपूर्ण पाई गई तथा ड्यू लिस्ट अद्यतन नहीं थी। जिलाधिकारी उक्त कमियों को गंभीर लापरवाही मानते हुये ए०एन०एम० पूनम वर्मा को कारण बताओ नोटिस निर्गत किए जाने तथा 08 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। आशा नीलम वर्मा को अभिलेख अपूर्ण पाए जाने के कारण नोटिस निर्गत किए जाने हेतु यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय ग्राम बघौना विकासखण्ड मछरेहटा का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने उपस्थित बच्चों से वार्ता करते हुये बच्चे से पुस्तक भी पढ़वायी। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान की जाये। जिलाधिकारी शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति की भी जानकारी प्राप्त करते हुये निपुण तालिका का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिवपुरी स्कूल में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पिपरिया धनी क्षेत्र के गांव शिवपुरी स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। समारोह के दौरान ग्राम प्रधान सुदेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे भी कड़ी मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व को समझने और निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह दी। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। कक्षा 5 में ईशा ने प्रथम, अमोल ने द्वितीय और मनदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 में नैना प्रथम, अर्पण द्वितीय और ज्योति तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा 3 में विभा प्रथम, सीमा द्वितीय और रागिनी तृतीय स्थान पर रहीं। सभी मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सविता देवी ने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और बच्चों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर सहायक अध्यापक विजय श्री, अनिल कुमार, विनीत कुमार, खुशीराम, वीरपाल, रामू सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति प्रभारी ने जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को किया जागरूक

हरगांव (सीतापुर)। शासन की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं महिलाओं की सुरक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार दिए जा रहे निर्देशों को साकार करने के लिए मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को जागरुक किया जा रहा है। जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने का विश्वास दिलाने के उद्देश्य से थाना हरगांव की मिशन शक्ति टीम द्वारा आदर्श नगर पंचायत हरगांव के ऐतिहासिक एवं पौराणिक तीर्थ परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं और युवतियों को विभिन्न आपात कालीन स्थिति में हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गई और उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम के प्रभारी निरीक्षक (निरीक्षक अपराध) वीरेन्द्र कुमार ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरन्त हेल्पलाइन नंबरों का सहारा लेना चाहिए। उन्होंने 1930 (साइबर अपराध), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्प लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस) और 112 (आपातकालीन सेवा) के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर महिला मुख्य आरक्षी शशि प्रभा महिला आरक्षी पूजा सिंह ने महिलाओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और घरेलू हिंसा से सम्बन्धित कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी। आरक्षी रवि कुमार ने कार्यक्रम के दौरान लोगों को जागरूक करने में सहयोग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। उपस्थित महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी है।

## एसडीएम ने जलभराव की समस्या को तत्काल निराकरण के दिये निर्देश

सेउता (सीतापुर)। ग्रामीणों की शिकायत पर गांव पहुंची उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने जलभराव की समस्या का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। लम्बे समय से सीसी रोड पर जलभराव की समस्या थी।

मामला विकासखण्ड रेउसा के ग्राम पंचायत गुड़रुवा का है। विकासखण्ड रेउसा के ग्राम गुड़रुवा देवरिया में लम्बे समय से सीसी रोड पर जलभराव की समस्या है। जिससे गांव के लोगों का निकलना दुश्वार है ही साथ आम रास्ता होने कारण बाहरी लोगो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रोड साइड में नाली व जल निकासी की व्यवस्था न हो होने से समस्या बनी हुई है। समस्या से ग्रसित होने के कारण जागरूक ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सीतापुर को शिकायत की थी। शिकायत पर उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला, राजस्व टीम तहसीलदार, लेखपाल के साथ मंगलवार को गांव पहुंची। समस्या निस्तारण के लिए ग्राम पंचायत को दोनों तरफ नाला बनवाने के लिए निर्देश दिये तथा ग्रामीणों को समस्या से जल्द निजात दिलाने जाने का आश्वासन दिया और तत्काल नाला निर्माण किये जाने के निर्देश दिये।

## शिकायतकर्ता के फर्जी हस्ताक्षर करने वाले जिम्मेदारों पर एफ आईआर दर्ज करने की मांग

पसगवां खीरी। पीड़ित द्वारा गांव में जलभराव और नलियों की सफाई न होने के कारण मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई थी। जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने झूठी रिपोर्ट लगाते हुए पीड़ित के फर्जी हस्ताक्षर वाला एक संतुष्टि पत्र अपलोड कर दिया है पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक खीरी से एफ आई आर दर्ज करने मांग की है।



जानकारी के अनुसार ब्लॉक पसगवां का एक चौका देने वाला मामला सामने आया है, यह क्षेत्र के ग्राम पांडेवारी निवासी विनय पुत्र श्री कृष्ण ने जिला अधिकारी को शिकायत में बताया कि बीती 28 फरवरी 2026 को मैने गांव में जलभराव और नलियों की साफ सफाई न होने की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उक्त शिकायत के निस्तारण के लिए सहायक विकास अधिकारी पसगवां द्वारा जो जांच आख्या 11 मार्च 2016 को प्रतुत की गई वह पूर्णतः फर्जी व निराधार है। जांच आख्या में मेरे नाम से जो संतुष्टि पत्र और हस्ताक्षर संलग्न किए है वह कूटरचित है। मैने ऐसे किसी भी दस्तावेज पर कोई हस्ताक्षर नहीं किए है और न ही में सफाई कार्य से संतुष्ट हू यह की निस्तारण में दिखाई गई फोटो भी भ्रामक है। संबंधित जांच अधिकारी द्वारा कार्यालय में ही बैठकर फर्जी तरीके से साक्ष्य तैयार किए गए है ताकि शिकायत को बंद किया जा सके।

अधिकारियों का यह कृत्य शासन की मंशा के विपरीत है सीधे तौर पर मेरे अधिकारों का हनन तथा धोखाधड़ी की श्रेणी में आया है। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि उक्त मामले में साफ सफाई हो गई है और सफाई कर्मी को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले की जांच करने मै नहीं गया था और न ही मैने हस्ताक्षर किए है। हस्ताक्षर सफाई कर्मी ने कर दिए होंगे और पीड़ित के भी उसी ने हस्ताक्षर कर दिए होंगे।

अब सवाल यह उठता है कि उक्त मामले की जांच ग्राम विकास अधिकारी पुष्पेंद्र मिश्रा को दी गई तो फिर वह जांच करने क्यूं नहीं गए? अगर वह जांच करने नहीं गए तो उक्त मामले की जांच आखिर किसने की? दस्तावेज में हस्ताक्षर अगर उन्होंने नहीं किए तो आखिर किसने किए? यह ग्राम विकास अधिकारी अपने आप को बचाने के लिए सारी कमियां सफाई कर्मी के ऊपर थोपने में लगे है।

## राजा राज राजेश्वर सिंह ने उठाई ग्रामीणों की आवाज



निघासन खीरी। निघासन तहसील क्षेत्र के ग्राम टापरपुरवा में नहर पर पुलिया न होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में नहर की सफाई के दौरान विभाग द्वारा लगाए गए अस्थायी ढोलों को हटा दिए जाने से गांव का संपर्क मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है। इससे ग्रामीणों का दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है और उन्हें लंबा चक्कर लगाकर आने-जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह से शिकायत की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मौके पर निरीक्षण किया व स्थायी पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताई और संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई का आश्वासन दिया। सोमवार को राजा राज राजेश्वर सिंह ने शारदा नगर सिंचाई खंड के अधिशाषी अभियंता करनपाल गंगवार से मुलाकात कर टापरपुरवा नहर पर स्थायी पुलिया निर्माण के लिए पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि जल्द ही विभागीय अधिकारी मौके का निरीक्षण करेंगे और प्राथमिकता के आधार पर पुलिया निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

## गौवंशों को गर्मी व लू से बचाव के लिए पर्याप्त पेयजल, उपलब्ध कराया जाये

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मंगलवार को गौआश्रय स्थलों की जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गौशालाओं में मानकों के अनुरूप प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। गौशालाओं में संरक्षित गौवशों को गर्मी एवं लू से बचाव हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा उन्हें पर्याप्त पेयजल, हरा चारा एवं पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण सुनिश्चित करें। बीमार गौवशों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। गौशालाओं से संबंधित समस्त भुगतान समय से सुनिश्चित किये जायें तथा फंड रिक्वेस्ट समय से प्रेषित करायी जाये। निमार्णाधीन गौआश्रय स्थलों का कार्य समय से पूर्ण कराते हुये उन्हें संचालित कराया जाये। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि गौआश्रय स्थलों से संबंधित कार्यों में लापरवाही करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि विकास भवन में स्थापित सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रूम का नियमित रूप से पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाये तथा इसके लिये पशु चिकित्सा अधिकारियों के साथ-साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों की दैनिक आधार पर तैनाती भी की जाये। सहभागिता योजना के अन्तर्गत फंड रिक्वेस्ट समय से प्रेषित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि साईलेज क्रय हेतु टेण्डर आगामी तीन दिन में तथा भूसा क्रय हेतु टेण्डर आगामी 10 कार्यदिवसों में पूर्ण किया जाये। किसानों के खेतों से भूसा गौशालाओं में पहुंचानें हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को दिये।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने विकास खण्डों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि उनके विकास खण्ड क्षेत्र में संचालित समस्त विकास विभाग से संबंधित योजनाओं का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास खण्डों के माध्यम से संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को समय से लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि विकासखण्डों में संचालित निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। सभी खण्ड विकास अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर योजनाओं का अनुश्रवण अवश्य करें। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त, डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## भिखारी बाबा करायेंगे विराट यज्ञ

सोनभद्र। बलिया जिला अंतर्गत रसड़ा तहसील के सिसवार कला गांव में अब सोनभद्र के भिखारी बाबा करवाएंगे विराट रुद्र महायज्ञ। विराट रुद्र महायज्ञ के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित कर दिया गया। 19 अप्रैल को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के बाद यज्ञ शुरू होगी। यज्ञ की पूर्णाहुति 23 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी। बता दें कि भिक्षुक भिखारी, जंगली दास, रमाशंकर गिरी जी महाराज की देखरेख में यह यज्ञ हो रहा है। आचार्य मंटू पांडेय के जरिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित किया गया है। भिखारी बाबा ने बताया कि मुख्य यजमान जनार्दन सिंह व विनोद सिंह हैं। 19 अप्रैल को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के बाद विराट रुद्र महायज्ञ शुरू होगी। 20 अप्रैल को वेदी पूजन एवं जलाधिवास, 21 अप्रैल को रामभक्त संकटमोचन हनुमानजी, भगवान राम जी, माता सीता जी व लक्ष्मण जी, शिव जी, माता पार्वती जी, कार्तिकेय जी, गणेश जी व नंदी जी की मूर्ति का अभिषेक, 22 अप्रैल को शोभा एवं मूर्ति का श्रृंगार व शोभा यात्रा निकलेगी व 23 अप्रैल को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, हवन-पूजन के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। अंतिम दिन विशाल भंडारा चलेगा। मुख्य पुरोहित राजकिशोर दास जी महाराज द्वारा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। प्रतिदिन सायंकाल अयोध्या से पधारे आचार्य राघवेंद्र जी की कथा होगी। प्रधान सेवक सुबोध जी ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगो के पहुचने का आग्रह किया है।

## संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति ने किया प्रदर्शन

जौनपुर। बुधवार को संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के तत्वावधान में सैकड़ों पेंशनरों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान पेंशनरों ने एक नए वित्त अधिनियम के प्रावधानों पर चिंता व्यक्त की, जबकि सेवानिवृत्त शिक्षकों ने निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा में शामिल किए जाने की मांग की। पेंशनरों ने बताया कि केंद्र सरकार का एक अधिनियम पेंशनभोगियों का वर्गीकरण करने और उनके बीच अंतर बनाए रखने का अधिकार देता है। यह अधिनियम बिना किसी पूर्व सूचना के वित्त विधेयक के हिस्से के रूप में लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और उसी दिन अनुमोदित भी हो गया। समिति का कहना है कि यदि यह अधिनियम लागू होता है, तो पेंशनभोगियों की सेवानिवृत्ति की तिथि को पेंशन पात्रता का आधार बनाया जाएगा। इससे किसी भी केंद्रीय या अन्य वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभ से वे पेंशनभोगी वंचित हो जाएंगे, जो आयोग के कार्यकाल से पहले सेवानिवृत्त हुए हैं। यह एक बड़ा भेदभाव पैदा करेगा। फेडरेशन ने आशंका व्यक्त की है कि इससे वर्तमान पेंशनभोगियों को गंभीर आर्थिक हानि होगी, खासकर मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों में, क्योंकि वे पेंशन वृद्धि के लाभ से वंचित रह जाएंगे। इसी बीच, उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा से वंचित हैं। वे कई वर्षों से राज्य कर्मचारियों की तरह कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग कर रहे हैं।

# लोहे के साबड़ से किया पत्नी पर वार, मौत

जिला संवाददाता(vol)



बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम सभा सिरसोती के महु आवारी टोले में आपसी कहासुनी झगड़े के दौरान पति ने गुस्से में आकर पत्नी के सिर पर लोहे के साबड़ से जोरदार वार कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बुरी तरह से घायल पत्नी को अस्पताल ले गई जहाँ डॉक्टरों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया व आवश्यक विधिक कार्यवाई में जुट गई।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक सिरसोती महु आवारी निवासी 26 वर्षीय सुमन देवी का विवाह म्योरपुर निवासी कन्हैया जाटव के साथ हुई थी शादी के बाद दोनों के 4 बच्चे भी है उसके बाद किसी बात को लेकर दोनों में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता रहता था जिससे अजीज आकर सुमन अपने बच्चों के साथ अपना ससुराल छोड़कर महुआवारी में अपनी माँ सीता देवी के पास अपने बच्चों के साथ रहने लगी। कुछ दिन बाद पति पत्नी के परिजनों में आपसी समझौते के बाद पति कन्हैया भी आकर अपने ससुराल में पत्नी के साथ रहने लगा कुछ दिनों बाद फिर से दोनों में झगड़ा झंझट होने लगा।

मामला मंगलवार 24 मार्च की रात्रि लगभग 11 बजे का है जब दोनों पति पत्नी में कुछ बातों को लेकर कहासुनी होने लगी जिसमे आसपास के लोगो ने दोनों को समझाने का प्रयास किया किंतु आरोपी पति ने लोगों को आपसी मामला बताकर वहां से भगा दिया। दोनों के बीच झगड़ा बढ़ता गया इसी बीच गुस्से में आकर पति ने हत्या की नीयत से घर मे रखे लोहे के साबड़ को उठाकर पत्नी सुमन के सिर पर और पेट में जोरदार वार कर दिया। जिससे सुमन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। आस पड़ोस के लोगों ने फौरन डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर फौरन पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल सुमन को एनटीपीसी धन्वतरि अस्पताल पहुंचाया जहाँ इलाज शुरू होने के कुछ देर पश्चात ही सुमन की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया तथा आरोपी पति कन्हैया जाटव को गिरफ्तार लिया तथा मृतका की माँ सीता देवी की तहरीर पर अग्रिम विधिक कार्यवाई में जुट गई।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है हत्या में प्रयुक्त साबर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है फोरेंसिक टीम मौके से और भी साक्ष्य जुटा रही है मामले में जांच जारी है और आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

## दोषी बाल अपचारी विष्णुकांत को उम्रकैद

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व हुए सौतेली मां रागिनी देवी हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश बाल न्यायालय सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी बाल अपचारी विष्णुकांत गुप्ता को उम्रकैद व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक कोन थाना क्षेत्र के निधिया टोला अजनिया गांव निवासी अनिरुद्ध गुप्ता पुत्र स्वर्गीय मानिक चंद ने कोन थाने में 19 सितंबर 2019 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह आज दिन में कचनरवा बाजार गया था। उसने अपनी बेटी रागिनी देवी 30 वर्ष की शादी करीब 6 साल पूर्व कचनरवा बाजार निवासी शिव नरायन गुप्ता के साथ किया था। उसे 4 वर्ष का बेटा भी है। शिव नरायन गुप्ता की एक पत्नी पहले से थी जिसे लेकर वे कोर्ट गए थे। घर पर रागिनी अपने बेटे के साथ अकेली थी। शिव नरायन गुप्ता के पहली पत्नी के बेटे विष्णुकांत गुप्ता ने अकेला पाकर उसकी बेटी रागिनी की चाकू से मारकर हत्या कर दी। शोरगुल की आवाज सुनकर वह गया तो देखा कि रागिनी मृत पड़ी थी और विष्णुकांत गुप्ता हत्या कर चाकू लेकर भाग रहा था। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी बाल अपचारी विष्णुकांत गुप्ता को उम्रकैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## 102 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधान हुए सम्मानित



आजमगढ़। मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्ष 2025 में जिलाधिकारी महोदय द्वारा घोषित जनपद में 102 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानो को महात्मा गांधी की मूर्ति तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी आजमगढ द्वारा यह बताया गया कि जो पंचायते वर्ष 2023, 2024 तथा वर्ष 2025 में लगातार 03 वर्ष टीबी मुक्त घोषित की गई, वह महात्मा गांधी की स्वर्ण कलर की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने योग्य है। जनपद में ऐसे ग्राम पंचायतो की कुल संख्या 05 है। इसी प्रकार वर्ष 2024 तथा वर्ष 2025 में लगातार 02 वर्ष टीबी मुक्त घोषित हो चुके ग्राम पंचायते महात्मा गांधी की रजत कलर की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र पाने योग्य है जनपद में ऐसी ग्राम पंचायतो की संख्या 23 है। इसी प्रकार केवल वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित हो चुके 74 ग्राम पंचायते महात्मा गांधी की कार्रय कलर की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र पाने योग्य है। ऐसी समस्त ग्राम पंचायतो के प्रधानो को मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य चिकित्साधिकारी आजमगढ, डा एनआर वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आजमगढ डा उमाशरण पाण्डेय, जिला क्षय रोग अधिकारी डा बीपी सिंह तथा उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा अविनाश झा द्वारा करतल ध्वनि के बीच महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अम्बिका सेवा संस्थान बिन्द्रा बाजार को 300 टीबी मरीजों को गोद लेने पर तथा 02 टीबी चैम्पियन श्रीमती पुष्पा यादव तथा ओम प्रकाश सिंह द्वारा टीबी जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ द्वारा समस्त ग्राम पंचायत्तो के प्रधानो को हार्दिक बधाई देते हुए यह अपील की गई कि इसी प्रकार आप सभी स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं को अपने-अपने ग्राम पंचायतों मे जनमानस के बीच क्रियान्वित करवाकर उसका समग्र लाभ जनमानस को दिलवायें। मुख्य चिकित्साधिकारी आजमगढ द्वारा बताया गया कि ऐसी समस्त ग्राम पंचायतें जहाँ पूरे वर्ष के दौरान 1000 की आबादी पर 01 से कम टीबी केस हो, 1000 की आबादी पर कम से कम 30 व्यक्तियों की टीबी की जाँच हुई हो, पूर्व वर्ष में उस ग्राम पंचायत में इलाजरत समस्त टीबी रोगियों मे से कम से कम 85 प्रतिशत टीबी रोगी इलाज से ठीक हो चुके हो, वर्तमान पूरे वर्ष के दौरान इलाजरत समस्त टीबी रोगियों मे से कम से कम 60 प्रतिशत टीबी रोगियों की ड्रग सेंसिटिविटी की जांच हुई हो, कम से कम 50 प्रतिशत टीबी रोगी इलाज के दौरान रू0 3000 की एक किस्त पोषण सहायता के रूप में प्राप्त कर चुके हो तथा पूरे वर्ष के दौरान उस ग्राम पंचायत मे इलाज के दौरान समस्त टीबी रोगियों को पोषण पोटली की एक किट प्रदान की जा चुकी हो, ऐसे समस्त ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित होने के मानकों को पूरा करती है।

## सत्संग में धर्म परिवर्तन की कवायद, चार गिरफ्तार

आजमगढ़। जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने चार अभियुक्तों और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 25 मार्च की सुबह मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस के अनुसार, 24 मार्च को वादी ने थाना रौनापार में सूचना दी थी कि ग्राम अराजी नौबरार करखिया किता प्रथम निवियहवा स्थित रामकिशुन के घर पर सत्संग का आयोजन किया जा रहा है।

आरोप है कि इस दौरान कुछ लोग उपस्थित ग्रामीणों को प्रलोभन देकर दूसरा धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने मु0अ0सं0 67/26 के तहत धारा 5(1)/3 उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान 25 मार्च की सुबह करीब 7:15 बजे उपनिरीक्षक रमेश कुमार और उपनिरीक्षक रामविलास प्रसाद अपनी पुलिस टीम के साथ पचपुलिया इस्माईलपुर के पास पहुंचे, जहां से पांचों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में रामकिशुन (74 वर्ष) निवासी अराजी नौबरार करखिया, महेन्द्र प्रजापति (45 वर्ष) और उनकी पत्नी बिन्दू प्रजापति (38 वर्ष) निवासी कासिमपुर जिगनी, थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर, अनिरुद्ध पटेल (42 वर्ष) निवासी कोलवा तथा अक्षय कुमार (25 वर्ष) निवासी बड़ा गोड़ियाना शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो धर्म ग्रंथ, एक धार्मिक शास्त्र, एक नोटबुक और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है और अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रमेश कुमार, उपनिरीक्षक रामविलास प्रसाद, कांस्टेबल विकास कुमार, चन्दन गौड़, जयप्रकाश वर्मा और महिला आरक्षी प्रथमा शामिल रहीं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ठेकेदार से जेई ने मांगे एक लाख रुपये एंटी करप्शन ने घूस लेते पकड़ा



मीरजापुर। जिले के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के बाणसागर खंड-3 में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 लाख घूस लेते हुए एक जेई को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद टीम जेई को अपने साथ ले गई है। इस कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। फिलहाल एंटी करप्शन टीम मामले की आगे जांच में जुटी हुई है। आरोप है कि जेई मुसाफिर यादव ने एक लाख की घूस मांगी थी। इस मामले में ठेकेदार ने एंटी करप्शन से शिकायत की थी, जिस पर सक्रिय हुई टीम ने छाल बिछाकर बाण सागर कॉलोनी से जेई को पकड़ा है।

## बंद हजार ईट भट्ठे फिर से होंगे संचालितः रविंद्र

जौनपुर। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डा. रविंद्र प्रताप सिंह ने अपने पैतृक गांव में सरपतहां में उनके ही सहयोग से एक सामाजिक संस्था द्वारा गांव में चालीस सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सौर ऊर्जा का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि 2012 में पहली बार ईट भट्ठों की नियमावली आई थी। उसमें कुछ ऐसी शर्ते थी कि जिसकी वजह से प्रदेश के चार से पांच हजार ईट भट्ठे अवैध घोषित कर दिए गए थे। और जिनको मान्यता नहीं प्राप्त हो रही थी।



अब 12 साल बाद उस नियमावली में संशोधन करने के पश्चात उसको कैबिनेट द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी ने मंजूर किया। और अब बंद पड़े ईट भट्ठे फिर से संचालित हो जायेगे। कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में गांवो की भूमिका सबसे अहम है। अगर गांव समृद्ध और आत्मनिर्भर होगे तो विकसित भारत का संकल्प पूरा होने से कोई रोक नहीं सकता। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम लोग पूरे प्रदेश में जन जागरूकता अभियान चला रहे है। विभाग और जिला प्रशासन ने वरुणा नदी के 12 किलोमीटर की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया, इसके साथ ही वाराणसी में भी वरुणा की सफाई और जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कहा कि प्लास्टिक का उपयोग आज कम हो रहा है। लोग खुद जागरूक हो रहे है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी व भाजपा नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से गांवों की तस्वीर बदल रही है। गांवों में बिजली, स्वास्थ्य, अच्छी सड़के और बेहतर शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं मिल रही है। इस अवसर पर सच्चिदानंद सिंह, शरद सिंह, जसवंत, रंजीत सिंह, प्रमोद सिंह, आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री को 9 साल के सफल कार्यकाल की दी बधाई

जिला संवाददाता

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने अपने कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन 9 वर्षों में योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी क्षेत्रों में विकास पर काम किया है।

विशेष रूप से बुनियादी ढांचा का विकास निवेश और उद्योग कृषि और ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं धार्मिक तथा सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के 12 लाख राज्य कर्मचारी एवं 16 लाख पेंशनर्स का भी सरकार ने ध्यान रखा है। कोरोना संकट काल में जब कई राज्यों में कर्मचारियों के वेतन के लाले पड़े थे, उत्तर प्रदेश सरकार ने न केवल समय पर वेतन एवं पेंशन का भुगतान कराया अपितु समय-समय पर देय महंगाई भत्ते का भुगतान भी किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में योगी सरकार के 9 साल के सफल कार्यकाल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए अवगत कराया है कि योगी जी के नेतृत्व में कर्मचारियों की कई बड़ी समस्याओं पर निर्णय लिए गए हैं। बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए सरकार ने 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने, भर्ती प्रक्रिया

- कर्मचारियों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर हुआ निर्णय
- 9 साल के कार्यकाल में कर्मचारियों की बहुत सारी समस्याओं का हुआ निराकरण
- कुछ समस्याओं पर ध्यान आकर्षण की जरूरत भी

को पारदर्शी बनाए जाने, पुलिस विभाग में 2 लाख से अधिक नियुक्तियां किए जाने, आउटसोर्सिंग, संविदा कर्मचारियों की सेवा शर्तों में सुधार किए जाने, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मानदेय निर्धारित किए जाने, संविदा कर्मियों के लिए सातवें वेतन आयोग का लाभ दिए जाने, विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों पर निर्णय लिए जाने, समय-समय पर महंगाई भत्ते तथा महंगाई राहत का लाभ कर्मचारियों को दिए जाने, पेंशन के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराए जाने, डिजिटल पेंशन प्रणाली विकसित किए जाने, स्थानांतरण नीति को पारदर्शी बनाए जाने, ई ऑफिस और डिजिटल फाइल सिस्टम लागू किए जाने, महिला कर्मचारियों के लिए विशेष प्रावधान किए जाने से संबंधित निर्णय विगत 9 वर्षों में लिए गए हैं। कर्मचारी हित में लिए गए इन निर्णयों के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी, महामंत्री अरुणा शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण जी दुबे, कार्यवाहक अध्यक्ष निरंजन कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, प्रीति पांडे, कोषाध्यक्ष नितिन गोस्वामी एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बधाई दिया है।

संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने कहा है कि कर्मचारियों के कई मामलों का निस्तारण विगत 9 वर्षों में हुआ है परंतु आशा बहू, आंगनबाड़ी, चौकीदार, शिक्षा मित्र एवं मानदेय पर कार्य करने वाले सभी संवर्गों के लिए न्यूनतम मानदेय का निर्धारण अभी तक सरकार नहीं कर पाई है। 2001 के बाद रिक्त पदों पर नियमानुसार गठित चयन समिति के माध्यम से चयनित कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण की कोई नियमावली प्रकाशित नहीं की गई है। लैब टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्निशियन, मलेरिया फाइलेरिया इंस्पेक्टर, कीट संग्रह करता, सहायक चकबंदी अधिकारी, विपणन निरीक्षक सहित दर्जनों संवर्गों की वेतन विसंगतियों पर मुख्य सचिव समिति में निर्णय लंबित है, कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए शासन स्तर पर संवाद की कड़ी टूट चुकी है, जिसके कारण कर्मचारियों में थोड़ा गुस्सा भी है। मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव कार्मिक के स्तर से कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ना कोई वार्ता की जा रही है और नहीं विभागीय स्तर के अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण में रुचि ले रहे हैं। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने 9 वर्ष के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री जी को बधाई देते हुए कर्मचारियों की लंबित समस्याओं विशेष रूप से खाद्य रसद विभाग, सिंचाई विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदों का कैडर रिव्यू कराए जाने, 2001 के बाद कार्य कर रहे तदर्थ, कैजुअल, दैनिक वेतन एवं संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण की नियमावली निर्गत किए जाने, लंबित वेतन विसंगतियों पर निर्णय किए जाने पर मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए त्वरित निस्तारण का अनुरोध भी किया है।

## मां चौकिया धाम में 40 फीट का लाल फरहरा



जौनपुर। भंडारी रेलवे स्टेशन जंक्शन से आठ दषक से ज्यादा समय से चल रहे इस साल भी चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन 40 फीट का लाल फरहरा जिसपर जय मां शीतला अंहकित है लेकर श्रद्धालु नंगे पांव जंक्शन भंडारी मोहल्ले से मील चैराहा नई सब्जी मंडी होते हुए ढोल नगाडे के साथ मां शीतला का जयकारा लगाते हुए पहंचे।

बढ़कर चौराहा पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शीश झुकाते हुए चौकिया धाम पहुंचकर झंडे को झुकाते हैं फिर मां शीतला के गुम्बद पर झंडा लगाते हैं और राजपूत राठौड़ परिवार बड़े ही श्रद्धा के साथ मां का दर्शन पूजन और हवन पूजन करते हैं,। इस मौके पर करतार सिंह जोगेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह बली जय सिंह भरत सिंह सुशील सिंह, बबलू सिंह, वीर सिंह, मिथिलेश सिंह, अखिलेश सिंह व सभी भक्त को मां शीतला चैकिया धाम मंदिर के महंत विवेकानंद पंडा जी महराज सभी के माथे पर तिलक लगाया।

आशीष माली व मंदिर अध्यक्ष विकास पांडा लाडू पांडा सौरभ पांडा राजेश पंडा मुक्तेश्वर पांडा मोनी पांडा सूर्यनारायण पांडा सुजीत पांडा सोनू पांडा आदि ने कहा की 90 वर्षों की परंपरा लेकर चल रहे हैं जो स्वागत योग्य और सराहनीय है।

## बेटे ने मां को पीटकर किया अधमरा

जौनपुर। केराकत कस्बे के शेखजादा मोहल्ले में मां बेटे के रिष्ते को अमानवीयता की हदें पार करने की घटना सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपनी वृद्धा मां की बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। साथ ही भौजाई शालिनी सिंह निधी, भतीजि वार्तिका सिंह भी घायल हो गयी हैं। बताते है कि शेखजादा मोहल्ला निवासी 80 वर्षीय शीला सिंह राजकीय कन्या पाठशाला में प्रवक्ता रह चुकी हैं, जबकि उनके पति स्वर्गीय वीरेन्द्र सिंह केराकत स्थित एक पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रवक्ता थे। करीब छह माह पूर्व पति बीरेंद्र सिंह का निधन हो गया था। उनके चार पुत्र हैं, जिनमें से दो पप्पू और भोलू (उर्फ संदीप) मां के साथ ही रहते हैं, जबकि मुन्ना और गोलू बाहर रहते हैं। बुधवार को दोपहर किसी बात को लेकर भोलू उर्फ संदीप को गुस्सा आ गया और उसने डंडे तथा लात-घूंसों से मां की जमकर पिटाई कर दी। हमले में भाभी, भतीजि को भी चोटे आई हैं। मां शीला सिंह के सिर, पेट और पीठ में गंभीर चोटें आईं, जिससे वह बेहोश हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव कर घायल वृद्धा को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार रजक, प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे भोलू उर्फ संदीप को हिरासत में ले लिया है। तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## 27 को सम्मानित होंगे ग्राम प्रधान व आयोजित होगा खादी सेमिनार

आजमगढ़। उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 27 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे से खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत प्रोत्साहन निति के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु अधिक से अधिक खादी ग्रामोद्योग इकाईयों की स्थापना हेतु प्रत्येक जनपदों के प्रत्येक विकास खण्ड में 02 ग्राम प्रधानों को जिनके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर खादी ग्रामोद्योगी योजनाओं के अन्तर्गत विगत तीन वर्षों में अधिकतम उद्योग स्थापित कराया गया है उनको जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार स्वरूप दो हजार मात्र की धनराशि अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाना है। खादी के शोध डिजाइन मानकीकरण एवं प्रचार-प्रसार योजना के अन्तर्गत खादी के प्रोमोशन हेतु मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार जनपद स्तर पर आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें खादी को बढ़ावा देने एवं उनके उत्साह वर्धन हेतु खादी के पदाधिकारी एवं खादी की संस्थाओं में कार्यरत कत्तिन/बुनकर भी रहेंगे। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक, सदस्य विधान परिषद उप्र द्वारा किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी आजमगढ़, मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ एवं सम्मानित अतिथि के रूप में मुख्य राजस्व अधिकारी आजमगढ़, जिला विकास अधिकारी महोदय आजमगढ़, जिला पंचायत राज अधिकारी आजमगढ़ की गरिमामयी उपस्थिति सम्भावित है। खादी के विकास पर व्याख्यान दीपक राय, बिजनेस एक्सपर्ट द्वारा दिया जायेगा। उनके द्वारा खादी की संस्थाओं को पैकेजिंग डिजाईनिंग तथा एक्सपोर्ट में विकास हेतु टिप्स दिये जायेंगे।

## दादा-पोते की मौत में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

जौनपुर। एक तरफ समाज में जहां लोग डॉक्टरों को भगवान से तुलना करते हैं। वहीं समाज के कुछ लोग इसे अपवाद के नजरिये से नकारते दिखायी दे रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण बदलापुर कस्बा निवासी आतिश बाज लाल साहब और उनके पोते की इलाज के दौरान हुयी मौत से, परिजनों को झकझोर कर रख दिया। उनका कहना है कि डाक्टर कि लापरवाही से दादा पोते की मौत हुई है। परिजन ऐसे में डॉक्टरों को हैवान की संज्ञा दे डालते है। हालांकि दादा-पोते की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। बदलापुर ध्थाना क्षेत्र के बरौली वार्ड 3 निवासी मुहम्मद सलीम (मुन्ना) के पुत्र अरबाज सिद्दीकी (रोमी) की दुर्घटना का मामला सामने आया है। जहां बीते 11 मार्च को अज्ञातवाहन की टक्कर से बाइक सवार दादा और उनका पोता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए शहर स्थित दुर्गा सिटी हॉस्पिटलमें भर्ती कराया गया। जहां दादा की उसी दिन मौत हो गई थी। घटना के बाद से ही पोते का इलाज चल रहा था। कंतु हालत में सुधार नहीं हो सका। अंततः चार दिन बाद डाक्टर ने इलाज के लिये अन्यत्र भेज दिया। जहां उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस दूसरी मौत ने पूरे परिवार को बिचलित कर दिया। परिजनोंका आरोप है, कि दुर्गा सिटी अस्पताल के डॉक्टर आलोक यादव की लापरवाही के चलते दोनों की जान गयी है। घटना को लेकर इलाके में आक्रोश का माहौल है। लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपों के सत्यता की पड़ताल की जा रही है।

## शिक्षा से ही भविष्य होगा उज्जवल

शाहगंज (सोनभद्र)। घोरावल ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढुटेर का वार्षिकोत्सव बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम हवन-पूजन




कर शिक्षा के साथ स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए आह्वान किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की परंपरानुसार मिट्टी की दीया, राखी, रंगोली, साइंस क्विज, सांस्कृतिक एवं खेल-कूद आदि प्रतियोगिताओं व परीक्षाओं के साथ ही विद्यालय में बेहतर प्रदर्शन करने व शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन के लिए पाठ्य सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल ओड़हथा की प्रधानाध्यापिका अमृता सिंह ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जो बच्चे मन लगाकर निष्ठा के साथ पढ़ेंगे वही आगे बढ़ेंगे। यह तभी संभव है जब बच्चे नियमित स्कूल पहुंच अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे। प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद व अभिषेक सिन्हा ने भी बच्चों तथा अभिभावकों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक यतिनंदनलाल ने अतिथियों के प्रति जहां आभार व्यक्त किया वही संचालन सहायक अध्यापक राजकुमार ने किया। इस मौके पर अमित श्रीवास्तव, रत्नेश द्विवेदी, कौशल दुबे, उदित नारायण, नीलू सोनकर, सुनीता, निशा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानदास कनौजिया, पूर्व ग्राम प्रधान रामजीत मौर्य, त्रिलोकी श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिंह, आनंद कुमार मौर्य आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन खंभा गिरने से दो मजदूरों की मौत

बलिया। जिले के मधुबनी गांव में बुधवार को एक निर्माणाधीन पुल के खंभे के लिए सरिया बांधते समय ढांचे के अचानक गिर जाने से उसके नीचे दबकर लखीमपुर खीरी जिले के निवासी दो मजदूरों की मौत हो गई और एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार तुर्तीपार पुल के निकट एक नए पुल का निर्माण किया जा रहा है, बुधवार पूर्वाह्न साढ़े दस बजे मजदूर खंभे के निर्माण के लिए सरिया बांध रहे थे कि तभी सरिये का ढांचा गिर गया और पप्पू (30), अमित (29) व जुगल (21) मलबे के नीचे दब गए। थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि मलबे के नीचे दबे तीनों मजदूरों को जेसीबी मशीन की मदद से बाहर निकालकर तत्काल सीयर इलाके के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पप्पू और अमित को मृत घोषित कर दिया। दोनों लखीमपुर खीरी जिले के धरहरा थाना क्षेत्र के खैरा पुरवा के रहने वाले थे। पीलीभीत जिले के मधेपुरा थाना क्षेत्र के निवासी जुगल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच जारी है।

संक्षेप

## चीनी मिल संचालन की जगी उम्मीद

**भटनी (देवरिया)।** जिले में बंद पड़ी चीनी मिलों को लेकर चल रही बदहाली के बीच भटनी चीनी मिल एक बार फिर चर्चा में आ गई है।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पी एम एल ए) के तहत कार्रवाई करते हुए मिल की संपत्ति को अपने कब्जे में ले लिया है।ईडी द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अधिनियम की धारा 8(4) के अंतर्गत यह संपत्ति अब भारत सरकार के नियंत्रण में है।ऐसे में किसी भी प्रकार का हस्तांतरण पूरी तरह अवैध माना जाएगा और उल्लंघन करने वालों तथा अतिक्रमियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बताया जाता है कि भटनी चीनी मिल की स्थापना वर्ष 1919 में अंग्रेजी हुकूमत के दौरान हुई थी।वर्ष 2011 में इस मिल को एक निजी कंपनी को बेच दिया गया था।एक समय इस मिल की प्रतिदिन लगभग छह हजार क्विंटल गन्ना पेराई की क्षमता थी, जिससे हजारों गन्ना किसानों की आजीविका जुड़ी हुई थी।

# जिले में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता घबराने की आवश्यकता नहीं : डीएम

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर फैल रही भ्रामक सूचनाओं के बीच जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन की किसी प्रकार की कमी नहीं है।उन्होंने जनपदवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हो रही है।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पेट्रोल की दैनिक खपत लगभग 263 किलोलीटर है, जबकि वर्तमान में विभिन्न डिपो में कुल 1543 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है, जो कई दिनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। इसी प्रकार, डीजल की दैनिक मांग लगभग 435 किलोलीटर है, जबकि जिले में वर्तमान समय में 1960 किलोलीटर डीजल का स्टॉक मौजूद है। यह आंकड़े स्पष्ट रूप से दशार्ते हैं कि जनपद में ईंधन की कोई कमी नहीं है।उन्होंने आगे बताया कि तेल कंपनियों द्वारा नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है तथा डिपो से पेट्रोल पंपों तक ईंधन की आवक निरंतर बनी हुई है।

- **डिपो में कुल 1543 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है, जो कई दिनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है**
- **डिपो से पेट्रोल पंपों तक ईंधन की आवक निरंतर बनी हुई है**
- **अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी**

किसी भी स्तर पर आपूर्ति बाधित नहीं है और प्रशासन द्वारा इस पूरी व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है।

जिलाधिकारी मित्तल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं। उन्होंने कहा कि घबराहट में ईंधन का अतिरिक्त भंडारण करने से कृत्रिम कमी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे अन्य लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी पेट्रोल पंप संचालक निर्धारित मानकों के अनुरूप ईंधन की बिक्री सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।साथ ही संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

जिलाधिकारी ने पुनः दोहराया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और जनहित में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे जनपदवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

# तीन दिवसीय रोवर्स/ रेंजर्स शिविर का समापन

**कुशीनगर।** बुद्ध पीजी कालेज कुशीनगर में तीन दिवसीय रोवर्स/ रेंजर्स शिविर का समापन बुधवार प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ।मुख्य अतिथि भूगोल विभाग के शिक्षक डॉ ज्ञानेश सिंह ने शिविरार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित करते हुए कहा कि यहाँ से प्राप्त अनुभवों को जीवन मे उतारने पर ही शिविर की सफलता निर्भर करेगी।

आप सेवा, समर्पण व त्याग की भावना से जब परोपकार का कार्य करेंगे तभी शिविर का वास्तविक उद्देश्य सिद्ध होगा।डॉ सिंह ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना था।रोवर्स-रेंजर्स युवाओं में सेवा, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। विशिष्ट अतिथि मुख्य नियंता डॉ दुर्गेश मणि त्रिपाठी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण से बेहतर चरित्र का निर्माण होता है। विद्यार्थियों को इस प्रकार के शिविर में अधिक से अधिक प्रतिभाग करना चाहिए। डॉ त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। रोवर्स-रेंजर्स जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यवहारिक जीवन के लिए तैयार करते हैं और उनमें नेतृत्व क्षमता, सहयोग तथा सेवा की भावना को सुदृढ़ करते हैं। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत रेंजर्स लीडर डॉ अंशू यादव ने किया। प्रशिक्षण देने का कार्य जिला प्रशिक्षण आयुक्त मु. इजहारुल खान, एनपी सिंह, राहुल गोंड, सुष्मिता पाण्डेय, आस्था भारती द्वारा किया जा रहा है। संचालन मु. इजहारुल खान ने किया। आभार रोवर्स लीडर डॉ राजीव राय ने ज्ञापित किया।

अंत मे झंडावरोहण के साथ के साथ शिविर समापन की घोषणा हुई। इस अवसर पर डा. दुर्गविजय सिंह, डॉ पूजा, डा. कमाल हसन, डॉ राकेश सोनकर, अमित तिवारी, वासु गोंड आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक स्कूली बस में घुसी, दो युवकों की मौत

**भटनी (देवरिया)।** भटनी-नूनखार मार्ग पर नूरीगंज चौराहे से करीब 200 मीटर दूर गन्ना विकास समिति के सामने मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही बाइक सीधे स्कूली बस में जा घुसी, जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, भटनी की ओर से एक स्कूली बस छात्राओं को लेकर जा रही थी।जैसे ही बस गन्ना विकास समिति भटनी के पास मोड़ पर पहुंची, उसी समय सिसवां की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हीरो स्प्लेंडर बाइक अनियंत्रित हो गई।बाइक सवार युवकों ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार से संतुलन बिगड़ने से बाइक सीधे बस के पिछले हिस्से में जा घुसी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक बस में ही फंस गई।आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद बाइक व घायलों को बाहर निकाला। तत्पश्चात एम्बुलेंस की मदद से दोनों को मेडिकल कॉलेज देवरिया भेजा गया।बताया जा रहा है कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि दूसरे की हालत बेहद गंभीर थी।मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान रफीऊल्लाहपुत्र रजुल्लाह एवं अभिषेक यादव पुत्र नथुनी यादव निवासी ग्राम बरडीहा, थाना खुखुंदू के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और घरों में मातम पसर गया।पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं, बस और बाइक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## हर विकास खंड से 02 ग्राम प्रधान सम्मानित, स्वरोजगार को बढ़ावा

**देवरिया।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु जनपद के प्रत्येक विकास खंड से 02 ग्राम प्रधानों को जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करना रहा  जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद ने कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं—मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, पीएमईजीपी पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना, माटीकला योजना, कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना तथा माइक्रो कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापना—की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा प्रत्येक चयनित ग्राम प्रधान को 2000 रुपये की नगद धनराशि, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।  इस अवसर पर मुरारी मोहन शाही, अजीत कुमार सिंह (जिला पंचायत सदस्य), बी.पी. सिंह (सहायक विकास अधिकारी), अजहरूद्दीन अंसारी (वरिष्ठ सहायक), रजनीश मिश्रा, राहुल गुप्ता, दिनेश गौड़ सहित जनपद के सभी विकास खंडों से आए ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। ग्राम प्रधानों का चयन मुख्य विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद की समिति द्वारा किया गया।

# जिला किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक आयोजित

देवरिया । आज पुलिस लाईन देवरिया के प्रेक्षागृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एस0जे0पी0यू0) की मासिक समीक्षा बैठक माह- मार्च 2026 का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डा0 संजय गुप्ता नोडल आफिसर स्वास्थ विभाग, देवरिया के द्वारा किया गया।बैठक का संचालन श्री जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा किया गया।बैठक मे श्री तिवारी के द्वारा 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रिय अभियान के सफलता के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह हो जाने के दोषी पाए जाने पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत दो वर्ष की सजा एवं एक लाख रुपए के दंड कि प्राविधान है तथा बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही का प्रावधान है इसके साथ ही पाक्सो प्रकरणों में पिडिता की सहायता, सुविधा हेतु कार्य करने वाले सपोर्ट पर्सन / सहायक व्यक्ति के कार्य एवं नियमों के बारे में जानकारी दिया गया बैठक में श्री ब्रजेश नाथ तिवारी सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के द्वारा विधि विरूद्ध बालको को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करते समय सोशल बैंग ग्राउण्ड रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किये जाने हेतु जानकारी दिया गया। बैठक मे श्री विवेकानन्द मिश्र सदस्य बाल कल्याण समिति के द्वारा बाल कल्याण समिति से सम्बन्धित विषयो की जानकारी देते हुये बच्चो को अपने बच्चे की तरह समझने एवं उनके साथ अच्छा व्यवहार करने के बारे मे बताया गया।बैठक मे श्री पंकज मिश्रा श्रम विभाग के द्वारा बाल श्रम उन्नमूलन एवं श्रम विभाग से सम्बन्धित योजनाओ के बारे मे जानकारी दिया गया।बैठक में श्रीमती नितू भारती केंद्र वन स्टाप सेंटर के कार्य ,विषेशता एवं  सुविधाओं के बारे में जानकारी दिया गया ।

# डीएम की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आयोजित

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान एवं व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे व्यापारिक गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित होती रहें और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक के दौरान व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। इस क्रम में रेलवे क्रॉसिंग देवरिया के समीप जाम की समस्या, बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याएं सहित



अन्य मुद्दे भी उठाए गए। जिलाधिकारी ने इन बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए नियमानुसार त्वरित निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा व्यापारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं तथा विभिन्न विभागों को इस संबंध में सक्रिय एवं उत्तरदायी भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें  इसके साथ ही बैठक में पूर्व में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति की संक्षिप्त समीक्षा भी की गई तथा लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत थाने का भ्रमण कर छात्राओं ने ली सुरक्षा की जानकारी



**कुशीनगर।** कसया नगर स्थितकंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय की बच्चियों को मिशन शक्ति कार्यक्रम-6 के तहत कसया थाना का भ्रमण कराया गया। जहां वहां बच्चियों को पुलिस अधिकारियों से नागरिक सुरक्षा विशेषकर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा और जागरूकता की जानकारी ली।शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति कार्यक्रम-6 के तहत बुधवार को कंपोजिट विद्यालय कसया के प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह की देखरेख में शिक्षिका कल्पना सिंह और वंदना पांडेय के नेतृत्व में छात्राएं उल्लासपूर्ण माहौल में कसया थाना पहुंचकर भ्रमण किया। जहां उन्हें पुलिस कर्मियों द्वारा बच्चियों को महिलाओं और बच्चियों के साथ घटित हो रहे अपराधों एवं उनके प्रति सतर्कता व बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न हेल्प लाइन नंबर से परिचित कराते हुए सहायता के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

## नामित तीन सभासदों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

बरहज,देवरिया। भलुअनी नगर क्षेत्र के विजय लान में  मनोनीत सभासदों के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में मनोनीत सभासद अष्टभुजा श्रीवास्तव,सुरेश कुमार पांडेय व पवन सिंह को नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । उसके बाद मनोनीत सभासदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।शपथ समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष देवेश कुमार ने  कहा कि मनोनीत सभासद नगर के विकास में अपना योगदान देते हुए शासन के मंशा के अनुरूप कार्य करेंगे ।अधिशासी अधिकारी अमिताभ मणि ने कहा कि सभासदों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से योजनाओं को प्रभावी ढंग से नगर क्षेत्र में लागू किया जाएगा ताकि जनता को लाभ मिल सके।कार्यक्रम का संचालन डॉ वाई के तिवारी ने किया ।इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक प्रेमचन्द्र मिश्र, मनोज तिवारी,  गिरजेश सिंह, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी लूट का खेल: वर्दी में छिपे लुटेरों का काला सच उजागर

बृजबिहारी त्रिपाठी

**कुशीनगर।** सुरक्षा का भरोसा देने वाली खाकी जब खुद साजिश रचने लगे, तो कानून-व्यवस्था का चेहरा कितना भयावह हो सकता है इसकी बानगी रामकोला थाना क्षेत्र में देखने को मिली। यहां खाकी की वर्दी में छिपे ह्यगिरोहह्ण ने ऐसा खेल खेला कि सच सामने आते ही पुलिस महकमे की नींव हिल गई। इनके मातहतों द्वारा लाखों रुपये की लूट की जो कहानी गढ़ी गई, वह दरअसल खाकी के भीतर पल रहे लालच और अपराध की पटकथा थी।

**खाकी पर दाग: गांजा तस्करी के काले खेल में पुलिसकर्मी शामिल**

बेशक ! जब कानून के रखवाले ही कानून को चकमा देकर जघन्य अपराध को अंजाम देने लगे तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। रामकोला थाने के सिपाहियों के सामने आये अपराधिक कारनामे यह साबित करता है कि खाकी का दामन अंदर से कितना दागदार हो चुका है। लाखों रुपये की कथित लूट की जो कहानी तस्करो ने गढ़ी थी, वह दरअसल खुद पुलिसकर्मियों की साजिश निकली। पर्दा उठा तो सामने आया गांजा तस्करी का संगठित खेल।

**खुलासे मे खाकी का घिनौना चेहरा हुआ बेनकाब**

खुलासा हुआ कि यह कोई लूट की घटना नहीं, बल्कि गांजा तस्करी से कमाए गए काले धन को हड़पने का सुनियोजित षड्यंत्र था और इस षड्यंत्र के किरदार खाकी वर्दी के पीछे छिपे पुलिसकर्मी थे।जांच में सामने आया कि सिपाही सूरज गिरी इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड था। उसने तस्करों के साथ मिलकर अवैध धंधे की ऐसी ह्यसाझेदारीह्ण बना रखी थी, जहां गांजा तस्करी से आने वाला पैसा सीधे उसके खाते में पहुंचता था। रकम बढ़ी तो नीयत बिगड़ गयी और फिर रची गई फर्जी लूट की कहानी, ताकि पैसा भी हड़प लिया जाए और मामला भी दब जाए।

**सिपाही सुरज गिरी के साझेदार तीन सिपाही**

चौंकाने वाली बात यह है कि इस गंदे खेल में सिपाही सूरज गिरी अकेला नहीं है। उसके साथ तीन और खाकीधारी सिपाही विनोद गुप्ता, सिपाही जितेन्द्र पाल व सिपाही नितेश यादव भी साझेदार और हिस्सेदार है। यानी कानून की रक्षा का जिम्मा संभालने वाले ही कानून के साथ खेल रहे थे।इस कांड ने यह साफ कर दिया है कि कुछ भ्रष्ट पुलिसकर्मियों ने वर्दी को ह्यढालह्ण नहीं, बल्कि ह्यहथियारह्ण बना लिया है जिसके सहारे वह बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या इस बार भी कार्रवाई सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह जाएगी, या फिर इन वर्दीधारी गुनहगारों पर ऐसा प्रहार होगा जो आने वाले समय के लिए नजीर बनेगा?

**इन पर दर्ज हुआ मुकदमा**

सख्त धाराओं में कसा शिकंजा

रामकोला पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बड़ी कार्रवाई करते हुए सिपाही सूरज गिरी, सिपाही विनोद गुप्ता, सिपाही जितेन्द्र पाल समेत सुन्दर लाल निषाद, सुरेश यादव उर्फ सुनील यादव, मनोज बिंद, रणजीत यादव उर्फ राहुल, पंकज, रत्नेश राय, दीपु भारती व धीरज के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (एनडीपीएस एक्ट) की धारा 8, 20(बी), 27(ए) व 29 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।इन धाराओं के तहत आरोपियों पर न सिर्फ संगठित तस्करी, बल्कि अवैध कमाई और आपराधिक साजिश का गंभीर आरोप तय हुआ है, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ना तय माना जा रहा है।

**एसपी की सख्ती से घिरे खाकीधारी, अब बचना मुश्किल**

गांजा तस्करी और फर्जी लूट कांड में बेनकाब हुए खाकीधारियों के गंदे खेल को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने गंभीरता से लेते हुए साफ संकेत दे दिया हैं कि इस बार दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**जीरो टॉलरेंस का संदेश**

एसपी केशव कुमार के रुख से यह साफ हो गया है कि पुलिस विभाग की छवि खराब करने वाले कर्मियों के खिलाफ ह्लजीरो टॉलरेंसह्व की नीति अपनाई जा रही है। जांच में दोषी पाए गए सिपाहियों के खिलाफ कठोर विभागीय और कानूनी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

**बचाव के रास्ते बंद**

सूत्रों के मुताबिक, मामले में शामिल सिपाहियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाए जा चुके हैं। ऐसे में अब उनके लिए बच निकलना बेहद मुश्किल हो गया है। विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ जेल की राह भी तय मानी जा रही है।

**संदेश साफ खाकी में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं**

एसपी केशव कुमार की सख्ती ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वर्दी की आड़ में अपराध करने वालों के लिए अब कोई जगह नहीं है। यह कार्रवाई न सिर्फ दोषियों पर भारी पड़ेगी।

## दिवंगत एमएलसी के आवास पर संवेदना व्यक्त करने वालों का लगा रहा तांता

**देवरिया ।** देवरिया सदर ब्लॉक के तीन बार प्रमुख ,विधान परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रहे महेंद्र यादव के निधन के बाद उनके पैतृक गांव मुंडेरा आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का देर शाम तक तांता लगा रहा । सुबह से ही जनप्रतिनिधि ,राजनीतिक दलों के पदाधिकारी ,सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार, व्यापारी एवं क्षेत्रय नागरिक बड़ी संख्या में पहुंचकर शोकाकुल एकलौते पुत्र डॉ अभिषेक यादव समेत परिजनों को ढाढ़स बधाया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक विनय तिवारी, गणेश पांडेय, डॉक्टर पी के राय ,अनुग्रह नारायण सिंह उर्फ खोखा सिंह ,भाजपा नेता डॉक्टर मसूदन मिश्रा ,संजय राव पूर्व प्रधानाचार्य एवं पत्रकार पौहारी शरण राय कैप्टन वीरेंद्र सिंह पूर्व प्रवक्ता डीके श्रीवास्तव ,परशुराम शुक्ला आदि ने देवगत नेता के सामाजिक राजनीतिक सेवा  को याद करते हुए उन्हें जन सेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना एवं शोक संतृप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया।

## 30 मार्च तक होगा इग्नू के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश



**कुशीनगर।** जनवरी सत्र में इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि का अंतिम विस्तार हो गया है। यह प्रवेश अब 30 मार्च तक होगा। घर बैठे उच्च गुणवत्ता युक्त प्रामाणिक शिक्षा प्राप्त कराने वाले भारत सरकार के सबसे बड़े केंद्रीय विश्वविद्यालय इग्नू (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) में जनवरी सत्र में यह प्रवेश की तिथि विस्तारित हुई है। बी ए, बी कॉम, एम ए सहित स्नातकोत्तर और स्नातक कोर्स में प्रवेश हेतु यह तिथि बढ़ी है। उक्त जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक और बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में हिंदी के आचार्य प्रोफेसर गौरव तिवारी ने दी है । प्रोफेसर गौरव ने बताया कि इग्नू में परीक्षा का स्वरूप वार्षिक है अर्थात वर्ष में एक बार ही परीक्षा देने की व्यवस्था है जिससे कामकाजी लोगों को ज्यादा अवकाश लेने की जरूरत नहीं होती।

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के मामले में त्वरित न्याय की अनूठी मिसाल

**कुशीनगर।** जिले में एक सात वर्षीय मासूम बालक अंकुश के साथ हुए दरिंदगी और हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस और न्यायपालिका ने त्वरित एवं कठोर कार्रवाई कर समाज को मजबूत संदेश दिया है।

- **केवल 32 कार्य दिवस में फांसी की सजा, डीएनए साक्ष्य ने किया खुलासा**

थाना जटहां बाजार क्षेत्र के गांव हिरनही बीन टोली में घटित इस जघन्य घटना में आरोपी को मात्र एक महीने से भी कम समय में फांसी की सजा सुनाई गई। यह मामला बच्चों के खिलाफ अपराधों पर शून्य सहनशीलता की नीति को साबित करता है।घटना की शुरूआत २२ फरवरी 2026 को हुई। मासूम अंकुश गांव में तिलक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जब वह घर नहीं लौटा तो परिवार ने खोजबीन शुरू की। अगले दिन 23 फरवरी को सुबह करीब ग्यारह बजे खैरा माई स्थान पर बच्चे की लाश मिली। मां ने तुरंत थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने तत्काल मुकदमा संख्या 020/2026 दर्ज किया। भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) और 238 (ए) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(जे)(4)/6 और 5 एम/6 लगाई गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। थानाध्यक्ष अभिनव मिश्रा के नेतृत्व में विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक आलोक यादव ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। मात्र 48 घंटे के अंदर आरोपी पिन्टू उर्फ कोयल (उम्र 22 वर्ष, निवासी हिरनही बीन टोली) को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पीड़ित का चाचा बताया जा रहा है। उसने कथित रूप से रुपए का लालच देकर बच्चे को सुनसान जगह पर ले जाकर पहले कुकर्म किया और फिर गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने कोई कसर नहीं छोड़ी। डिजिटल साक्ष्यों को ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से संरक्षित किया गया। चिकित्सीय अभिलेख और फोरेंसिक परीक्षण रिपोर्ट समय पर प्राप्त की गई। विशेष रूप से फोरेंसिक लैब से डीएनए सैंपल की रिपोर्ट प्राथमिकता के आधार पर मंगवाई गई, जिसने मामले को पूरी तरह पुख्ता कर दिया। पुलिस ने मात्र नौ कार्य दिवस में जांच पूरी कर 07/03/2026 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया।न्यायालय ने आठ मार्च को संज्ञान लिया और आरोप गठित किया। अपर सत्र न्यायाधीश तथा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, कुशीनगर ने दिन-प्रतिदिन सुनवाई का आदेश दिया। अभियोजन अधिकारी एडीजीसी जीपी यादव, एसपीपी सुनील मिश्रा और पैरोकार सोनू कुमार की प्रभावी पैरवी से सभी गवाह समय पर पेश किए गए। डीएनए रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और अन्य सबूतों को देखते हुए अदालत ने मामले को दुर्लभतम श्रेणी का मानते हुए 25 मार्च 2026 को फैसला सुनाया।अभियुक्त पिन्टू उर्फ कोयल को मृत्युदंड अर्थात फांसी की सजा तथा तीन लाख पच्चीस हजार रुपये का आर्थिक दंड दिया गया। यह फैसला मात्र तेरह कार्य दिवस में आया। पूरी प्रक्रिया में कुल बत्तीस कार्य दिवस लगे, जो उत्तर प्रदेश में ऐसे संवेदनशील मामलों के लिए रिकॉर्ड समय है। इस सफलता में थानाध्यक्ष अभिनव मिश्रा, विवेचक आलोक यादव, अभियोजन पक्ष और न्यायालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। कुशीनगर पुलिस ने डिजिटल और वैज्ञानिक साक्ष्यों का बेहतर उपयोग कर अपराधी को सजा दिलाई। यह घटना पूरे समाज के लिए चेतावनी है। बच्चों की सुरक्षा के प्रति अभिभावकों को सतर्क रहना चाहिए। साथ ही पुलिस और न्याय व्यवस्था की इस तेज कार्रवाई ने साबित किया कि बच्चों के साथ होने वाले जघन्य अपराध बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। मासूम अंकुश की आत्मा को शांति मिले और उसके परिवार को न्याय मिलने से कुछ राहत मिले।

# किशोरी से बलात्कार और हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद

**कुशीनगर।** स्थानीय अदालत ने 2020 में नाबालिग लड़की से बलात्कार और उसकी हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक फूलबदन व अजय गुप्त ने बुधवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार की अदालत ने मंगलवार को दोषी पर 4.25 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया और निर्देश दिया कि इस राशि का आधा हिस्सा पीड़िता के अभिभावक को दिया जाए।

पीड़िता के पिता ने 27 नवंबर, 2020 को तुर्कपत्ती थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 16 वर्षीय बेटी शाम साढ़े पांच बजे खेत से साइकिल पर अनाज लेकर चली थी लेकिन घर नहीं लौटी। उन्होंने बताया कि जब वह उसकी तलाश में खेत की ओर गए तो रास्ते में उसकी साइकिल गिरी मिली। आसपास तलाश करने पर उनकी बेटी का खून से लथपथ शव मिला। मौके पर एक चप्पल भी पाया गया। बाद में पोस्टमार्टम जांच से नाबालिग से दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में तब अहम सफलता मिली जब एक खोजी कुत्ते ने पुलिस को अपराध स्थल से सीधे पड़ोसी गांव गुरवलिया टोला के देवीपुर में आरोपी माईगर मद्धेशिया के घर तक पहुंचा दिया।  माईगर घर पर मौजूद नहीं था और उसके बुजुर्ग मां-बांप उसके बारे में जानकारी नहीं दे सके। पुलिस ने बाद में उसे उसके रिश्तेदार के यहां से पकड़ा।

पूछताछ के दौरान माईगर ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल के नजदीक खेत से धारदार हथियार, वह घटना के समय पहना हुआ कपड़ा बरामद किया। कपड़ों पर खून के धब्बे पाए गए।

सबूतों की जांच करने और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने माईगर को नाबालिग लड़की से बलात्कार और हत्या का दोषी पाया। अदालत ने कहा कि माईगर ने एक किशोरी का जीवन समाप्त कर दिया जिसने अपने जीवन की अभी शुरुआत ही की थी।

## बुजुर्ग दम्पति की संदिग्ध हालत में मौत

**बिजनौर।** जिले में बुजुर्ग दम्पति के घर में संदिग्ध हालत में उनके शव मिले हैं।अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात को कोतवाली देहात क्षेत्र के मंसूरी गांव में जीराज सिंह (75) और उनकी पत्नी रामरती देवी (72) की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शव पोस्टमार्टम के लिये भेजे। जीराज के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता लग सकेगा।

## पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी का जीवन पत्रकारों के लिए प्रेरणास्रोत

ललितपुर। पत्रकारिता के महान पुरोधा पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी की जयंती प्रेस क्लब कार्यालय में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि पं गणेश शंकर विद्यार्थी जी ने सदैव सत्य, न्याय एवं समाज के कमजोर वर्गों की आवाज उठाई।

# जनसंख्या संतुलन जरूरी

भारत जनसंख्या वृद्धि की गंभीर चुनौती का सामना आजादी के बाद से ही कर रहा है। आजादी के समय भारत की आबादी 34 करोड़ के करीब थी, जो फिलहाल 1.44 अरब हो चुकी है। बीते 77 वर्षों में भारत की आबादी करीब-करीब सवा चार गुना बढ़ी है। ऐसे में देश में युवाओं की कमी होने की बात समझ से परे हैं। ऐसे में आरएसएस सर संघ चालक मोहन भागवत ने हिन्दुओं को तीन बच्चे पैदा करने की सलाह देकर एक तरह से देश में विवाद को खड़ा कर दिया है। आज देश में जितनी आबादी है उसको भी बेहतर हवा, पानी, आवास, अच्छी शिक्षा और पोषण नहीं मिल पा रहा है। कुपोषण, खराब शिक्षा, वायु प्रदूषण, पेयजल संकट, स्वास्थ्य सेवाओं का कमजोर ढांचा ये देश के लिए गंभीर समस्या है। अभी उत्तर प्रदेश में 40 हजार पुलिस कर्मियों की भर्तियां निकली हुई थीं। इसके लिए करीब 40 लाख युवाओं ने आवेदन किया। अब अगर सभी 40 लाख युवा योग्य हों, तो भी 99 फीसद को रोजगार नहीं मिलेगा। एक तरफ देश के युवा बेरोजगारी में जवानी बिताने को अभिशप्त हों और दूसरी तरफ जनसंख्या बढ़ाने की सलाह देना, यह समझ से परे है। शायद मोहन भागवत कुछ और कहना चाहते थे, किसी दूसरी समस्या की तरफ इशारा करना चाहते थे, लेकिन वह कह नहीं सके। किसी असमंजस में या विवाद से बचने के चक्कर में उन्होंने समस्या का समाधान सुझाने के बजाय ऐसी सलाह दी जिससे समस्या बढ़ेगी। देश में जनसंख्या की कमी समस्या नहीं है बल्कि जनसंख्या संतुलन बड़ी चुनौती है। इसमें लिंगानुपात भी एक समस्या है और विभिन्न धर्मों के बीच जन्मदर में जो असंतुलन है, उसकी भी चिंता आरएसएस प्रमुख को होगी। इसलिए जो असल समस्या है उस पर चर्चा होनी चाहिए।



**देश को जनसंख्या बढ़ाने के बजाय वर्तमान आबादी को ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए।**

वास्तविक चुनौतियों से इसी तरह मुंह छिपाने की कोशिश होती रही, तो समस्या और जटिल होती जायेगी। संघ प्रमुख का मानना है कि भारत में प्रजनन-दर घट रही है, लिहाजा उन्होंने 3 बच्चे पैदा करने का आह्वान किया। लेकिन प्रजनन 2.1 से नीचे आ गयी है इसके क्या प्रमाण हैं? भारत की मौजूदा आबादी करीब 144 करोड़ है। भारत आबादी के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा देश है और वैश्विक आबादी का 18 फीसद लोग अकेले भारत में रहते हैं। इतनी बड़ी आबादी के बावजूद भारत के संदर्भ में तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने कमोबेश 16 बच्चे पैदा करने की बात कही है। इन राज्यों का डर है कि एक दिन दक्षिण के राज्य हिंदी-भाषी, उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में सियासी तौर पर हल्के हो जायेंगे। क्योंकि राष्ट्रीय संदर्भ में उनकी आबादी, प्रजनन-दर कम हो रही है। भारत में जनसंख्या कम होने की जो चिंता है, वह वास्तविक कम सियासी अधिक है। लेकिन वैश्विक स्तर पर यह समस्या जरूर है। सरसंघचालक की जो चिंता है, वैसी ही चिंता चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति पुतिन, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ-साथ दक्षिण कोरिया और जापान की सरकारों की भी है। अगली सदी के बाद दक्षिण कोरिया का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है क्योंकि आबादी तेजी से घट रही है। इन देशों की चिंता यह भी है कि उनकी आबादी उम्रदराज हो रही है। कामगारों की संख्या कम हो रही है, लिहाजा जीडीपी भी सिकुड़ सकता है। दूसरी तरफ भारत की जनसंख्या विश्व में सर्वाधिक है। फिलहाल करीब 50 फीसदी आबादी की औसत उम्र 25 साल है, करीब 65 फीसदी आबादी की उम्र 35 साल से कम है। 2022 में 60 साल से ऊपर वाली आबादी 10.5 फीसदी थी। यह इस बात का संकेत अवश्य है कि यहां भी वरिष्ठजनों की संख्या बढ़ रही है। यह स्वाभाविक भी है। जैसे-जैसे स्वास्थ्य सेवाओं का विकास होगा, लोगों के रहन-सहन में सुधार होगा तो जीवन प्रत्याशा भी बढ़ती जायेगी और इससे औसत उम्र भी बढ़ेगी, आबादी में उम्रदराज लोगों की संख्या भी बढ़ेगी। यहां आबादी की बहुत चिंता करने की जरूरत नहीं है। अभी भारत को अपने युवाओं को अच्छी शिक्षा, प्रशिक्षण, बच्चों को बेहतर पोषण और शिक्षा के जरिए रोजगार से जोड़ना चाहिए, उत्पादकता बढ़ानी चाहिए। अभी भारत को आबादी बढ़ाने की जरूरत नहीं, अभी तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास बढ़ाने की जरूरत है ताकि लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं सृजित की जा सकें।

---

## विचार

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

# बमों, मिसाइलों से बचने को क्या है हमारा प्लान

**मनोज वार्ष्णेय**

सामयिक



खाड़ी में युद्ध से पूरी दुनिया उस मुकाम पर पहुंच चुकी है, जहां से वह खुद को कम से कम पांच साल पहले का पा रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम जनता से कहा है कि उसे कोरोना जैसी स्थितियों में एकजुटता का प्रदर्शन करना होगा। ऐसी स्थिति में एक बात साफ हो चुकी है कि अभी भी भारत पांच साल पुरानी रणनीतियों से जीतने का सपना देख रहा है। स्थिति यह है कि कोरोना के बाद एआई और चैट जीपीटी ने पूरी दुनिया को बदलकर रखा दिया है। खाड़ी युद्ध में इन दोनों का जमकर उपयोग हो रहा है। भारत के समक्ष अब इस युद्ध के बाद की परिस्थितियों से जुझने की मुसीबत तो है ही साथ ही रक्षा विशेषज्ञ, चिकित्सा विज्ञान तथा समाजशास्त्री इस बात पर चिंतित हैं कि यदि भारत में इजरायल या ईरान जैसी वार इमरजेंसी हुई, तो आम जनता मिसाइलों-बमों आदि से कैसे बच पाएगी?

अमेरिका, ईरान, इजरायल तथा वह देश जो खाड़ी युद्ध में फंसे हुए हैं, अब इस बात की तैयारी कर रहे हैं कि यदि न्यूक्लियर इमरजेंसी हुई, तो वह अपने नागरिकों को कैसे सुरक्षित रख पाएंगे? इसके उल्ट भारत की स्थिति देखिए, यहां के महानगरों के साथ ही प्रदेश की राजधानियों में भी ऐसी व्यवस्था नहीं है कि यदि कोई देश भारत को युद्ध के लिए मजबूर करता है, तो भारतीय कहां जाकर हमले के समय खुद को सुरक्षित महसूस कर सकेंगे? न्यूक्लियर इमरजेंसी तो दूर की बात है। यदि पाकिस्तान और चीन से लगती प्रदेशों की सीमाओं को छोड़ दें तो सामरिक महत्व के शहर, अर्थव्यवस्था को गति देने वाले धार्मिक-पर्यटन के शहरों के साथ ही आसानी से हमले की जद में आने वाले किसी भी शहर में दस प्रतिशत आबादी को बचाने के लिए भी कोई भी व्यवस्था काम नहीं आयेगी। न तो कहीं पर भूमिगत बंकर हैं, न ही हमले के दौरान एकीकृत सायरन व्यवस्था है, न ही अस्पतालों में कोई ऐसी इमरजेंसी यूनिट है, जो आम जनता की जान बचाने के लिए मुफीद कही जा सके। न्यूक्लियर इमरजेंसी तो बहुत बाद की बात है। यह बात कम नहीं है कि परमाणु आपदा के समय काम आने वाली दवा बनाने वाली कंपनी चंड़ीगढ़ में है और उससे खाड़ी देश लगातार संपर्क में हैं तथा दवाओं पर बातचीत कर रहे हैं। सर्वाधिक पूछताछ प्रूशियन ब्लू नामक दवा की है। लेकिन क्या हमारी सरकार भी इस सबके लिए सजग है? लगता तो नहीं है। वार इमरजेंसी? सबसे पहले इसे समझ लें।

> रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी वार इमरजेंसी में नागरिकों की जान बचाने के लिए उनके निवास क्षेत्र में भूमिगत बंकर होने चाहिए। जैसे कि इजरायल, स्विट्जरलैंड, अल्बानिया, अमेरिका, चीन, रूस, सिंगापुर, जापान जैसे देशों में हैं।

वार इमरजेंसी वही है, जब कोई देश हमला कर दे तो देश में वार इमरजेंसी लगायी जाती है। भारत में पाकिस्तान तथा चीन से युद्ध के समय इसे लगाया जा चुका है। इसमें कानूनी व्यवस्थाओं को छोड़ दें तो नागरिकों की जान बचाना सबसे अधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य होता है। रिहायशी इलाकों पर हमला न हो इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियम हैं, लेकिन जब लड़ाई का स्तर ईरान और इजरायल जैसा हो तो स्कूल, अस्पताल या रिहायशी क्षेत्र भी अछूते नहीं रहते। आखिर ऐसा हुआ तो क्या होगा? कहां जाएंगे आम नागरिक और किस तरह से वह युद्ध काल में खुद को बचा पाएंगे, दुश्मन तथा जीवन की दूसरी व्यवस्थाओं से।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी वार इमरजेंसी में नागरिकों की जान बचाने के लिए उनके निवास क्षेत्र में भूमिगत बंकर होने चाहिए। जैसे कि इजरायल, स्विट्जरलैंड, अल्बानिया, अमेरिका, चीन, रूस, सिंगापुर, जापान जैसे देशों में हैं। इनमें कई देशों में तो परमाणु हमले से बचाने वाले बंकर हैं, ऐसा कहा जाता है। स्विट्जरलैंड में दुनिया के सबसे अधिक बंकर हैं। कुछ देशों में यह कहीं-कहीं शहरों की शक्ल में हैं, जहां एक बार में कई हजार व्यक्ति शरण पा सकते हैं। वैसे भूमिगत बंकर, हवाई हमले से बचने के काम आते हैं, तो परमाणु बंकर रेडिएशन के साथ ही उन हमलों से भी बचा सकते हैं, जिन्हें जैविक युद्ध कहा जाता है। कुछ बंकर ऐसे होते हैं जो बहुत जल्दी बन जाते हैं, जिन्हें हेस्को कहा जाता है। लेकिन भारत में इन तीनों श्रेणी के बंकर हमारी जनसंख्या के मुकाबले न के बराबर हैं। भारत में सर्वाधिक बंकर पाकिस्तानी तथा चीनी हमले वाले क्षेत्रों में हैं। राजौरी में करीबन चार हजार बंकर बताए जाते हैं, यहां पर पाकिस्तान जब तब अपनी ताकत को परखता रहता है। जम्मू-कश्मीर के दूसरे क्षेत्रों में भी बंकर हैं, जिन्हें मोदी बंकर कहा जाता है। पर आगरा, जयपुर, दिल्ली, मुंबई, लखनऊ हों या फिर पहाड़ों के वे शहर जो दूसरे देशों की सीमाओं से लगते हैं वहां पर बंकरों की स्थिति यह है कि यहां पर बंकर कहां हैं? यह कोई नहीं जानता। जो थोड़े बहुत हैं वह सिर्फ सेना के लिए हैं। हां, जम्मू-कश्मीर में जरूर कारगिल जैसे युद्ध के बाद आम जनता के लिए बंकर बनाए गए हैं। दूसरे देशों में, खासकर खाड़ी देशों में, जब न्यूक्लियर इमरजेंसी की तैयारी चल रही हैं, वहां की सरकारें इस बात पर उन कंपनियों से बात कर रही हैं, जो परमाणु हमले के दौरान काम आने वाली वे दवाएं बनाती हैं, तब हम अभी भी देश में गैस नहीं है, पेट्रोल नहीं मिला तो सब रूक जाएगा जैसी व्यवस्थाओं में ही उलझे हैं। इन सबसे बड़ी समस्या अफवाहों की है। वह कोरोनाकाल की स्थितियां पैदा कर रही हैं। परेशान करने वाली बात यह है कि इन अफवाहों पर सफाई देने के लिए प्रधानमंत्री को बोलना पड़ता है। वार इमरजेंसी में कैसे नागरिकों की जान बचे, इस पर ना तो विपक्ष सरकार से पूछ रहा है और ना ही अभी तक किसी सामजिक संगठन ने सरकार से मांग की है। खुद सरकार क्या कर रही है इसके लिए वह भी नहीं बता रहीं, बस हर कहीं कोरोना स्टाइल गैस नहीं, रोजगार नहीं, हाय महंगाई का रोना है। जबकि वार इमरजेंसी पर भी काम होना चाहिए। यदि देश में, विशेषकर शहरों में भूमिगत बंकर हैं, तो कहां हैं? जनता को कौन बताएगा? नागरिक सुरक्षा संगठन जैसे संगठन कहां हैं और वह क्या तैयारी कर रहे हैं? क्या देश में सिर्फ मॉक ड्रिल आगजनी, आतंकवादियों से बचने के लिए ही होगी? देश के जो भूमिगत मार्ग हैं क्या वह मिसाइल हमले के दौरान सुरक्षित हो सकते हैं? भूमिगत पार्किंग स्थल कितने सुरक्षित हैं, बहुमंजिली इमारतों के बेसमेंट कितने सुरक्षित हैं? यदि हेस्को बंकर बनाए जाएंगे तो कब और कहां? इसके लिए स्थान चिन्हित हैं या फिर कोरोना की तरह मुसीबत आने पर लॉकडाउन लगाकर उनका निर्माण होगा। हालांकि यह जल्दी होगा, लेकिन परमाणु हमले के दौरान काम आने वाली दवाएं हमारे पास भले ही इमरजेंसी के लिए हों पर हैं तो कितनी मात्रा में? क्या हमले की दशा में देश के पास आम जनता की रोजमर्रा की जरुरतें पूरी करने वाली वस्तुओं का भंडार है, खासकर जो विदेशों से आती हैं?

क्या हमारे पास बल्क में घायल होने पर चिकित्सा की व्यवस्था है, वह भी जब हमारे ट्रोमा सेंटर या सरकारी अस्पताल अपनी सीमाओं से अधिक मरीजों से उबाल खा रहे हों। इमरजेंसी सायरन कितने शहरों में हैं, जो जनसामान्य को चेता सके? वैसे महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जब सायरन बजता है, तो स्थानीय दस प्रतिशत जनता को भी पता नहीं चलता। यह कहा जा सकता है कि इसके लिए कारखानों के सायरन इस्तेमाल किए जा सकते हैं, लेकिन क्या यह आबादी क्षेत्र तक अपनी आवाज पहुंचा पाएंगे? इसके आगे यह, हमले के दौरान निशाने पर विरासती इमारतें, रिफाईनरियां, विद्युत संयंत्र, हवाई अड्डे आदि कैसे बचेंगे, इसकी क्या व्यवस्था है? भले ही परमाणु हमला करना बहुत बड़ी बात है पर आम हमले में हम कैसे बचेंगे, यह हमें कौन बताएगा, सरकार या सोशल मीडिया?

## सोशल मीडिया

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने आगामी पुडुचेरी विधान सभा चुनाव-2026 के लिए अपनी द्वितीय सूची में श्री एम अरुलमुरुगन जी को प्रत्याशी घोषित किया है। केशव प्रसाद मौर्य.



नरेन्द्र मोदी की सरकार ने हमारे मनोबल को गिराने और हमें झुकाने की पूरी कोशिश की। हम जब तक जीवित हैं, तब तक इनके आगे नहीं झुकेंगे। संजय सिंह.



जनसंसद में ट्रॉसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात हुई, उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं, उन्होंने बताया कि उन्हें भेदभाव का सामना एवं उत्पीड़न का करना पड़ता है। राहुल गांधी.



# मन का प्रवाह

अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

# कवि को सजग रहना चाहिए

व्यंग्यलोक

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभू! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खरार्टे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है-मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा-देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।



**पूरन सरमा**

# श्रीराम मंदिर, देश का नया सांस्कृतिक लैंडमार्क



धर्म/अध्यात्म

आज के संदर्भ में अयोध्या का राम जन्मभूमि मंदिर भारत का नया सांस्कृतिक पड़ाव या लैंडमार्क बन गया है। विशेषकर रामनवमी के अवसर पर तो यह देश का सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त मंदिर माना जाता है। अनुमान है कि आगामी 26 मार्च यानी रामनवमी के दिन यहां 8 से 10 लाख तीर्थयात्री पहुंचेंगे। इस साल रामनवमी 25 मार्च 2026 को रात 10 बजकर 50 मिनट से शुरू होगी और 26 मार्च 2026 को रात लगभग 9 बजकर 10 मिनट तक रहेगी। जहां तक इसके शुभ मुहूर्त की बात है तो राम जन्म मुहूर्त लगभग 11 बजकर 10 मिनट से 1 बजकर 40 मिनट के बीच मनाया जायेगा। रामनवमी को भगवान श्रीराम का जन्मदिन माना जाता है। हिंदू मान्यता के इसी दिन त्रेता युग में अयोध्या के राजा दशरथ के यहां भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को हिंदू धर्मावलंबी बहुत पवित्रता और धार्मिक व आध्यात्मिक भाव से मनाते हैं।

इस दिन उत्तर भारत में घर-घर में और राम मंदिरों में रामचरित मानस का पाठ सम्पन्न होता है। लोग राम जन्म की झांकी सजाते हैं। मंदिरों में विशेष पूजा और भजन सम्पन्न होते हैं तथा कई जगहों पर रामनवमी की शोभा यात्राएं निकलती हैं। रामनवमी का पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। 2026 की रामनवमी इसलिए विशेष मानी जा रही है, क्योंकि अयोध्या का राम मंदिर बनने के बाद यह लगातार तीसरी रामनवमी होगी और उम्मीद है कि इस साल पिछले दो सालों से भी ज्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। क्योंकि रामनवमी के दिन अयोध्या में रामलला के सूर्यतिलक का भी विशेष आयोजन किया जाता है, जिसमें सूर्य की किरणें सीधे रामलला के मस्तक पर पड़ती हैं। रामनवमी के दिन अयोध्या के अलावा जिन और जगहों पर विशेष रूप से राम जन्मोत्सव मनाया जाता है, उनमें प्रमुख जगह हैं- महाराष्ट्र में रामटेक स्थित प्राचीन राम मंदिर, तेलगांना में भद्राचलम स्थित दक्षिण भारत का सबसे प्रसिद्ध राम मंदिर और बिहार में सीतामढ़ी स्थित माता सीता की जन्मभूमि में भी राम का जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन सुबह स्नान के बाद घर में राम दरबार की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करते हैं। कलश स्थापना करके उसमें फूल और फल चढ़ाते हैं, रामचरित मानस के बालकांड का पाठ करते हैं। दोपहर के समय राम जन्म आरती का सामूहिक पाठ होता है और प्रसाद के रूप में पंजीरी, फल और पंचामृत वितरित करते हैं। इस दिन यह धार्मिक मान्यता है कि रामनवमी का व्रत रखने से जीवन में धर्म, संयम और न्याय की भावना मजबूत होती है। क्योंकि श्रीराम को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम कहा जाता है। अब भारत के सांस्कृतिक नक्शे में राम जन्मभूमि मंदिर एक विराट लैंडमार्क के रूप में उभरा है। यह केवल पूजा का स्थल नहीं रहा बल्कि भारतीय सभ्यता में रामकथा, रामायण परंपरा और लोक संस्कृति का केंद्र बनता जा रहा है। चूंकि राम भारतीय संस्कृति में न्याय, मयार्दा और आदर्श शासन के प्रतीक माने जाते हैं, इसलिए अब अयोध्या का राम मंदिर केवल धार्मिक स्थान नहीं रहा। यह भारतीय सांस्कृतिक स्मृति का सार्वजनिक केंद्र बन रहा है।

यही कारण है कि राम मंदिर बनने के बाद से अयोध्या में आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या कई हजार प्रतिशत बढ़ गई है। साल 2024-25 में पूरे साल में करीब 54 करोड़ श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे थे। यह आजतक किसी भी धार्मिक और आस्था के केंद्र में पहुंचने वाले सबसे ज्यादा लोग हैं। राम की कथा चूंकि केवल भारत में ही नहीं, नेपाल, थाइलैंड, इंडोनेशिया, कंबोडिया और श्रीलंका में भी धर्म और लोक संस्कृति के रूप में स्थापित है। इस कारण रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में बहुत बड़े पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय तीर्थयात्री भी आते हैं। इस कारण अयोध्या अब अंतर्राष्ट्रीय रामायण पर्यटन सर्किट का केंद्र बनकर उभरा है और जहां से शुरू होने वाले कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरी दुनिया में राम के मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में पूजे जाने की परंपरा है, वहां मनाते हैं। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रूप में दीपोत्सव, रामनवमी उत्सव, राम लीला और नाट्य प्रस्तुतियां तथा भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होती हैं। अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के चलते आज पूरी दुनिया में बसे हिंदुओं के लिए जीवित सांस्कृतिक मंच के रूप में विकसित हो रहा है। इससे राष्ट्रीय पहचान और राजनीति का प्रतीक भी निर्मित हो रहा है। क्योंकि राम मंदिर अकेले धार्मिक या सांस्कृतिक आंदोलनों का जरिया नहीं रहा बल्कि यह राष्ट्रीय पुनर्जागरण के प्रतीक के रूप में उभरा है।

**आरसी शर्मा.**

## आपकी बात

### कार्यप्रणाली सुधारें

पीएम आवास योजना का आकार बढ़ाया गया है। यह उचित है। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### सबको सुलभ हो स्वास्थ्य सेवा

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**




# द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को टी20 शृंखला में हराया

## न्यूजीलैंड को 33 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली

एजेंसी



क्राइस्टचर्च। कॉनर एस्टरहाइजन के 33 गेंदों पर करियर के सर्वश्रेष्ठ 75 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को यहां खेले गए पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली। एस्टरहाइजन का यह लगातार दूसरा अर्धशतक है। उन्होंने पिछले मैच में 57 रन की पारी खेलकर करियर का पहला पचासा जड़ा था। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 187 रन बनाए।

न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। एस्टरहाइजन जब क्रीज पर आए थे, तब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 11वें ओवर में दो विकेट पर 76 रन था। पिछले मैच में तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज को इस मुकाबले में रूबिन हरमन (31 गेंदों में 39 रन) के बाद चौथे क्रम पर भेजा गया। दक्षिण अफ्रीका ने पावर प्ले में एक विकेट पर 43 रन बनाए थे, लेकिन 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 76 रन ही था। टीम ने आखिरी 10 ओवर में 111 रन जोड़े, जिसमें एस्टरहाइजन और डियान फॉरेस्टर (13 गेंदों में नाबाद 21) ने चौथे विकेट के लिए महज 27 गेंदों में 61 रन की साझेदारी की। दाएं हाथ के 24 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के जड़े। उन्हें 49 रन के स्कोर पर जैक फोक्स की गेंद पर बेवोन जैकब ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पारी में 47 डॉट गेंदें खेलीं, लेकिन टीम ने इसकी भरपाई 15 चौकों और 10 छक्कों से की। शानदार गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण के सामने लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम दबाव में आ गई। तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएट्जी ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि ओटनील बार्टमैन ने अच्छी विविधता का इस्तेमाल करते हुए 33 रन देकर दो विकेट चटकाए। स्पिनर प्रेनेलन सुब्रायन ने चार ओवर में महज 22 रन दिए और कप्तान केशव महाराज ने भी बल्लेबाजों को कड़ी परीक्षा में डाला। पावरप्ले के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 46 रन था और 10 ओवर के बाद तीन विकेट पर 65 रन ही था। न्यूजीलैंड की ओर से जैकब्स ने 19 गेंदों पर 36 रन बनाकर सबसे अधिक योगदान दिया। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी का मानना है कि ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिये और उन्होंने यह भी कहा कि जोखिम लेकर खेलने की बजाय उन्हें आगामी आईपीएल में निरंतरता पर फोकस करना चाहिये।

पंत ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करके पिछले सत्र में चौथे नंबर से सलामी बल्लेबाज के तौर पर और फिर निचले क्रम पर भी बल्लेबाजी की। वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये आखिरी मैच में तीसरे नंबर पर 61 गेंद में नाबाद 118 रन की पारी खेल सके। डु प्लेसी ने जियो स्टार के आईपीएल टुडे लाइव कार्यक्रम में कहा, शायद पंत के लिये तीसरे नंबर पर खेलने का मौका हो। उन्होंने कहा, लगता है कि वह तीसरे नंबर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। मैने पिछले सत्र में उन्हें लखनऊ के लिये तीसरे नंबर पर खेलते देखा जब निकोलस पूरन चौथे नंबर पर उतरे थे। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने कहा, लखनऊ टीम की 2026 की नीलामी को देखें तो उनके पास शीर्षक्रम पर पंत के साथ एडेन माकरम, मिचेल मार्श और पूरन जैसे धुरंधर हैं। पंत को अपना प्रभाव और छोड़ना होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स को एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से पहला मैच खेलना है। डु प्लेसी ने कहा, पंत अपार प्रतिभा का धनी है। टेस्ट क्रिकेट में उसे बल्लेबाजी करते देखो तो लगता है कि उसके पास सारे शॉट्स हैं। उसके दिमाग में कई विकल्प चल रहे होते हैं। उसे लगता है कि वह मैदान के किसी भी हिस्से में हर गेंद पर छक्का लगा सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन टी20 बल्लेबाजी में आपको रणनीति बनानी होती है। महान टी20 बल्लेबाजों को देखो जो यह सोचते हैं कि कब चौके छक्के लगाने हैं और कहां उनकी कमजोरी है जिस पर वे काम करते हैं। उन्होंने कहा, पंत को खेलते देखो तो लगता है कि वह किसी भी समय आउट हो सकता है क्योंकि वह इतना जोखिम लेता है। उसे टेस्ट की ही तरह टी20 में भी एक रणनीति लेकर खेलना होगा। हर गेंद पर जोखिम लेने की जरूरत नहीं है।

# भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप के पहले चरण में दो कांस्य जीते



बैंकॉक। भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते, जबकि पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। भारत ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी तीन पदक पक्के किए, लेकिन यह रिकर्व वर्ग के पुरुषों के लिए निराशाजनक अभियान साबित हुआ, जहां चारों तीरंदाजों में से कोई भी पदक की दौड़ में नहीं रहा। यह पिछले सत्र में विष्णु चौधरी और राहुल द्वारा शीर्ष दो स्थान हासिल करने की तुलना में एक करारा झटका था। महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था, लेकिन इस बार फाइनल में पहुंचकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी

**❍ चार फाइनल में पहुंचे**

ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया। अब फाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा। पुरुष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234-232 से हराया। रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरुष टीम मलेशिया को 5-। से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाए बिना जीत दर्ज की। अब उनका सामना कजाखस्तान से होगा। महिला रिकर्व टीम की तिकड़ी रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिद्धि फोर ने मलेशिया को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

दोपहर के सत्र में व्यक्तिगत स्पर्धाओं के मुकाबलों में भारत का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। पुरुष कंपाउंड वर्ग में चौहान, जावकर और कम्बोज ने टीम स्पर्धा की निराशा को पीछे छोड़ते हुए पदक दौर में जगह बनाई और क्लीन स्वीप की उम्मीदों को बरकरार रखा। रोमांचक सेमीफाइनल में जावकर ने चौहान को 149-148 से मामूली अंतर से हराया, जबकि कम्बोज ने स्थानीय दावेदार पीरावत रत्तनापोंगकियात को 147-145 से मात दी। अब स्वर्ण पदक के लिए जावकर और कम्बोज आमने-सामने होंगे, जबकि चौहान कांस्य पदक के मुकाबले में उतरेंगे। महिला रिकर्व वर्ग में रिद्धि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर भारत की उम्मीदों को जीवित रखा।

वह अपने पहले अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत स्वर्ण पदक की दौड़ में बनी हुई हैं। चौबीस वर्षीय रिद्धि ने मलेशिया की शिंग लेई जोई टैन को सीधे सेटों में पराजित किया। हरियाणा की इस तीरंदाज का फाइनल में मुकाबला मंगोलिया की ओयुन-एर्देने बासांदोरज से होगा। इसके विपरीत, पुरुष रिकर्व वर्ग में भारत का अभियान निराशाजनक ढंग से समाप्त हुआ। आठवीं वरीयता प्राप्त सुखचैन सिंह को रूस में जन्मे तटस्थ तीरंदाज किरिल बतुएव ने सीधे सेटों में हराया। बतुएव ने नौ में से दस अंकों वाले छह निशाने लगाते हुए 29-28, 29-28, 28-26 से जीत दर्ज की।

## संक्षेप

### जैकसन समूह ने गांगुली को ब्रांड दूत बनाया

नोएडा। ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समूह जैकसन ग्रुप ने भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अपना पहला ब्रांड दूत बनाया है। गांगुली इस करार के तहत जैकसन समूह के प्रमुख ब्रांड अभियानों और रणनीतिक पहल में कंपनी का प्रतिनिधित्व करेंगे। गांगुली ने इस मौके पर कहा, वितरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, हरित अणु और बुनियादी ढांचे जैसे ऊर्जा, मेट्रो, सिविल और पानी को लेकर जैकसन का विजन सामयिक और प्रभावी है। मैं एक ऐसे ब्रांड के साथ जुड़कर उत्साहित हूं जो भारत के ऊर्जा बदलाव और एक हरित भविष्य में सार्थक योगदान दे रहा है।

### रियान पराग ने तकनीकी स्टार्टअप में दो करोड़ का किया निवेश

मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने देश की सबसे तेजी से बढ़ती, नवीन पहल पर आधारित मेक इन इंडिया उत्पाद और तकनीकी कंपनियों में से एक प्रॉक्सजी में दो करोड़ रूपये निवेश किये हैं। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे भी इस कंपनी में निवेश कर चुके हैं। प्रॉक्सजी ने ग्राहम बेल पुरस्कार, सीईएस इनोवेशन पुरस्कार, यूरोपीय प्रोडक्ट डिजाइन पुरस्कार समेत कई पुरस्कार जीते हैं।

### अत्यधिक गंभीर परिस्थितियों से निपटने के लिये सुरक्षा उपाय : फिडे

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने साइप्रस में कैंडिड्स टूर्नामेंट को लेकर सुरक्षा चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि अत्यधिक गंभीर स्थिति से निपटने के लिये सुरक्षा उपाय और आपात योजनायें तैयार हैं। साइप्रस भौगोलिक रूप से पश्चिम एशिया के करीब है जहां ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की बमबारी के बाद सैन्य टकराव जारी है। इस महीने की शुरूआत में वहां ब्रिटिश एयरबेस पर ड्रोन हमला भी हुआ था। सुरक्षा कारणों से भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट शनिवार से शुरू होगा जिससे महिला और पुरूष विश्व चैम्पियन के चैलेंजर का निर्धारण होगा। फिडे ने यहां जारी बयान में कहा साइप्रस सुरक्षित स्थान है। कोई आपात स्थिति नहीं है और देश सामान्य रूप से चल रहा है। सभी प्रतिभागियों, मीडिया और मेहमानों के लिये सुरक्षित, सुविधाजनक और अच्छा माहौल सुनिश्चित करने के सारे उपाय किये गए हैं।

# डिफेंडर भारती हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय शिविर में

एजेंसी



नयी दिल्ली। नेपाल में जन्मे डिफेंडर अबनीत भारती हांगकांग के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय सीनियर पुरूष टीम के कोच्चि में चल रहे शिविर में जुड़ गए हैं। इससे एक दिन पहले इसी मुकाबले के लिये आस्ट्रेलिया में जन्मे रियान विलियम्स को टीम में शामिल किया गया था।

अब भारत के शिविर में पहली बार दो विदेश में जन्मे खिलाड़ी हैं जिन्हें हाल ही में भारतीय पासपोर्ट मिला है। विलियम्स बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल सके थे क्योंकि फीफा से उन्हें मंजूरी देर से मिली। अब वह हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को भारत के लिये पदार्पण करेंगे। भारत 2027 में सउदी अरब में होने वाले एएफसी एशियाई कप की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। अनुभवी डिफेंडर संदेश झींगन अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर हैं, ऐसे में टीम को अनवर अली के साथ भरोसेमंद सेंटर बैक की जरूरत है जो भारती हो सकते हैं।

भारती अभी फीफा से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। नेपाल में जन्मे भारती ने नाइजीरिया में स्कूली दिनों में गोलकीपर के रूप में शुरूआत की थी।

# दुनिया में कहीं भी जीतने का आत्मविश्वास : हरमनप्रीत

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार को कहा कि पिछले साल घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप जीतने से टीम को दुनिया में कहीं भी और खिताब जीतने के लिए बहुत जरूरी आत्मविश्वास मिला। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था।

हरमनप्रीत को उम्मीद है कि 12 जून से पांच जुलाई तक ब्रिटेन में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भी टीम यह कारनामा दोहराने में सफल रहेगी। द्वारका के ओमेक्स स्टेडियम में उनके सम्मान में बने स्टैंड के नामकरण समारोह के दौरान हरमनप्रीत ने कहा, मेरा मानना है कि किसी भी क्षेत्र में आपको कुछ खास करना होता है। आपको कोई खिताब जीतना होता है, तभी आपको पहचान मिलती है। ऐसा न होने पर मानो लगता है कि सारी मेहनत बेकार चली गई। उन्होंने कहा, हमारी टीम ही नहीं हमसे पहले की सभी महिला क्रिकेटरों ने कड़ी मेहनत की। उन्हें तो अक्सर अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने पड़े थे। इसलिए खिताब जीतना बहुत महत्वपूर्ण था। खिताब हासिल करने के बाद भारतीय प्रशंसकों, मीडिया और बाकी सभी से जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही है, वह हमारे लिए बहुत मायने रखती है। इस साल के टी20 विश्व कप में वनडे विश्व कप का प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद के बारे में हरमनप्रीत ने कहा, हम टी20 विश्व कप जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। वनडे विश्व कप ने हमें जरूरी आत्मविश्वास दिया है और अब हमें विश्वास है कि हम दुनिया में कहीं भी विश्व कप जीत सकते हैं। भारत ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया, जहां उसने कई प्रारूपों की श्रृंखला खेली, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच, इतने ही वनडे मैच और एक गुलाबी गेंद का टेस्ट मैच शामिल था। भारत यह श्रृंखला अंकों के आधार पर 4-12 से हार गया लेकिन हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को काफी कुछ सीखने को मिला।

उन्होंने कहा इस तरह की बहु प्रारूप वाली श्रृंखला होनी चाहिए क्योंकि इससे आपको नयी चुनौतियों का सामना करने को मिलता है। एक सप्ताह के बाद आपको दूसरे प्रारूप में खेलना होता है इसलिए मुझे लगता है कि यह बिल्कुल अलग तरह का अनुभव है। हरमनप्रीत ने कहा, क्रिकेटर के तौर पर हमने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था। पहले हम अधिकतर टी20 या वनडे खेलते थे, लेकिन एक श्रृंखला में तीनों प्रारूप में खेलना थोड़ा चुनौती पूर्ण था। हरमनप्रीत ने इसके साथ ही कहा कि इस स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखे जाने से वह भावुक है।

# सीएएल ब्लू की दूसरी जीत, गोरखपुर को हराकर सेमीफाइनल में

खेल संवाददाता



लखनऊ। सीएएल ब्लू ने प्रथम स्व. राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूनार्मेंट में गोरखपुर को 92 रन से पराजित करते हुए दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी ओर सहारनपुर ने सीएएल रेड को 189 रन से हराया।

**❍ प्रथम स्व. राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूनार्मेंट**

लीग मैचों की समाप्ति के बाद सहारनपुर, कानपुर व इलाहाबाद महिला विंग भी सेमीफाइनल में पहुंच गयी। सेमीफाइनल में सीएएल ब्लू का मुकाबला सहारनपुर से और कानपुर का इलाहाबाद महिला विंग से होगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) से स्वीकृति प्राप्त व क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) द्वारा राधिका फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस टूनार्मेंट के मुकाबले सेज क्रिकेट मैदान, 1090 चौराहा, गोमती नगर पर खेले जा रहे है। आज के मैचों में मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह (एमएलसी व पूर्व मंत्री यूपी सरकार) ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजन सचिव हर्षवर्धन सिंह (प्रदेश महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा) भी मौजूद रहे। सीएएल ब्लू ने प्लेयर आफ द मैच प्रीशा गुप्ता (तीन विकेट) की उपयोगी गेंदबाजी और आयुषी श्रीवास्तव (51) के अर्धशतक से गोरखपुर को 92 रन से पराजित किया। सीएएल ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 6 विकेट पर 167 रन का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज आयुषी श्रीवास्तव ने

**❍ सहारनपुर, कानपुर व इलाहाबाद महिला विंग भी अंतिम चार में**

60 गेंदों पर 5 चौके व एक छक्के से 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। ईशा सिंह ने 38, अंशिका यादव ने नाबाद 22 व आरजू सिंह ने 13 रन का योगदान किया। गोरखपुर से संजना पासवान, अमृता राव, काजल सिंह, छाया यादव व अंशिका चौहान को एक-एक विकेट की सफलता मिली। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए गोरखपुर की टीम 22.1 ओवर में 75 रन ही बना सकी। गीतांजलि सिंह (15) व संजना पासवान (12) के अलावा अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े से दूर रह गयी। सीएएल ब्लू से प्रीशा गुप्ता ने तीन विकेट चटकाए जबकि आरिशा मुस्तफा, अंशू तिवारी व चांदनी शर्मा ने एक-एक विकेट साझा किए।

## खेलो इंडिया जनजातीय खेलों में कर्नाटक का दबदबा कायम

रायपुर। कर्नाटक ने तैराकी में अपना दबदबा दिखाते हुए बुधवार से यहां शुरू हुए पहले खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (केआईटीजी) के शुरुआती दिन छह में से पांच स्वर्ण पदक जीते, जिसमें पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में धोनीश एन ने शानदार प्रदर्शन किया। धोनीश ने 2:03.55 सेकंड का समय निकाला, जो दूसरे स्थान पर रहे उनके ही राज्य के कीर्तन शरत (2:10.99 सेकंड) से लगभग सात सेकंड बेहतर था। महाराष्ट्र के भक्तिश कुमरे (2:14.73 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। पहले दिन के मुकाबलों के बाद कर्नाटक सात पदकों (पांच स्वर्ण सहित) के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा, जबकि ओडिशा चार पदकों (एक स्वर्ण सहित) के साथ दूसरे स्थान पर है। मेजबान छत्तीसगढ़ दो पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। ओडिशा की अंजलि मुंडा ने भी महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2:39.02 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह मुकाबला बेहद करीबी रहा, जिसमें कर्नाटक की निधि एस (2:39.09 सेकंड) ने रजत पदक हासिल किया, जबकि ओडिशा की श्रिया पडियामी (2:49.04 सेकंड) तीसरे स्थान पर रहीं। कर्नाटक ने लगभग हर स्पर्धा में वर्चस्व बनाए रखा।

## शाकिब को लंबे समय तक टीम में रखना चाहते हैं बांग्लादेश की नयी चयन समिति के प्रमुख

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हबीबुल बशर ने कहा है कि वह चाहते हैं कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन वापस वतन लौटकर कम से कम दो और वर्ष तक देश की तरफ से खेलें, जिसमें 2027 का वनडे विश्व कप भी शामिल है। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी के सदस्य रहे 38 वर्षीय शाकिब अपनी सरकार के पतन के बाद अमेरिका चले गए थे और अंतरिम सरकार ने उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने से रोक दिया था।

# आईपीएल का सबसे बड़ा सीजन, खेले जायेंगे 84 मुकाबले

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। यह आईपीएल का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में

**❍ हर टीम 16 मुकाबले खेलेगी, 28 मार्च को शुरुआत**

खेला जाएगा। अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें आईपीएल मैच होस्ट करने वाले राज्य बंगाल, तमिलनाडु और असम भी शामिल हैं।

इसी वजह से 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया। लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं। अभी पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है, लेकिन बीसीसीआई ने इतनी जानकारी दे दी है




कि फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस हिसाब से 26 मई को पहला क्वालिफायर, 27 मई को एलिमिनेटर और 29 मई को दूसरा क्वालिफायर खेला जा सकता है। आईपीएल 2026 के मुकाबले इस बार भारत के 13 अलग-अलग शहरों में खेले जाएंगे। 10 टीमों में 7 ने 1-1 होमग्रउंड चुना, वहीं बेंगलुरु, पंजाब और राजस्थान के पास 2-2 होमग्राउंड हैं। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में 13 साल बाद कोई कढछ मैच खेला जाएगा।

आरसीबी ने इसे अपना सेकेंड होम वेन्यू बनाया है। रायपुर स्टेडियम में आखिरी बार 2013 में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच हुआ था। मैच वाले दिन प्रैक्टिस नहीं: किसी भी टीम को मैच के दिन नेट प्रैक्टिस करने की परमिशन नहीं होगी। कोई टीम दूसरी टीम के नेट्स का इस्तेमाल नहीं कर सकती। अगर एक टीम जल्दी प्रैक्टिस खत्म कर दे, तो भी दूसरी टीम उस पिच पर नहीं खेल पाएगी। यात्रा और सुरक्षा नियमः खिलाड़ियों को टीम बस से ही सफर करना होगा। परिवार के सदस्यों को केवल हॉस्पिटैलिटी जोन में ही रहने की परमिशन होगी। खिलाड़ी और टीम अनुशासनः सभी स्टाफ मेंबर्स को हर समय अपना आईडी कार्ड साथ रखना होगा।

# ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना चाहता है इजराइल



क्वींसलैंड। पश्चिम एशिया युद्ध में इजराइल का घोषित लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है। फिर भी, इजराइल का इस मामले में दोहरा मापदंड दीर्घकाल में टिकाऊ नहीं है। परमाणु हथियारों के मामले में दुनिया में यह कोई छिपा हुआ रहस्य नहीं है कि इजराइल के पास परमाणु हथियारों का एक भंडार है। इसने 1950 के दशक में इनका विकास शुरू किया और 1960 के दशक के अंत तक पूरी तरह से परिचालन क्षमता हासिल कर ली।

इजराइल इस तथ्य की पुष्टि या खंडन करने से इनकार करता है, लेकिन हथियार नियंत्रण संगठनों ने आकलन किया है कि देश के पास लगभग 80-90 परमाणु हथियार हैं। हाल के दिनों में, ईरान ने दक्षिणी शहर डिमोना में इजराइल के परमाणु प्रतिष्ठान के नजदीक हमला किया, जिससे 100 से अधिक लोग घायल हो गए। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख ने परमाणु दुर्घटना से बचने के लिए संयम बरतने का आह्वान किया। जराइल के शस्त्रागार के अस्तित्व को प्रमाणित करने वाले कई प्रमाण मौजूद हैं। 1963 में, तत्कालीन उप रक्षा मंत्री शिमोन पेरेस ने कहा था कि इजराइल पश्चिम एशिया में परमाणु हथियार पेश करने वाला पहला देश नहीं होगा। इसका असल मतलब कुछ साल बाद अमेरिका में इजराइली राजदूत ने स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि कोई हथियार होने के बारे में घोषित करने के लिए उसका परीक्षण और सार्वजनिक घोषणा आवश्यक है। कई व्हिस्लब्लोअर के बयानों, खुफिया रिपोर्ट और उपग्रह छवियों से इजराइल के परमाणु कार्यक्रम की व्यापकता और उसकी क्षमताओं की पुष्टि होती है। हाल ही में, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में धुर दक्षिणपंथी मंत्री अमीचाई एलियाहू ने गाजा में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का संकेत दिया, जो इजराइल की क्षमताओं की एक तरह से मौन स्वीकृति थी। बाद में नेतन्याहू ने उन्हें फटकार लगाई। इसके अलावा, 2024 में भी इजराइल के पूर्व रक्षा और विदेश मंत्री एविग्डोर लिबरमैन ने ईरान के परमाणु हथियार को रोकने के लिए देश के पास उपलब्ध सभी साधनों का उपयोग करने की धमकी दी थी। यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि इजराइल ने न केवल गुप्त रूप से अपने परमाणु हथियार विकसित किए, बल्कि उसने अपने प्रतिष्ठानों के अंतरराष्ट्रीय निरीक्षणों को भी अस्वीकार कर दिया है और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) में शामिल होने से भी मना कर दिया है। इस संधि पर दुनिया के लगभग हर देश ने हस्ताक्षर किए हैं। दूसरी ओर, ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं रहा है, हालांकि उसका कार्यक्रम एक दशक से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय रहा है। ईरान ने 2015 में अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी के साथ संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जिसे ईरान परमाणु समझौता भी कहा जाता है) पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत प्रतिबंधों में राहत के बदले ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगाए गए। इसमें आईएईए पर्यवेक्षकों द्वारा निरीक्षण भी शामिल थे।

# आईआरसीटीसी पोर्टल से फर्जी तीन करोड़ खाते हटाये गयेः वैष्णव



नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि रेलवे टिकट बुक करने में बिचौलियों और दलालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए आईआरसीटीसी के पोर्टल से तीन करोड़ से अधिक फर्जी खातों को हटा दिया गया है।

उन्होंने लोकसभा में प्रश्नकाल में यह भी कहा कि आज देश में संचालित रेलगाड़ियों में 70 प्रतिशत डिब्बे सामान्य और शयनयान श्रेणी के हैं तथा 78 प्रतिशत सीट गैर-वातानुकूलित डिब्बों में हैं। वैष्णव ने निर्दलीय सदस्य राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने ट्रेनों में आम लोगों और गरीबों के लिए अपेक्षाकृत कम डिब्बे होने जैसी सदस्य की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, यह भ्रांति फैलाने का प्रयास है। 70 प्रतिशत डिब्बे आज भी सामान्य और शयनयान श्रेणी के हैं। ट्रेनों में करीब 78 प्रतिशत सीट सामान्य और शयनयान यानी गैर-वातानुकूलित श्रेणी में हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के समय बहुत कम विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाती थीं, लेकिन राजग सरकार ने 2023-24 में 40,500 विशेष ट्रेन चलाई गईं, पिछले वित्त वर्ष में 85,400 विशेष ट्रेनें चलाई गईं और चालू वित्त वर्ष में अब तक 75 हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा चुकी हैं। वैष्णव ने कहा कि इसका परिणाम दिखाई दिया कि गत वर्ष दिवाली और छठ पर, नववर्ष के मौके पर और हाल में होली के मौसम में परिस्थितियां पहले से बेहतर थीं।

उन्होंने कहा कि टिकट बुक करने वाले बिचौलियों और दलालों पर कड़ी कार्रवाई हुई है तथा करीब तीन करोड़ फर्जी आईआरसीटीसी खाते हटा दिए गए हैं। रेल मंत्री ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप वास्तविक यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने लगा है और अब सांसदों के पास भी टिकट कंफर्म कराने के लिए अनुरोध पहले से कम आते हैं। वैष्णव ने कहा कि आज रेलवे में सुरक्षा पर ध्यान देने के कारण दुर्घटनाएं 90 प्रतिशत कम हो चुकी हैं और सरकार इस स्तर से भी आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है।

## संक्षेप

### बस पलटने से दो लोगों की मौत

नयी दिल्ली। जयपुर से आ रही एक तेज रफ्तार स्लीपर बस मंगलवार देर रात यहां करोल बाग के झंडेवालान इलाके में हनुमान मंदिर के पास एक मोड़ पर मुड़ने के दौरान पलट गई जिससे दो यात्रियों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रात करीब एक बजे करोल बाग थाने को घटना की सूचना मिली जिसमें बताया गया कि दुर्घटना के बाद कई यात्री एक बस के अंदर फंसे हुए हैं। मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रोहित राजबीर ने एक बयान में बताया कि जयपुर से दिल्ली आ रही बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। दुर्घटनास्थल के पास एक चौकी पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस तेज गति से चल रही थी और मंदिर के पास एक गोलचक्कर पर मोड़ लेते समय नियंत्रण खो देने के बाद पलट गई। अधिकारी ने बताया कि उनकी टीम यातायात व्यवस्था संभाल रही थी, तभी उन्हें गोलचक्कर के पास एक तेज आवाज सुनाई दी। हम तुरंत मौके पर पहुंचे, लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे, कई लोग गाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश में शीशे तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। गाड़ी मोरी गेट की ओर जा रही थी। दिल्ली अग्निशमन सेवा को भी इस घटना के संबंध में देर रात 1.10 बजे सूचना मिली।

# भारतीय दूत ने गोलमेज बैठक के दौरान भारत की विकास क्षमता पर डाला प्रकाश

बीजिंग। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने सभी साझेदार देशों को सतत विकास के लाभ पहुंचाने की भारत की अत्यधिक क्षमता पर प्रकाश डाला है।

शंघाई के महावाणिज्य दूतावास की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, बुधवार को शंघाई में एचएसबीसी द्वारा भारत की विकास गाथा पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में भाग लेते हुए, माथुर ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत विकास गति और विदेशी निवेश के बढ़ते अवसरों पर जोर दिया। प्रतिभागियों ने एआई शिखर सम्मेलन और भारत-ईयू एफटीए जैसी हालिया पहल पर भी प्रकाश डाला, और बताया कि ये किस प्रकार भारत में वैश्विक निवेशकों की रुचि को और बढ़ा रही हैं तथा क्षेत्रीय सहयोग एवं रोजगार सृजन के नए रास्ते खोल रही हैं। इसमें कहा गया है कि माथुर ने एंट ग्रुप, फोसुन इंटरनेशनल, टिगरमेड कंसल्टिंग और यूनिट्री रोबोटिक्स सहित प्रमुख चीनी कंपनियों के साथ-साथ वैश्विक मीडिया ब्रांड के साथ भी संवाद किया।

# तृणमूल ने मुस्लिम वोट तो हासिल कर लिए लेकिन समुदाय के लिए कुछ नहीं कियाः ओवैसी

कोलकाता। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने मुस्लिम वोट तो हासिल कर लिए लेकिन समुदाय के लिए कुछ नहीं किया। ओवैसी ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीति ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उभरने में मदद की।

ओवैसी ने कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं और उनकी पार्टी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ हाथ मिलाया है ताकि जनता को वह विकल्प प्रदान किया जा सके जिसकी उन्हें तलाश है। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा, लगभग पांच लाख ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। इनमें से कई मुस्लिम परिवारों से थे। क्या यह कोई मुद्दा नहीं है? उन्होंने कहा, यहां की आबादी में मुसलमानों की संख्या लगभग 30 प्रतिशत है। सरकारी नौकरियों में उनका प्रतिनिधित्व कितना है? केवल सात प्रतिशत। कितने मुस्लिम बच्चे स्कूल से बाहर हैं? कितने मुस्लिम लड़के-लड़कियां स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं? ओवैसी ने आरोप लगाया कि ये प्रयास दिखावा ही रहे और राज्य में समुदाय के लिए वास्तविक विकास में तब्दील नहीं हुए। ईद के दिन नमाज अदा करने से क्या मेरा पेट भरता है? क्या इससे मेरे घर में रोशनी होती है? क्या इससे मेरे बच्चों का भविष्य सुरक्षित होता है? हैदराबाद से सांसद ने दावा किया कि बनर्जी की राजनीति ने अप्रत्यक्ष रूप से राज्य में भाजपा को अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद की है।

# सभी हाई स्कूल में दो-तीन वर्ष में ब्राडबैंड इंटरनेट कनेक्शन होगा : शिक्षा मंत्री प्रधान



नयी दिल्ली। राज्यसभा में बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत के सभी हाई स्कूल में अगले 2-3 वर्ष के भीतर ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध होगा।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए प्रधान ने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी प्रकार की शिक्षा को कृत्रिम मेधा (एआई) के साथ जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें शिक्षकों को एआई ज्ञान प्रदान करने के लिए क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। प्रधान ने कहा कि देश में इस समय लगभग 60 प्रतिशत हाई स्कूल ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, अगले 2-3 साल में देश के सभी हाई स्कूल ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन से जुड़ जाएंगे। एआई पर मंत्री ने कहा कि देश इस तकनीक में सबसे आगे है। प्रधान ने कहा, एआई एक ऐसा विषय है जो विभिन्न क्षेत्रों में प्रयुक्त है। आज, जब हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए पाठ्यक्रम को लागू कर रहे हैं..., एआई का प्राथमिक ज्ञान कक्षा तीन से होगा। उन्होंने कहा कि लगभग सभी मातृभाषाएं एआई से जुड़ी हुई हैं। मंत्री ने अपने लिखित उत्तर में कहा कि शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकतर स्कूल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के दायरे में आते हैं। प्रधान ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व और स्कूली पाठ्यक्रम में इसकी भूमिका पर जोर दिया गया है। आवश्यक विषयों, कौशल और क्षमता आदि के पाठ्यचर्या एकीकरण के तहत, नीति में उल्लेख किया गया है कि सभी स्तरों पर छात्रों में इन विभिन्न महत्वपूर्ण कौशल को विकसित करने के लिए प्रासंगिक चरणों में एआई, डिजाइन थिंकिंग आदि जैसे समसामयिक विषयों की शुरूआत सहित ठोस पाठ्यचर्या और शैक्षणिक पहल की जाएगी। प्रधान ने कहा, इस पहल का उद्देश्य शिक्षण और सीखने की प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी को एकीकृत कर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। मंत्री ने बताया कि ग्यारहवीं कक्षा के कंप्यूटर विज्ञान और ग्यारहवीं कक्षा की सूचना विज्ञान प्रथाओं की मौजूदा एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकें एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में बात करती हैं।

# ईरानी सेना ने वार्ता को लेकर ट्रंप के दावे का उड़ाया मजाक

दुबई। ईरान की सेना के एक प्रवक्ता ने युद्धविराम समझौते से जुड़े अमेरिकी प्रयासों का बुधवार को मजाक उड़ाया जिससे यह सवाल उठने लगे कि क्या अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 15 सूत्रीय योजना के सफल होने की कोई संभावना है।

ईरान की नियमित सेना और अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड की संयुक्त रूप से कमान संभालने वाले खातम अल-अन्बिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फाघारी ने 15-सूत्रीय योजना को मध्यस्थों के जरिये ईरान को सौंपे जाने के बाद यह टिप्पणी की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी अधिकारी इस योजना पर ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं लेकिन सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में जुल्फाघारी ने इस बात का संकेत दिया कि कोई बातचीत नहीं हो रही। जुल्फाघारी के पहले से रिकॉर्ड वीडियो के जरिए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि क्या आपके आंतरिक मतभेद इस हद तक पहुंच गए हैं कि आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं? जुल्फाघारी ने कहा, पहले दिन से ही हमारी पहली और आखिरी बात यही रही है और यही रहेगी : हम जैसे लोग आप जैसे लोगों के साथ कभी समझौता नहीं करेंगे। न अभी, न कभी। एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि 15 सूत्रीय युद्धविराम योजना पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिये ईरान को सौंपी गई। पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में मध्यस्थता की पेशकश की है। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया जब अमेरिका की सेना 82वीं एयरबोर्न डिवीजन से कम से कम 1,000 और सैनिकों को तैनात करने की तैयारी कर रही है ताकि क्षेत्र में पहले से मौजूद करीब 50,000 सैनिकों को और बल मिल सके। सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह खबर दी थी कि योजना ईरानी अधिकारियों को सौंप दी गई है।

# रूस ने 400 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराये मॉस्को और कीव ने हवाई हमले किये

मॉस्को। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि उसकी हवाई सुरक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 389 ड्रोन मार गिराए। यह हमला रात के दौरान रूस के अलग-अलग इलाकों व क्रीमिया पर किया गया।

बताया जा रहा है कि यह हमला चार साल पहले यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था। ड्रोन को रूस के 13 क्षेत्रों के साथ-साथ क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर भी रोका गया, जिसे रूस ने 2014 में यूक्रेन से अवैध रूप से अपने कब्जे में ले लिया था। इस हमले ने यूक्रेन के स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित लंबी दूरी के ड्रोनों की बढ़ती क्षमता को रेखांकित किया। यह घटना एक दिन बाद हुई, जब रूस ने 24 घंटे के भीतर यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर लगभग 1,000 ड्रोन और 34 मिसाइलें दागी थीं। रूस ने आमतौर पर रात में होने वाले हमलों को बढ़ाकर दिन के समय तक जारी रखा, जो इस युद्ध के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक था।

कम से कम छह लोग मारे गए और लगभग 50 लोग घायल हुए।

## इंटरटेनमेंट...

# 'अवतार 3' ओटीटी पर 31 को रिलीज होगी



**मुंबई।** जेम्स कैमरून की साइंस फिक्शन फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' यानी अवतार 3 सिनेमाघरों में तीन महीने पूरे करने के बाद अब ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। बीते साल 19 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनियाभर में ?13,070 करोड़ का रिकॉर्ड कलेक्शन किया था।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 'अवतार 3' का प्रीमियर 31 मार्च 2026 से विदेशी दर्शकों के लिए 'डिजनी+' पर होगा। हालांकि, विदेशी दर्शकों को शुरूआत के एक महीने इसे देखने के लिए रेंट (किराया) देना होगा। भारत की बात करें तो यहां यह फिल्म 'जियो हॉटस्टार' पर स्ट्रीम की जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि अप्रैल के पहले हफ्ते से जून 2026 के बीच भारतीय फैंस इसे अपने मोबाइल या टीवी पर घर बैठे देख पाएंगे। अवतार 3' का कुल बजट करीब 400 मिलियन डॉलर (?3,400 करोड़) था। बॉक्स ऑफिस पर इसने 1.49 बिलियन की कमाई की। भारत में भी फिल्म का क्रेज दिखा और इसने 235 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। फिल्म की बेहतरीन मेकिंग के लिए इसे 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ओस्कर 2026) में 'बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स' का अवॉर्ड भी मिला है। जेम्स कैमरून की यह फ्रेंचाइज दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली सीरीज है। जेम्स कैमरून ने पेंडोरा की इस दुनिया को और आगे ले जाने की तैयारी कर ली है।

> ❍ भारत में अप्रैल में रिलीज होने की उम्मीद
> 13,070 करोड़ की कमाई कर चुकी फिल्म

# फिल्म सरकार 4 नहीं बनायेंगे राम गोपाल वर्मा

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा अगले महीने यानी अप्रैल से अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन के साथ फिल्म सरकार 4 की शूटिंग शुरू करने वाले थे, लेकिन अब उन्होंने यह प्लान कैंसिल कर दिया है। यह फैसला उन्होंने हाल ही में फिल्म धुरंधर और उसके सीक्वल के इंपैक्ट के बाद लिया। बॉलीवुड हंगामा के साथ बातचीत में राम गोपाल वर्मा ने कहा कि धुरंधर और उसके सीक्वल के बाद उन्हें नहीं लगता कि सरकार या कोई अन्य गैंगस्टर फिल्म चलेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पिछली गैंगस्टर फिल्में हॉलीवुड फिल्म द गॉडफादर से प्रेरित थीं, जैसे सत्या, कंपनी और सरकार। वर्मा ने माना कि कुछ फिल्में उन्होंने बिना खास मकसद के भी बनाई थीं। उन्होंने कहा कि उस समय वह लगातार फिल्में बनाना चाहते थे और उन्हें लगता था कि सेट पर जाकर फिल्म अपने आप बन जाएगी। वर्मा ने कहा कि धुरंधर और उसके सीक्वल ने उनकी सोच को बदला है। उनके अनुसार, आदित्य धर ने यह फिल्म सिर्फ कहानी कहने के लिए बनाई, न कि कोई बात साबित करने के लिए। उन्होंने कहा कि वह अपने करियर को नए सिरे से शुरू करना चाहते हैं और आदित्य धर के काम से प्रभावित हैं।

# कांतारा विवाद में रणवीर सिंह मांगेंगे बिना शर्त माफी

मुंबई। फिल्म 'कांतारा' के दैवा सीन की मिमिक्री करने के मामले में रणवीर 10 अप्रैल को कर्नाटक हाईकोर्ट में बिना शर्त माफी का हलफनामा दाखिल करेंगे। एक्टर की ओर से यह कदम कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में दर्ज ऋकफ के बाद उठाया गया है। अदालत में सुनवाई के दौरान रणवीर सिंह के वकील ने स्वेच्छा से एक प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि एक्टर खुद मैसूर के चामुंडी मंदिर जाकर व्यक्तिगत रूप से माफी मांगने के लिए तैयार हैं। इससे पहले फरवरी में हाईकोर्ट ने रणवीर को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई न करने का निर्देश दिया था। विवाद पिछले साल नवंबर में गोवा में हुए फिल्म फेस्टिवल के दौरान शुरू हुआ था। जहां रणवीर ने ऋषभ शेट्टी के आइकॉनिक दैवा सीन की नकल की थी। यह इसके बाद कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। हालांकि, शिकायतकर्ता और एडवोकेट प्रशांत मेथल ने रणवीर की माफी को 'दिखावा' बताया है। उन्होंने दलील दी कि एक्टर ने अब तक केवल इंस्टाग्राम पर पोस्ट लिखकर माफी मांगी थी।

> ❍ स्टेज पर दैवा सीन की मिमिक्री की थी
> कर्नाटक हाईकोर्ट में देंगे हलफनामा

# बालाजी टेलीफिल्म्स, एलिप्सिस एंटरटेनमेंट व सुधीर चौधरी बनायेंगे फिल्म



**मुंबई।** बालाजी टेलीफिल्म्स, एलिप्सिस एंटरटेनमेंट और पत्रकार सुधीर चौधरी की कंपनी एस्प्रिट प्रोडक्शंस मिलकर 'द टेरर रिपोर्ट' फिल्म बना रहे हैं। यह एक पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म में भारत में हुए आतंकी हमलों और उनके जवाब में देश की सख्त कार्रवाई को दिखाया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन विष्णु वर्धन करेंगे। वह कारगिल युद्ध पर बनी शेरशाह फिल्म को भी डायरेक्ट कर चुके हैं।

यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इसमें भारत पर हुए आतंकी हमलों और उनके जवाब में देश की सख्त कार्रवाई को दिखाया जाएगा। फिल्म में जांच एजेंसियों की जांच, खुफिया ऑपरेशन और आम लोगों से जुड़ी भावनात्मक कहानियां भी देखने को मिलेंगी। इस फिल्म को एकता कपूर, शोभा कपूर, तनुज गर्ग, अतुल कासबेकर और सुधीर चौधरी प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म के प्रोडक्शन में पत्रकार सुधीर चौधरी की कंपनी एस्प्रिट प्रोडक्शंस भी शामिल है। 'द टेरर रिपोर्ट' को 2024 में आई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का सीक्वल माना जा रहा है। यह फिल्म सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लंबी लड़ाई को बड़े पर्दे पर दिखाएगी।

> ❍ 'द टेरर रिपोर्ट' पॉलिटिकल थ्रिलर होगी, भारत में
> हुए आतंकी हमले और देश का रिएक्शन दिखेगा




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com